3 **बस्तर संभाग**
पिछले दो दिनों से नक्सलियों ने दर्जनों जगह खोदी सड़क ...

6 **अभिमत**
समानता आधारित हो कोविड का उपचार

9 **छत्तीसगढ़**
दीपावली मिलन समारोह में जिले के पत्रकार पहुंचे मांझीनगढ़

11 **छत्तीसगढ़**
विशेष सचिव मनोज कुमार सोनी ने धान खरीदी की...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 24 नवम्बर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 94 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### तीन बार असम के सीएम रहे गोगोई का 84 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई का सोमवार को निधन हो गया। वे 84 साल के थे। उन्हें अगस्त में कोरोना हुआ था। वे एक बार ठीक हो चुके थे, लेकिन पोस्ट कोविड कॉम्प्लिकेशंस से जूझ रहे थे। गुवाहाटी के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में उन्होंने शाम 5 बजकर 34 मिनट पर आखिरी सांस ली। वे तीन बार असम के मुख्यमंत्री रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया है। गोगोई का रविवार को 6 घंटे तक डायलिसिस किया गया था, लेकिन शरीर में फिर से टॉक्सिन जमा हो गए। इसके बाद उनका शरीर इस स्थिति में नहीं था कि दोबारा डायलिसिस किया जा सके।

### मेदवेदेव ने एटीपी फाइनल्स में जीता साल का आखिरी खिताब

**लंदन।** विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी रुस के डेनिल मेदवेदेव ने तीसरे नंबर के खिलाड़ी और यूएस ओपन चैंपियन ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम को कड़े संघर्ष में रविवार को 4-6, 7-6(2), 6-4 से हराकर साल के आखिरी टेनिस टूर्नामेंट एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। मेदवेदेव ने दो घंटे 43 मिनट तक चले इस खिताबी मुकाबले में थिएम को हराकर पहली बार यह खिताब जीता। एटीपी फाइनल्स के इतिहास में यह सबसे लम्बा चला फाइनल था। मेदवेदेव इसके साथ ही सत्र के आखिरी टूर्नामेंट में विश्व के शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

### रुपया पांच पैसे मजबूत

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर पड़ने और घरेलू शेयर बाजार में रही तेजी सोमवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे की छलांग लगाकर 74.11 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले दिवस रुपया 74.16 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। घरेलू शेयर बाजार की तेजी से समर्थन पाकर रुपया आज चार पैसे की बढ़त के साथ 74.12 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान रुपया 74.22 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के निचले और 74.04 रुपये प्रति डॉलर के दिवस के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह गत दिवस की तुलना में पांच पैसे की बढ़त में 74.11 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

# अब कांग्रेस नेतृत्व पर बिफरे संजय निरुपम

वार्ता < मुंबई
www.dailypioneer.com

बिहार विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस के नेतृत्व पर कपिल सिब्बल और गुलाम नबी आजाद के बाद सोमवार को संजय निरुपम ने हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तमिलनाडु और बंगाल में चुनाव लड़ रही है और पार्टी के वरिष्ठ नेता सार्वजनिक रुप से आपस में लड़ रहे हैं।

बिहार विधानसभा की 243 सीटों पर हाल में संपन्न चुनाव में कांग्रेस ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव अगुवाई वाले महागठबंधन से चुनाव लड़ा था। कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ी और केवल 19 ही जीत पाई। इसके बाद पहले राजद के शिवानंद तिवारी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के प्रचार के दौरान सक्रियता पर सवाल खड़े किये थे। इसके बाद सिब्बल और आजाद तथा अब निरुपम बिफरे हैं। मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री निरुपम ने आज कई सिलसिलेवार ट्वीट किये। उन्होंने कहा



कि बीजेपी तमिलनाडु और बंगाल में चुनाव लड़ रही है,हमारे वरिष्ठ नेता आपस में लड़ रहे हैं,वह भी सार्वजनिक रुप से। ये वही नेता हैं जो वर्षों से एआईसीसी पर कब्जा जमाए बैठे हैं। जब अच्छा हुआ तो भोगे,अब बुरा हुआ तो कोस रहे हैं। बड़े नेताओं की नेतृत्व में घटती आस्था पार्टी को कमजोर करेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बेहतरी के लिए सठनात्मक चुनाव रामबाण उपाय नहीं है। सचमुच ब्लॉक और जिला के स्तर पर संगठन का स्ट्रक्चर बिखर गया है। उसे चुनाव के बिना भी ठीक किया जा सकता है। पार्टी के प्रति लोगों में बढ़ती बेरुख़ी सबसे ज़्यादा चिंताजनक है। उसे कैसे बदला जाए, इस पर जोर देना पड़ेगा। जब तक पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कमर कस कर तैयार नहीं होता, नीचे के स्तर पर ऊर्जाहीनता और दुविधा बनी रहेगी। उपाय एक ही है, राहुल गांधी तत्काल अध्यक्ष बनें और संगठन में आमूल-चूल परिवर्तन करें।मेहनती और ऊर्जावान नेताओं और कार्यकर्ताओं को आगे लाएँ। चमत्कार जरूर होगा।

श्री निरुपम ने कहा कि हमारे नरेटिव का रिकॉर्ड घिस गया है। नए नजरिए की आवश्यकता है। कांग्रेस ने सदा नए आइडियाज़ और सामयिक दृष्टिकोण देश के समक्ष रखा है। इसी से देश का भला हुआ है और पार्टी को नई जिंदगी मिली है। देश कॉंग्रेस का नया अवतार चाह रहा है।हम पुराना ढर्रा छोड़ नहीं रहे हैं। बदलाव नैसर्गिक सच है।

# समस्या टालने से नहीं समाधान खोजने से समाप्त होती है : मोदी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि समस्याएं उन्हें टालने से नहीं बल्कि उनका समाधान खोजने से समाप्त होती हैं और उनकी सरकार ने देश में वर्षों से लंबित परियोजनाओं को इसी सिद्धांत पर चलते हुए पूरा किया है। श्री मोदी ने सोमवार को राजधानी के लुटियन जोन में विशंभर दत्त मार्ग पर सांसदों के लिए नए बहुमजिला आवासों का लोकार्पण करते हुए कहा कि दशकों से चली आ रही समस्याएं, टालने से नहीं, उनका समाधान खोजने से समाप्त होती हैं। सिर्फ सांसदों के निवास ही नहीं, बल्कि यहां दिल्ली में ऐसे अनेकों प्रोजेक्ट्स थे, जो कई-कई बरसों से अधूरे थे। इस परिसर में आठ पुराने बंगलों को तोड़कर सांसदों के लिए 76 नए बहुमजिला आवास बनाए गए हैं। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने



दृढ़ दृष्टिकोण के साथ कई परियोजनाओं का निर्माण समय से पहले पूरा किया है। उन्होंने कहां की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के कार्यकाल में जिस अंबेडकर नेशनल मेमोरियल की चर्चा शुरू हुई थी, उसका निर्माण 23 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद इसी सरकार में हुआ। इसी तरह केंद्रीय सूचना आयोग और देश के वीर शहीदों की स्मृति में इंडिया गेट के पास राष्ट्रीय युद्ध स्मारक भी इसी सरकार ने बनवाया।

उन्होंने कहा कि हमारे देश में हजारों पुलिसकर्मियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपना जीवन दिया है। उनकी याद में भी नेशनल पुलिस मेमोरियल का निर्माण इसी सरकार में हुआ। श्री मोदी ने कोरोना महामारी के प्रकोप के बावजूद मानसून सत्र में दोनों सदनों में महत्वपूर्ण और अच्छे कामकाज के लिए पक्ष और विपक्ष के नेताओं तथा सभी दलों की संसद के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। विशेष रुप से लोकसभा अध्यक्ष के कामकाज की शैली की सराहना करते हुए उन्होंने कहा की उन्हें विश्वास है की इन आवासों के निर्माण में किसी तरह की कमी नहीं रखी गई होगी। उन्होंने कहा कि संसद के कामकाज में सभी सांसदों ने काम और प्रक्रिया दोनों का ही ध्यान रखा है। हमारी लोकसभा और राज्यसभा, दोनों के ही सांसदों ने इस दिशा में एक नई ऊंचाई हासिल की है। सोलहवीं, 17वीं और 18वीं लोकसभाओं को कामकाज के लिहाज से देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस दौरान कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कार्य पूरे किये गये हैं।

# सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में महिला नक्सली सहित तीन मारे गए, एक जवान घायल

- **तडोकी क्षेत्र के कोसरोंडा में हुई मुठभेड़, घटना स्थल से हथियार भी बरामद**
- **छत्तीसगढ़ से लगी सीमा पर तेलंगाना नक्सली लीडरों के मूवमेंट की चर्चा**

पायनियर संवाददाता < कांकेर/बीजापुर
www.dailypioneer.com

कांकेर में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में जवानों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया है। मौके से कई हथियार भी बरामद हुए हैं। वहीं एक जवान के घायल होने की भी सूचना है। अभी तक मुठभेड़ को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ तडोकी थाना क्षेत्र में हुई है। एसएसबी-32 बटालियन और डीआरजी के जवान रुटीन सर्चिंग पर निकले थे।

इसी दौरान के कोसरोंडा में घात लगाए नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि इसमें 3 नक्सली मारे गए, जबकि एक जवान घायल हो गया है।



### सर्चिंग में आटोमैटिक गन सहित अन्य हथियार मिले

मुठभेड़ में एक महिला नक्सली भी मारी गई है। जवानों ने सभी के शव बरामद कर लिए हैं। हालांकि उनकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। जवानों ने मौके से 6 हथियार बरामद किए हैं। इनमें एके-47, एसएलआर 12 बोर की बंदूक, आटोमैटिक गन शामिल है। फिलहाल क्षेत्र में जवान लगातार सर्चिंग कर रहे हैं।

### तेलंगाना बॉर्डर पर नक्सली लीडरों का मूवमेंट बढ़ा

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ से लगती सीमा पर तेलंगाना के नक्सली लीडरों का मूवमेंट बढ़ा है। कई बड़े लीडर मौजूद हो सकते हैं। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बस्तर क्षेत्र में लगातार सुरक्षाबलों और पुलिस का नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। इसके कारण नक्सली शांत पड़े हुए हैं।

### एक इनामी सहित पांच नक्सलियों किया समर्पण

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा में एक इनामी सहित पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आज सीआरपीएफ डीआईजी विनय कुमार सिंह और एसपी डॉ अभिषेक पल्लव के समक्ष तीन लाख रूपये का इनामी नक्सली सोमडु वेट्टी सहित पांच नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन नक्सलियों पर सड़क काटने, आईईडी प्लांट करने, नक्सलियों की मीटिंग के लिए ग्रामीणों को इकट्ठा करने से जैसे मामले दर्ज है।

### चीनी रणनीति की हकीकत पर पर्दा डालना संभव नहीं : राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि सीमा पर चीन की रणनीतिक तैयारी की हकीकत को मीडिया रणनीति के माध्यम से पर्दा डालकर कम नहीं किया जा सकता। श्री गांधी ने ट्वीट किया कि चीन की भू राजनीतिक रणनीति की हकीकत का मुकाबला पीआर संचालित मीडिया रणनीति से नहीं किया जा सकता है। यही साधारण बात



भारत सरकार का संचालन करने वालो की समझ नही आ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने डोकलाम क्षेत्र में चीनी सेना के निर्माण कार्य की एक सेटेलाइट तस्वीर भी पोस्ट की है और कहा है कि चीन की यह रणनीति भारत के लिए खतरा है और ठोस रणनीति के बिना से कम नहीं किया जा सकरा है।

# राजीव गांधी के हत्यारे पेरारिवलन की पैरोल अवधि एक सप्ताह और बढ़ी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के दोषी एजी पेरारिवलन की पैरोल अवधि एक सप्ताह और बढ़ाने का सोमवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की खंडपीठ ने एजी पेरारिवलन की याचिका की सुनवाई करते हुए तमिलनाडु सरकार को पैरोल अवधि एक सप्ताह और बढ़ाने का आदेश दिया। इतना ही नहीं शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को यह भी आदेश दिया कि याचिकाकर्ता की चिकित्सा जांच के दौरान पर्याप्त पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई जाए। पेरारिवलन 30 अक्टूबर को



पैरोल पर बाहर आया था और उसकी पैरोल अवधि आज खत्म हो रही थी। इस बीच, सुनवाई के दौरान मामले की जांच कर रही एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि पेरारिवलन को रिहा करने में उसकी कोई भूमिका नहीं है।

# श्रमिकों को 'आर्थिक गुलामी' में धकेल रही है सरकार : कांग्रेस

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों के लिए 12 घंटे की शिफ्ट तथा कार्यस्थल पर लागू कई अन्य शर्तों को श्रमिक विरोधी बताते हुए कहा है कि मोदी सरकार मेहनतकश कामगारों को 'आर्थिक गुलामी' की तरफ धकेल रही है।

कांग्रेस महासचिव तथा संचार विभाग की प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां एक बयान में कहा कि मोदी सरकार श्रमिकों के शोषण करने तथा आर्थिक स्तर पर उन्हें गुलाम बनाने के नए तरीके निकल रही है और इसके लिए कानून में बदलाव किया जा रहा है।श्रमिक कानून में बदलाव के नाम पर कामगारों को कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर करने वाले नियम बनाये गए है। उन्होंने कहा कि कार्य स्थल पर सुरक्षा और काम करने की शर्त को लेकर बने कानून के जरिए सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने और श्रमिकों के शोषण को बढ़ावा दे रही है। नए कानून के मुताबिक श्रमिक को 12 घंटे की शिफ्ट पर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा और फैक्ट्री मालिक अपनी इच्छा के मुताबिक काम कराने को उन्हें नबूर कर सकेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि जो नियम बनाए गए हैं उनके कारण देश में बेरोजगारी बढ़ेगी और संगठित क्षेत्र में इससे 41 लाख लोग बेरोजगार हो जाएंगे।

**नये मामले बढ़ने का सिलसिला जारी**

# देश में अब तक 91.39 लाख लोग संक्रमित

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में कोरोना के मामलों में फिर तेजी आती जा रही है और पिछले कुछ दिनों से 45 हजार से अधिक नये मामले रोज सामने आये हैं हालांकि इस बीमारी को मात देने वालों की संख्या में भी औसतन इजाफा हुआ है जिससे सक्रिय मामलों की दर पांच फीसदी से नीचे है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 44,059 नये मामले सामने आये और संक्रमितों का आंकड़ा 91.39 लाख हो गया है। सक्रिय मामलों में 2524 की वृद्धि से यह संख्या 4,43,486 हो गयी हैं। इस दौरान 41,024 मरीज ठीक हुए जिसे मिलाकर कोरोना को शिकस्त देने वालों की तादाद अब 85.62 लाख हो गयी। इसी अवधि में 511 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,33,738 हो गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर 4.85 और रिकवरी दर 93.68 पर आ गयी है जबकि मृत्यु दर 1.46 है। पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में सबसे अधिक 1643 सक्रिय मामले सामने आये। इसके बनिस्पत केरल में 1000 सक्रिय मामले कम हुए और यहां स्वस्थ होने वालों की संख्या भी सर्वाधिक 6227 रही , वहीं दिल्ली में सबसे ज्यादा 121 मरीजों की जानें गयी। कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में सक्रिय मामले अब 82,521 हो गये हैं। राज्य में इस दौरान 50 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 46,623 हो गया है , वहीं अभी तक 16.51 लाख से ज्यादा लोग कोरोना को मात दे चुके हैं। केरल में स्वस्थ हुए मरीजों की संख्या 4.94 लाख से अधिक हो गयी तथा सक्रिय मामले कम होकर 65,982 रह गये हैं जबकि 2049 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 40,212 हो गयी है।



### विश्व में संक्रमितों की संख्या 5.85 करोड़ के पार

**वाशिंगटन/रियो डि जेनेरो।** विश्व में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड-19) से सं मित होने वाले लोगों की संख्या लगातार तेजी से ब?ते हुए 5.85 करो? के पार हो गई है और इस महामारी से अब तक 13.86 लाख से अधिक लोगों की मौत भी हो चुकी है। कोरोना सं मितों की संख्या के मामले में अमेरिका पहले, भारत दूसरे और ब्राजील तीसरे स्थान पर स्थान पर है। वहीं इस सं मण से तेजी से मुक्त होने वाले लोगों की संख्या के मामलों में भारत, ब्राजील और अमेरिका क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार विश्व के 191 देशों में कोरोना वायरस से अब तक 5,85,63,451 लोग संक्रमित हुए हैं और 13,86,465 लोगों की मौत हुई है। कोरोना से सबसे अधिक प्रभावित अमेरिका में अब तक 1,22,26,643 लोग संक्रमित हुए हैं और 2,56,745 मरीजों की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 44,059 नए मामले सामने आए और संक्रमितों की संख्या 91.39 लाख के पार पहुंच गयी तथा स्वस्थ होने वालों की संख्या 85.62 लाख से अधिक हो गयी है। इस दौरान 511 और मरीजों की मौत के साथ मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,33,738 हो गया। देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या में 2524 की वृद्धि के बाद अब सक्रिय मामले 4,43,486 हो गए है।ब्राजील कोरोना संक्रमितों के मामले में तीसरे स्थान पर और इससे मुक्ति पाने और मृतकों के आंकड़े में दूसरे स्थान पर है। देश में कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या 60.71 लाख से पार हो गयी है जबकि 1,69,183 लोगों की मौत हो चुकी हैं।

# निशंक ने 46 ऑनलाइन अटल संकाय विकास कार्यक्रमों का उद्घाटन किया

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने सोमवार को एक ऑनलाइन कार्यक्रम में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल) अकादमी के 46 ऑनलाइन अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्रामों का उद्घाटन किया।

डॉ निशंक ने कहा कि मुझे खुशी है कि तकनीकी शिक्षा में गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद हमेशा तत्पर रहा है और फैकल्टी के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। पूरे देश में अटल अकादमी द्वारा स्वीकृत संस्थानों और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के फैकल्टी सदस्यों को प्रेरित करने और प्रशिक्षित करने के लिए यह एक



अनूठी पहल है। उन्होनें बताया कि यह सभी फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम देश भर में आईआईटी, एनआईटी, आईआईआईटी, एनआईटीटीटीआर और कुछ अन्य संस्थानों द्वारा संचालित किये जाएंगे।

इस कार्यक्रम की सफलता पर डॉ निशंक ने कहा कि अटल अकादमी का वर्तमान आकार देखकर बेहद खुशी हो रही है क्योंकि सितंबर 2019 में 11 अटल अकादमियों की घोषणा की गई थी। इस वर्ष लगभग 1000 से अधिक ऑनलाइन अटल अकादमी एफडीपी की योजना है और एक लाख प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह बेहद गर्व की बात है कि अटल अकादमी का नाम वर्ल्ड बुक रिकार्ड्स में शामिल किया जाएगा।

उन्होनें कहा कि शिक्षा पर सीधा सीधा प्रभाव डालने वाली ऐसी किसी भी योजना से जुड़ना बेहद खुशी की बात है। इसके अलावा उन्होनें नई शिक्षा नीति में शिक्षकों के प्रशिक्षण के प्रावधानों के बारे में भी सबको अवगत करवाया। कोरोना महामारी के इस चुनौतीपूर्ण समय में एआईसीटीई से जुड़े शिक्षकों के कौशल में सुधार के लिए अब तक 499 ऑनलाइन एफडीपी आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें देश के उच्च तकनीकी शिक्षण संस्थानों के 70 हजार से ज्यादा शिक्षकों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

# बिना अनुमति के धान आयात को रोकने सीमावर्ती जिलों में सतत निगरानी करें : अमरजीत भगत

## धान खरीदी के लिए समय पूर्व पूरी तैयारी करने के निर्देश

- राज्य में धान खरीदी व्यवस्था निरीक्षण के लिए गठित होगा दल
- केन्द्र से छत्तीसगढ़ को अब तक केवल 77 हजार गठान मिले नये बारदाने

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित अधिकारियों की बैठक में धान खरीदी की व्यवस्था की समीक्षा की। श्री भगत ने अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी शुरू होने से पहले खरीदी के लिए बारदाना, चबूतरा निर्माण, किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था कर लिए जाए। कांटा-बाट की समुचित व्यवस्था एवं उसका सत्यापन भी करा लिए जाए। भगत ने राज्य के सीमावर्ती जिलों के कलेक्टरों से दूरभाष पर धान खरीदी के संबंध में बातचीत की और अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान को रोकने के लिए कड़ा इंतजाम करने के निर्देश दिए है। भगत ने कहा कि धान खरीदी के लिए किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। भगत ने कहा कि राज्य स्तर पर खाद्य विभाग सहित धान खरीदी से संबंधित विभागों के अधिकारियों का एक दल गठित किया जाए। जो राज्य भर के खरीदी केन्द्रों में जाकर धान खरीदी का निरीक्षण और मोनिटरिंग करेगा। खासकर सीमावर्ती जिलों में जाकर अवैध धान के आवक को रोकने के लिए किए गए इंतजाम का निरीक्षण करेगा।

मंत्री भगत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में किसानों से धान खरीदी के लिए 3 लाख 50 हजार गठान बारदानें उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को आपूर्ति की जाने वाली बारदानें में 50 प्रतिशत की कटौती करते हुए केवल एक लाख 43 हजार गठान नये बारदानें की आपूर्ति करने की सूचना जूट कमिश्नर के माध्यम से दी गई है और अब तक राज्य को केवल 77 हजार गठान बारदानें ही प्राप्त हुए है। भारत सरकार द्वारा बारदानों की आपूर्ति में भारी कटौती करने के कारण राज्य में धान खरीदी प्रभावित न हो इसके लिए राज्य सरकार द्वारा 70 हजार एचडीपीई, पीपी के नये बारदानें खरीदी के लिए कार्यादेश जारी किया गया है। इसके अलावा पीडीएस सिस्टम का एक लाख गठान बारदानें और मिलरों से दो लाख बारदानों की पूर्ति धान खरीदी के लिए की जाएगी। भगत ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में लगभग 90 लाख मैट्रिक टन धान खरीदी होना अनुमानित है। धान उपार्जन के लिए 4 लाख 75 हजार गठान बारदानों की आवश्यकता संभावित है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी के लिए जूट कमिश्नर कोलकोता से एक लाख 45 हजार गठान बारदाने उपलब्ध होगा। राज्य सरकार के पीडीएस सिस्टम से एक लाख बारदानें की व्यवस्था धान खरीदी के लिए होगी। इसके अलावा दो लाख गठान बारदानें मिलरों से प्राप्त करने का लक्ष्य है। धान खरीदी के लिए शेष बारदानों की पूर्ति राज्य सरकार द्वारा 70 हजार प्लास्टिक बैग खरीद कर की जाएगी। बैठक में खाद्य विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, सहकारिता विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना, विशेष सचिव खाद्य मनोज कुमार सोनी, नान के एमडी निरंजन दास, मार्कफेड के एमडी अंकित आनंद, नाप-तौल विभाग के संचालक श्रीमती शिखाराजपूत तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सैलानियों को आकर्षित कर रहा है बालाछापर ट्रायबल रिसॉर्ट का अद्भुत नज़ारा



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा जशपुर जिले के बालाछापर गांव में नवनिर्मित ट्रायबल टूरिज्म एथनिक रिसॉर्ट इन दिनों सैलानियों को बेहद आकर्षित कर रहा है। इसका निर्माण 1.65 हेक्टेयर में किया गया है। रिसॉर्ट में 6 वुडनकॉटेंज, 18 पिलेज कॉटेज, 10 क्राफ्ट हट, एक कैफेटेरिया, 1 एम्फीथिएटर, कांफ्रेस रूम, 3 टेंट प्लेटफॉर्म सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था पर्यटकों के लिए की गयी है। रिसॉर्ट की बुकिंग इस महीने की एक तारीख से शुरू हो गया है।

आदिवासी कला एवं संस्कृति को समेंटते हुए जशपुर विकासखंड के बालाझापर में स्वदेश दर्शन योजना के तहत् 13 करोड़ 10 लाख रूपए की लागत से सरना एथनिक रिसॉर्ट (ट्रायबल टूरिज्म सर्किट) का निर्माण किया गया है। इसका निर्माण सा? चार एक? रकबे में कराया गया है, जहां जशपुर जिले के पुरातत्व, कला-संस्कृति एवं आदिवासी जीवन शैली की अद्भूत छटा को इस चार एकड़ रकबे में समेटा गया है।

सरना एथनिक रिसॉर्ट का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया था। रिसॉर्ट की मुख्य द्वार के पीलर पर जशपुर के हर्राडीपा शैली की पत्थर की मूर्तियां लगाई गई है। यहां लैण्डस्केप तथा ओपन एफी थिएटर सहित ईको लाग हट्स का निर्माण कराया गया है। जशपुर जिले के पुरातात्विक स्थल पर विद्यमान पत्थर की मूर्तियों को ध्यान में रखते हुए उसी शैली में पत्थर की मूर्तियां बनाई गई है। जिसे मुख्यद्वार पर लगाया गया है। जशपुर शहर से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस सरना एथनिक रिसॉर्ट में प्रतिदिन चार से पांच सौ पर्यटकों की भीड़ होती है। जशपुर जिले में इस तरह के रिसॉर्ट के निर्माण हो जाने से यहां की आदिवासी कल्चर एवं सस्कृति अन्य राज्य, देश के पर्यटकों तक पहुंचेगी। रिसॉर्ट के मैनेजर आशीष तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन रिसॉर्ट के सभी कॉटेज पूरी तरह से बुक होते है। जशपुर जिला प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण होने से यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ी रहती है।

# छत्तीसगढ़ में स्कूल खोलने को लेकर कैबिनेट की बैठक में होगा फैसला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना की जिस तरह से रफ्तार बढ़ी है, उसने शासन स्तर पर भी चिंताएं बढ़ा दी है। लगातार मरीज बढ़ रहे हैं, तो वहीं मौत का आंकड़ा भी तेज हो रहा है। मौत और मरीज के बढ़े आंकड़ों के बीच 28 नवंबर को भूपेश कैबिनेट की अहम बैठक भी होने वाली है। जानकारी के मुताबिक कोरोना के मद्देनजर कैबिनेट की बैठक में भी चर्चा होगी। अगर हालात बेहतर नहीं हुए तो माना जा रहा है कि बैठक में कुछ कड़े फैसले भी लिये जा सकते हैं।

स्कूलों खोलने को लेकर अभी तक शासन स्तर पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है, लिहाजा 28 नवंबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में स्कूल खोलने या ना खोलने को लेकर चर्चा की जायेगी। हालांकि मुख्यमंत्री पहले ही ये स्पष्ट कर चुके हैं कि प्रदेश में कोरोना की स्थिति जब तक सामान्य नहीं होगी, तब तक स्कूल नहीं खोले जायेंगे, वहीं शिक्षा मंत्री भी कई दफा इन्ही बातों को दोहरा चुके हैं। ऐसे में स्कूल खोलने की गुंजाइश तो नहीं के बराबर है। लेकिन बैठक में चर्चा के बाद इस पर कोई विस्तृत जानकारी जरूर आ सकती है। वहीं कोरोना के मद्देनजर कुछ सख्त फैसले लिये जा सकते हैं। कई राज्यों ने देर रात बाजार में भीड़ देखते हुए नाईट कर्फ्यू का फैसला लिया है। ऐहितियातन उठाये गये कदम के मद्देनजर राज्य सरकार भी कुछ कड़े निर्णय ले सकती है। मास्क की बाध्यता को लेकर सख्त निर्देश के बावजूद कई जगहों पर मास्क का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। उसी तरह से त्योहार की आड़ में सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य गाइडलाइन भी फॉलो नहीं हो रहे हैं। टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने और अस्पतालों में बेड और आक्सीजन की उपलब्धता जैसे मुद्दे पर भी बैठक में चर्चा हो सकती है।

## गृह मंत्री आज बिलासपुर में समीक्षा बैठक लेंगे

**रायपुर।** गृह एवं लोक निर्माण मंत्री और बिलासपुर जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू 24 नवम्बर मंगलवार को बिलासपुर में जिले में संचालित विभिन्न कार्य मों की समीक्षा करेंगे। साहू कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सबेरे 11.30 बजे सभी विभागों की और अपरान्ह 3 बजे जिला खनिज निधि (डी.एम.एफ.) की बैठक लेंगे। गृह मंत्री सवेरे 9 बजे रायपुर से कार से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और बैठक लेने के बाद वापस रायपुर आएंगे।

## श्रम विभाग में दो अधिकारियों की पदोन्नति

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा श्रम विभाग के दो अधिकारियों की पदोन्नति की गई हैं। मंत्रालय से जारी आदेश के तहत श्री एस.एल. जांगड़े उपश्रमायुक्त और श्रीमती सविता मिश्रा उपश्रमायुक्त को अपर श्रमायुक्त के पद पर पदोन्नत की गई है।

# राजस्व मंत्री ने राताखार से गेरवाघाट तक 2.62 करोड़ की लागत से बनने वाली बीटी सड़क का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




प्रदेश के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा जिले में एक कार्यक्रम में राताखार से तुलसी नगर नया पुल गेरवाघाट तक सड़क पर बोल्डर डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। राताखार से तुलसी नगर गेरवाघाट नया पुल तक इस सड़क का निर्माण डीएमएफ मद से किया जा रहा है। सड़क निर्माण की कुल लागत दो करोड़62 लाख 62 हजार रूपये है। इस अवसर पर राजस्व मंत्री ने कहा कि सड़क के बन जाने से पुराने कोरबा से दर्री तक का सफर पांच किलोमीटर कम हो जाएगा। इससे लोगों को दर्री तक जाने में सहूलियत होगी। राजस्व मंत्री ने कहा कि रोड के बन जाने से भारी वाहनों की आवाजाही भी शहर के भीतर कम हो जाएगी जिससे धूल उड़ने और दुर्घटनाओं जैसी अन्य समस्याओं से भी कोरबा वासियों को छुटकारा मिलेगा। राजस्व मंत्री ने सड़क निर्माण पर कोरबा वासियों को शुभकामनाएं और बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कोरबा सहित पूरे प्रदेश वासियों के हित के लिये सभी जरूरी काम और योजनाएं संचालित करने के लिये प्रतिबद्ध है। लम्बे समय से रूके कई जनहितकारी कामों को इस दौरान शुरू किया गया है और आगे भी प्रदेश वासियों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी काम मंजूर किये जाएंगे। इस कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य संतोष राठौर, सपना चौहान, पार्षद रविसिंह चंदेल, धनसाय साहू, दिनेश सोनी, एल्डर मैन गीता गभेल, एस. मूर्ति, बच्चु लाल मखवानी, पूर्व पार्षद गोपाल यादव सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल तथा विकास सिंह भी मौजूद रहे। बी.टी. कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कोरबा वासियों को इस सड़क की सौगात के लिये राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल के अथक प्रयासों से ही इस सड़क की स्वीकृति मिली थी और अब इस सड़क का बी.टी. काम भी जल्द ही हो जाएगा।

# दहेज प्रताड़ना, पत्नी ने की आत्महत्या, दहेज कम लाई हो कहकर करते थे मारपीट

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

दहेज प्रताड़ना के चलते एक नवविवाहिता ने खुदकुशी कर ली है। मृतिका महिला के परिजनों ने अब इस मामले में आरोपी पति, सास और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया है। घटना टीकरापारा थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर की है। मृतका का नाम शलिनी त्रिपाटी है।

जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश के अनूपपुर निवासी शालिनी की शादी 24 नवंबर 2019 में टीकरापारा निवासी ट्रांसपोर्टर निमेश त्रिपाठी से हुई थी। शादी से पहले ही निमेश के परिजनों ने युवती के परिवार वालों से लाखों रूपए दहेज की मांग की थी। युवती के परिजनों ने जैसे-तैसे ब्याज में लेकर 10 लाख रूपए जमा किए थे, जिसके बाद उन्होंने अपनी बेटी की शादी निमेश से की थी। शादी के बाद शालिनी अपने पति के साथ रायपुर में रहने लगी थी। थोड़े दिनों बाद पति निमेश त्रिपाठी, ससुर फालगो प्रसाद त्रिपाठी और सास दुर्गेश त्रिपाठी तीनों ने मिलकर शालिनी को दहेज कम लाई हो कहकर उससे मारपीट करते रहते थे।

# कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में अन्तर्सदन प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा के निकट स्थित कोलंबिया ग्लोबल स्कूल में अन्तर्सदन प्रतियोगिता का आयोजन तीन श्रेणियों में किया गया । प्रथम श्रेणी में कक्षा 1 और 2 के लिए शो एंड स्पीक प्रतियोगिताए द्वितीय श्रेणी में कक्षा 3 से5 के लिए सोलो डांस प्रतियोगिता और तृतीय श्रेणी में कक्षा 6 से 9 के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाद्य जिसमें प्रथम श्रेणी में वाइकिंग्स हाउस से कक्षा दो की छात्रा दिविशा शॉ ने प्रथम स्थान प्राप्त कियाए अक्षत शाह और अलमाईरा फातिमा ने इसी श्रेणी में मशरू द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय श्रेणी के अंतर्गत समुराई हाउस की दीक्षा साहू को प्रथम स्थान प्राप्त हुआए स्पार्टन हाउस से अंशिका कुमारी द्वितीय स्थान पर रही और आर्या मिश्रा समुराई हाउस से तृतीय स्थान पर रहीद्य लेविता वर्मा और भव्या साहू को सांत्वना पुरस्कार दिया गयाद्य प्रतियोगिता की अंतिम श्रेणी तृतीय श्रेणी में वाइकिंग हाउस से हरसिद्धि नाकरानी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआए साक्षी वर्मा वाइकिंग हाउस से ही द्वितीय स्थान पर रही और सिमरत कौर तलूजा वाइकिंग हाउस से ही तृतीय स्थान पर रहीद्य विद्यालय के सभी शिक्षकों सहित प्रिंसिपल ने सभी बच्चों को बधाई दी।

# मंत्री भेंड़िया ने दी कई विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने रविवार को बालोद जिले में अपने विधानसभा क्षेत्र डौंडी ब्लाक में विभिन्न ग्रामों का दौरा कर नागरिकों को कई विकास कार्यों की सौगात दी। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण के साथ कई विकास कार्यों की घोषणाएं की। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं का निदान भी किया। भेंड़िया ने सर्वप्रथम ग्राम कारुटोला में सोसायटी धान खरीदी केंद्र का भूमिपूजन किया। उन्होंने स्थानीय मांगो पर ग्राम विकास के विभिन्न कार्यों के लिए घोषणा की। इसके साथ उन्होंने ग्राम ठेमा बुजुर्ग मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने ग्राम काड़े और ग्राम पिच्चेटोला में अतिरिक्त स्कूल भवन का भूमिपूजन और ग्राम बह्मनी,ग्राम कोपेडेरा व ग्राम कोटागांव में नवीन स्कूल भवन का लोकार्पण किया।

## वीरान पहाड़ी पर वृक्षारोपण कर वन्य प्राणियों का संरक्षण

# मनरेगा और वन विभाग ने पहाड़ पर लगाए गए हैं 25 हजार पौधे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्राकृतिक संसाधनों, पारिस्थितिक तंत्र और जल, जंगल व जमीन को सहेजने में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) किस तरह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, यह देखना हो तो मसनिया पहाड़ पर उगाए गए पेड़ों के बीच खेलते-कूदते भालूओं के आनंददायक दृश्य का साक्षात्कार करना चाहिए। मनरेगा और वन विभाग की योजनाओं के अभिसरण से वहां न केवल पहाड़ को वृक्षों से आच्छादित किया गया है, बल्कि जल संरक्षण के लिए कई चेकडेम भी बनाए गए हैं। मानव और वन्य प्राणी के सह-अस्तित्व को मानवीय कोशिशों से मजबूत करने का नायाब उदाहरण है मसनिया पहाड़ और इसके आसपास के क्षेत्र में मनरेगा और वन विभाग से हुए काम।

जांजगीर-चांपा जिले के सक्ती विकासखंड के मसनियाकला और मसनियाखुर्द गांव से लगे मसनिया पहाड़ पर कुछ साल पहले तक हरियाली का नामो-निशान तक नहीं था। पड़-पौधों से वीरान इस पहाड़ी पर खाने-पीने की कमी हुई तो भालू एवं अन्य वन्य प्राणी गांव की तरफ खींचे चले आए। नतीजतन भालू और ग्रामीण बार-बार आमने-सामने होने लगे जिससे कभी भालू तो कभी ग्रामीण घायल हुए। भूख के कारण भालू फसलों को भी नुकसान पहुंचाने लगे। इससे ग्रामीणों में भय व्याप्त रहने लगा और वे इस समस्या से निजात पाने का रास्ता तलाशने लगे। गांववालों ने आपस में चर्चा कर भालूओं को पहाड़ एवं जंगल में ही संरक्षित करने की योजना बनाई। मसनियाकला ग्राम पंचायत और आश्रित गांव मसनियाखुर्द में ऐसे पौधे लगाने पर विचार किया गया जिससे कि भालूओं को जंगल में ही खाने को मिल जाए और वे गांव की तरफ न आए। इसके लिए मनरेगा और वन विभाग की योजनाओं के अभिसरण से पहाड़ पर वृक्षारोपण का रास्ता निकाला गया। वर्ष 2017-18 में अगले पांच वर्षों के लिए योजना तैयार कर इसे अमलीजामा पहनाया गया।

# प्रगतिशील यादव महासंघ का पारिवारिक 'गेट- टू-गेदर' कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



दीपोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार 22 नवंबर को प्रातः 11:00 बजे छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के कार्यालय में पारिवारिक 'गेट- टू-गेदर' रखा गया । समस्त यादव बंधुओं ने आपस में एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए गोपाष्टमी की प्रासंगिकता के मद्देनजर गौधन की सेवा, गोमूत्र की महत्ता और धनुसेवकों के उत्थान जैसे विषयों पर चिंतन -मनन किया ।

महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करने वाली सुश्री शोभा यादव, सोनिया यादव, शालिनी यादव, मिताली यादव, शिवानी यादव, श्रीमती लक्ष्मी यादव, चित्रकला यादव, सुशीला यादव, किरण यादव और अनीता यादव ने एकमतेन यादव विद्यार्थियों की शिक्षा- दीक्षा निमित्त 'श्री कृष्णा छात्रावास' खोलने का प्रस्ताव रखते हुए शाखा भेद मिटाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जे.एल. फुटबॉल एकेडमी की संचालिका कुमारी शालिनी यादव ने ग्रास रूट लेवल के यादव छात्र छात्राओं को निशुल्क फुटबॉल कोचिंग उपलब्ध कराने का वादा किया। इसी कड़ी में एक कदम आगे बढ़ते हुए अध्यक्ष राम मणि यादव जी ने प्रस्ताव दिया कि आगामी 07 दिसंबर को सेना शौर्य दिवस के दिन वीरगति को प्राप्त होने वाले यादव सैनिकों के परिवार विशेषकर पत्नियों का सम्मान किया जाए । प्रस्ताव के समर्थन पश्चात कोरोना महामारी के दौरान शांत होने वाले यादव बंधुओं को 2 मिनट की श्रद्धांजलि देने के साथ ही दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ।

# पिछले दो दिनों से नक्सलियों ने दर्जनों जगह खोदी सड़क व पेड़ कांटे

## दो दिनों से मचा रखा था तांडव, नए अस्पताल को किया क्षतिग्रस्त





पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

कल नक्सलियों ने बड़ेसेट्टी गांव में हाल ही में अस्पताल के लिए बना नऐ भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके अलावा फुलपगड़ी से आगे करीब-करीब दर्जनों जगहों पर सड़क में बड़े-बड़े गढ्ढे कर दिए साथ ही दर्जनों जगहों पर पेड़ काट दिए जिसके कारण आवागमन पुरी तरह बाधित हो गया है। पिछले दो दिनों से नक्सलियों और उनके समर्थकों ने सड़क व पेड़ काटने व भवन को क्षतिग्रस्त करने का काम किया है।

जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी. दूर स्थित बड़ेसेट्टी गांव जो कि घोर नक्सल प्रभावित है। जहां कल नक्सलियों ने गांव में बऐ नए भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया। अस्पताल भवन की दीवारों को तोड़ा गया है। हालांकि भवन पुरी तरह क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है लेकिन नीचे-नीचे दीवारे तोड़ दी गई है। वही इसके अलावा फुलपगड़ी के बाद से करीब 6 किमी. के दायरे में दर्जनों जगहों पर पेड़ काटे गए है। सड़क को जगह-जगह खोदी गई। जिसके कारण दो दिनो से रास्ता बाधित है। आवागमन पुरी तरह ठप्प है। बताया जाता है कि ये सब नक्सलियों ने अपने समर्थकों के साथ दो दिनों में किया है। ज्ञात हो कि कुछ साल पहले भी नक्सलियों ने गांव में स्थित हाई स्कूल भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया था। पहले भी नक्सलियों ने यह कर तोड़ा था कि यहां पर फोर्स रूकेगी। इस बार भी फोर्स ना रोके इसके लिए भवन को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की गई।

### फायरिंग भी हुई थी

वही कल देर शाम को जब पुलिस वहां पहुंची तो फायरिंग भी हुई थी। बताया जाता है कि जैसे ही जानकारी पुलिस को लगी तो फुलपगड़ी थाने से तत्काल फोर्स गांव के लिए रवाना हुई। उसके बाद जब गांव पहुंची तो वहां पर भवन तोड़ने का काम किया जा रहा था। वही पुलिस के साथ फायरिंग भी हुई। जिसके बाद पुलिस ने कुछ संदिग्ध ग्रामीणों को हिरासत में भी लिया है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। एसपी के एल ध्रव ने कहा कि कल नक्सलियों ने बडेसेट्टी में नवनिर्मित अस्पताल भवन को तोड़ रहे थे। सूचना मिलते ही फुलपगड़ी व केरलापाल से फोर्स रवाना की थी। वहां जवानों पर हमला किया गया जिसके बाद जवानों ने भी जवाबी करवाई की। उसके बाद जवानों ने वहां भवन तोड़ रहे कुछ संदिग्धों को लाया गया। और उनसे पूछताछ की जा रही है।

# किरंदुल से लेकर भांसी तक 20 किमी तक की सड़क क्षतिग्रस्त



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौह नगरी किरंदुल से लेकर भांसी तक यानी 20 कि.मी.तक की मुख्य सड़क आज वर्तमान समय में काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। इस बीच 50 से 100 जगहों पर तो गड्ढे ही गड्ढे बन गए हैं,किन्तु सम्बंधित विभाग के द्वारा इस ओर अनदेखा किया जा रहा हैं इसके कारण आम लोगों को वाहनों से आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि यह मुख्य मार्ग जिले से होकर गुजरती है किन्तु प्रशासन आँख बंद कर रखी है।

रोजाना इसी मुख्य सड़कों से सैकड़ों की संख्या में यात्री बसों का आवागमन, दो और चार पहिये वाहनों का आवागमन और तो और किरंदुल बचेली से लौह अयस्क भरकर रोजाना 100 ट्रकों का गमन इसी मुख्य सड़कों से होकर गुजरती है ।कही इस क्षतिग्रस्त स?क के होने के कारण आगे चलकर बड़ी सड़क दुर्घटना न हो जाये। क्योंकि विकास की प्रथम सीढ़ी ट्रांस्पोर्टेशन है जिसके लिये गौरव पथ का होना विकास को दर्शाता है,किन्तु यहाँ इसके विपरीत देखने को मिल रही है। इस विषय में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जोशेज थॉमस का कहना है की यह मुख्य सड़क 2014 में निर्माण की गई थी एवं इसके पुनः रिपेयरिंग पेच की कार्य जल्द से जल्द कराया जाएगा ।

# एनएमडीसी सीएसआर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने दे रहा है प्रोत्साहन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी सीएसआर किरंदुल द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है।जिसके तहत कुआकोंडा तहसील के कई पंचायतों में खेती की जा रही है। एनएमडीसी सीएसआर उपमहाप्रबंधक धर्मेंद्र आचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत पालनार के 05 स्थानों 2.5 एकड़, मैलावाड़ा में 01 एकड़, गोंगपाल में 40 डिसमिल, पेंटा में 02 जगहों में 25 डिसमिल, कोरिरास, लेण्डरा एवं हितावार में 20-20 डिसमिल महाराउरनार 15 डिसमिल तथा छोटे हारमामुंडा में 20 डिसमिल जमींन में सब्जी की खेती की जा रही है।

### राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों को मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील

**जगदलपुर।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत सभी पर्यटन स्थलों में आने वाले पर्यटको को मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने की अपील की गई है। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत सभी पर्यटन स्थलों को पर्यटकों के भ्रमण हेतु 01 नवम्बर 2020 से खोल दिया गया है। कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु कार्यालय निदेशक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के द्वारा पर्यटकों से अपील की जाती है कि वे मास्क लगाएं एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। बिना मास्क के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में प्रवेश वर्जित होगा।

# आडावाल ओरना कैम्प, पुलिस लाइन आसना को घोषित किया जाएगा कंटेंनमेन्ट जोन

■ एक दो दिनों के लिए एरिया सील कर की जाएगी सैम्पलिंग की काईवाई



पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन द्वारा जगदलपुर शहर के आडावाल ओरना कैम्प, पुलिस लाइन आसना, बलदेव स्टेट, सिंधी कलोनी, सनसिटी एवं हाउसिंग बोर्ड कालोनी साई मंदिर के सामने में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की लगातार ब?ते संख्या को देखते हुये आने वाले दिनों में सम्बंधित क्षेत्र को कंटेन्मेंट जोन घोषित करने की करवाई की जाएगी। इसके संक्रमण के प्रसार के रोकथाम के समुचित उपाय सुनिश्चित करने हेतु इन स्थानों को एक दो दिनों के लिए सील कर वहाँ रहने वाले लोंगों की अनिवार्य सैम्पलिंग की करवाई की जाएगी।जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने हेतु उड़ाये गए इस कार्य में जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिकों से सहयोग की अपील की गई है।ताकि आने वाले समय में कोविड-19 के केसेस की जल्द डिटेक्शन कर समय पर इलाज के आधार पर जीवन बचाया जा सके। सघन जांच अभियान के अंतर्गत जगदलपुर शहर के भींडभाड वाले क्षेत्रों में लोंगो की लगातार कोरोना जांच की जा रही है। इसके अंतर्गत आज चर्च प्रांगण में लोंगों का कोरोना जांच किया गया।

# 3 लाख के ईनामी सहित 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिले में चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान के तहत आज 03 लाख ईनामी सहित 05 नक्सलियों ने दंतेवाड़ा एसपी डॉ अभिषेक पल्लव व सीआरपीएफ डीआईजी विनय कुमार सिंह के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। विगत 04 महीने पहले शुरू किये गये लोन वर्राटू अभियान के तहत 56 ईनामी नक्सलियों सहित 208 नक्सलियों ने अब तक आत्मसमर्पण किया है।

दंतेवाड़ा एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि लोन वर्राटू अभियान के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों की पूरी जानकारी का बैनर पोस्टर लगाकर नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने के लिए अपील की जा रही है। जिसके तहत आज 03 लाख का ईनामी सोमडू वेट्टी डीव्हीसी सुरक्षा दलम का प्लाटून डिप्टी कमांडर, एवं 02 जनमिलिशिया सदस्य में बामन उर्फ डेंगा यादव पिता सहदेव यादव निवासी स्कूलपारा ऐटेपाल थाना कुआकोण्डा व देवा मड़कम पिता जोगा मड़कम निवासी करकापारा ककाड़ी थाना अरनपुर तथा 02 सीएनएम सदस्यों में लक्ष्मण सोड़ी पिता हुर्रा सोड़ी निवासी स्कूलपारा डुवाली करका थाना कुआकोण्डा व एक महिला नक्सली कुमारी मड़कम बोज्जो पिता सोना मड़कम निवासी स्कूलपारा डुवाली करका थाना कुआकोण्डा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

# सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग के पदाधिकारी पहुंचे उरन्दाबेड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



विकाखण्ड फरसगांव अंतर्गत ग्राम उरन्दाबेड़ा के भूतपूर्व सरपंच रही, कवली बाई पोटाई का आकस्मिक निधन 16 नवंबर को हुआ। जिसका अंतिम कुण्डा नेंग( नहानी) बुधवार को किया गया। कवली बाई पोटाई सुपुत्र सोमनाथ पोटाई सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग फरसगांव ब्लॉक अध्यक्ष हैं।अंतिम कुंडा नेंग में फरसगांव ब्लॉक के सभी सर्वआदिवासी समाज युवा प्रभाग के पदाधिकारी ग्राम उरन्दाबेड़ा में उपस्थिति रहे और सहयोग दिए।इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सोमनाथ पोटाई ,जिला युवा प्रभाग मीडिया प्रभारी उमेश नाग, ब्लॉक सचिव उग्रेश मंडावी ,मिडिया प्रभारी संजीत मरकाम,राजेन्द्र नाग,राजेश मरकाम, जिला आदिवासी युवा छात्र संगठन से अमलशाय नेताम ,जुन्गानार सरपंच जयलाल नाग, सोनसाय नेताम, उत्तम नेताम, हरी नेताम ,लच्छी नाग,सुनील मरकाम, विजय मंडावी, गांव के युवा युवती बड़े बुजुर्ग सभी उपस्थिति थे।नेंग के अन्त में सोमनाथ पोटाई ने उपस्थित सभी युवा प्रभाग को धन्यवाद करते हुए समाज को संगठित करने के विषय में अपना विचार व्यक्त किया । जिसमें समाज के युवा युवतियों को समाज सेवा के लिए आगे आने के लिए आग्रह किया गया ।

### संगम वाले बाबा का सालाना उर्स मनाया गया

**जगदलपुर।** इंद्रावती नदी तट पर स्थित संगम वाले बाबा का उर्स प्रति वर्ष की भांति इस व भी हर्षोल्लास से बनाया गया। जिसके तहत आज सुबह मजार में फूल की चादर चढ़ाकर विशेष दुआ मांगी गई। संगम वाले बाबा के उर्स में हर साल हजारों की संख्या में लोग विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचते हैं परन्तु कोरोना काल के चलते नही पहुंच पाए। कोरोना काल को देखते हुए इस वर्ष कुछ नियम भी बनाये गए जिसमे सोसल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क अनिवार्य किया गया विशेष बात यह रही कि बुजुर्ग और बच्चों को आने के लिए मना किया गया। यहां हर साल आम लंगर किया जाता था जिसमे जगदलपुर और विभिन्न क्षेत्रों से आने वालों को खाना खिलाया जाता था परंतु इस बार कोविड-19 की वजह से उर्स में नियमों में बदलाव करते हुए आने वाले लोगों को पैकेट में बना कर प्रसाद वितरण किया गया।

# सुकमा-दंतेवाड़ा मार्ग पर दुर्घटना में 2 की हुई मौत 2 गंभीर

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय से करीब 08 किमी दूर दंतेवाड़ा मार्ग पर स्थित गोलागुड़ा के पास खड़ी टिपर में बाईक के टकराजाने से इस दर्दनाक सड़क हादसे में बाईक में सवार चार में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना देर शाम करीब 07 बजे की बताई जा रही है। मारने वालों में एक युवती भी है। वहीं अन्य दो युवकों की स्थिति बेहद गंभीर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जिले के कोंडरे गांव से दीपक पोड़ियामी, ऐरा पोड़ियामी, सोमड़ा पोड़ियामी और देवे बारसे एक ही बाईक में सवार होकर सुकमा आ रहे थे। शाम करीब 07 बजे गोलागुड़ा के पास सड़क किनारे खड़ी टिप्पर को पीछे से बाईक द्वारा जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही दीपक पोड़ियामी और देवे बारसे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृत युवक दीपक पोड़ियामी कोंडरे ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच गंगा पोड़ियामी का पुत्र है। ऐर्रा पोड़ियामी और सोमड़ा पोड़ियामी को गंभीर चोंटे आई है। जिसे जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेकाज रिफर कर दिया गया है।

**मनरेगा की गाइड लाइन के तहत वाटरशेड अवधारणा पर आधारित**

# नरवा योजना से वर्षा जल संचयन, सिंचाई और आजीविका के साधनों का होगा विकास

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी योजना के प्रमुख घटकों में नरवा, गरूवा, घुरूवा और बाड़ी योजना में नरवा परियोजना विशुद्ध रूप से वर्षा जल संचयन, सिंचाई और आजीविका के लिए मनरेगा की गाइड लाइनों के तहत वाटरशेड अवधारणा पर आधारित है। इस परियोजना के तहत जिला पंचायत बस्तर द्वारा वर्षा जल संचयन के लिए रीड्ज टू वेली कंसेप्ट के अनुसार डीपीआर तैयार किया। योजना के तहत् ऐसी संरचनाएँ बनाई जाएगी जो सतही भंडारण या भूजल के माध्यम से आगे के उपयोग के लिए वर्षा जल की कुछ मात्रा को धारण करने और पुनर्भरण करने में सक्षम हो। कम वर्षा और कम सिंचाई क्षमता के कारण जलवायु परिवर्तन और सिंचाई क्षमता की कमी के कारण आजीविका प्रभावित हुई है। योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सुरक्षित आजीविका बनाना है क्योंकि वे अधिकतर सिंचाई और कृषि से संबंधित कार्यो के लिए बारिश के पानी पर निर्भर रहते हैं। बस्तर जिले के सभी सात ब्लॉक एमडब्ल्यूसी (मिशन वॉटर कंजरवेशन) के तहत शुष्क और सिंचाई से वंचित के रूप में आते हैं। हाल के वर्षो में जिले में वर्षा का स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है और सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में कमी और भूजल स्तर में कमी आई है और इन कारणों से जिले के लिए महत्वपूर्ण परियोजना बन गई है। नरवा अंतर्गत जिले में कुल 65 नालों का चयन कर उपचार हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। कार्य योजना तैयार करने के लिये नालो का भौतिक रूप से सर्वे तथा जीआईएस सैटेलाइट का उपयोग किया गया है। सर्वे में इन नालो पर छोटे ब? कुल 5125 कार्यो को शामिल किया गया है। जिनकी जलग्रहण क्षमता 104483 हेक्टेयर है और नाला की कुल लंबाई 624.65 किलोमीटर है। इन 65 नालो पर कुल ग्राम पंचायत 158 को कवर किया जा रहा है जिसमें आवश्यकता के अनुसार कार्य किए गए हैं, एससीटी, सीसीटी, वृक्षारोपण, ब्रशवुड, गली प्लग, एलबीसी, गेबियन, स्टॉप डैम, चेक डैम, सिंचाई नहर, खेत तालाब, कुआ, नवीन तालब आदि हैं। नाला के उपचार वाटरशेड अवधारणा में आवश्यक है। योजना की तैयारी के लिए हम ग्राम पंचायत स्तर पर पानी की आवश्यकताओं के मुद्दो को हल करने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जीआईएस विधि और जमीनी स्तर के सर्वेक्षण का उपयोग किये है। जीआईएस आधारित सॉफ्टवेयर जैसे कि गुगल अर्थ आदि का उपयोग किया हैं। कार्य के बेहतर क्रियान्वयन के लिए हम नाला की बेहतर समझ के लिए भुवन पोर्टल की विभिन्न परतों का उपयोग करते हैं और उपचार के अनुसार इसकी योजना बनाते है। योजना की बेहतर दक्षता के लिए ग्राम पंचायत के साथ आजीविका को मजबूत करने के लिए पानी का उपलब्धता और सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए योजना से अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने की कार्य योजना तैयार की जा रही है।

# तालाब पारा आंगनबाड़ी केंद्र में किया गया दिमागी बुखार का वैक्सीनेशन




पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य मंत्रालय के आदेशानुसार आज किरंदुल की तालाब पारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जे.ई वैक्सीन जो दिमागी बुखार के प्रति 1 से 15 वर्ष की आयु के बीच बच्चो को लगाया जाता है जिसमे आज कुल 145 बच्चों को यह जे.ई वैक्सीन लगाया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान चंदा बोराई, पारसमणि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता देवनाथ, सहायिका मंजू बैरागी एवं शिक्षिका तारा देशमुख उपस्थित थे।

# त्रिवेणी मैया की आरती कर काव्य गोष्ठी का किया शुभारंभ

## कविता गढ़ना और उसे प्रस्तुत करना दोनों अलग-अलग विधा : चंद्रशेखर साहू

- साहित्यकार दिनेश चौहान को मिला प्रयाग सम्मान 2020
- महंगाई का दौर है ये साहिर, कम जरूरत हो तो दिवाली हो



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रयाग साहित्य समिति की मासिक काव्य गोष्ठी एवं दीपावली मिलन समारोह महोत्सव मुख्यमंच मुक्ताकाश में संपन्न हुई। कार्यक्रम के अतिथियों के द्वारा सर्वप्रथम त्रिवेणी मैया की आरती उतारी गई तथा नारियल अर्पित कर पूजा अर्चना के साथ काव्य गोष्ठी शुरू हुई। इस मौके पर प्रयाग सम्मान 2020 अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चौहान को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं सोसाइटी के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू ने कहा कि जीवन एक बराबर नहीं रहता, उतार-चढ़ाव दुनिया का दस्तूर है उसी बात को साहित्यकार इंगित करते हुए लिपिबद्ध करते हैं और पटल पर रखते हैं। कविता गढ़ना और उसे प्रस्तुत करना दोनों अलग-अलग विधा है। राजिम शुरू से साहित्य के क्षेत्र में प्रगति की है जितने भी कवि साहित्यकार वर्तमान में लिख रहे हैं उनमें से अधिकांश राजिम में पले बढ़े एवं लिखना सीखा है। एक तरह से राजिम शहर साहित्य के लिए अत्यंत उर्वरा भूमि है। महानदी, सोंढूर, पैरी नदी का पानी साहित्य के रंग को गाढ़ा कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमसे जो सहयोग बन पड़ेगा जरूर देंगे बशर्ते साहित्य के क्षेत्र में गरियाबंद जिला हमेशा अग्रणी बना रहे इस बात का हम सभी को ध्यान देना है।

अध्यक्षता कर रहे प्रयाग साहित्य समिति के अध्यक्ष टीकमचंद सेन ने कहा कि साहित्य समिति पुराने मूर्धन्य साहित्यकारों को सम्मानित करने के लिए कृत संकल्पित है। अच्छे साहित्य उभर कर सामने आए इस दिशा में अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कवि जब कविता लिखता है तो उनके विचार सामने आते हैं और समाज को दिशा प्रदान करते हैं।

विशिष्ट अतिथि हिंदी साहित्य भारती के जिला अध्यक्ष मुन्नालाल देवदास ने कहा कि जिले में लिखने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है हिंदी साहित्य भारती के अलावा रत्नांचल जिला साहित्य परिषद तथा प्रयाग सहित्य समिति लगातार अलग अलग पैटर्न में काम कर रही है और शब्दों में कसावट बनी रहे तथा आपसी सामंजस्य से आकार प्रदान करें।उन्होंने गरियाबंद जिला पर शानदार गीत भी प्रस्तुत किया। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला कोषाध्यक्ष विष्णु राम जांगड़े ने दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि दीप पर्व हम सबकी जीवन को आलोकित करें। सम्मानित होने पर दिनेश चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि घर में सम्मान होना बहुत जरूरी है। सम्मान की तालियां लिखने के लिए प्रेरित करती है। साहित्य हमेशा दिशा देने का काम किया है। इस मौके पर पत्रकार नागेंद्र निषाद का वस्त्रालंकरण एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा, पवन दीवान, कृष्णा रंजन, लक्ष्मण मस्तुरिया जैसे अनेक साहित्यकार यहां की माटी को गौरवान्वित किए हैं। कवि जब लिखता है तो वह सौ बार सोचता है और पूरी तरह से क्लियर होने के बाद ही उसे लिपिबद्ध करता है। राजिम की तासीर साहित्य को प्रगाढ़ बनाती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कवि नूतन साहू ने आ जाओ साहित्य के टच में सुना कर भाव विभोर कर दिया। उन्हें जबलपुर मध्य प्रदेश से 23वीं बार सम्मानित होने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। शायर जितेंद्र सुकुमार साहिर ने दिवाली पर शानदार ग़ज़ल पढ़ा कुछ एक शेर के प्रस्तुत है कुछ अंश- दिल में उल्फत हो तो दिवाली हो। साथ कुदरत हो तो दिवाली हो। दौर महँगाई का है ये साहिर। कम ज़रूरत हो तो दिवाली हो, को लोगो ने खूब पसंद किया ।कवि संतोष कुमार सोनकर मंडल ने दीपावली के जन्म पर कहा कि- नदियों की कलकल धारा हो, अंबर पर चमकता तारा हो, तिहू लोक उजियारा हो, खिल रहा सुमन हो, कहीं ना घुटन हो, दीप का जलन हो, तो दीपावली का जन्म हो। हास्य व्यंग्य के कवि संतोष सेन ने रोटी की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि- रोटी कमाना बड़ी बात नहीं है बल्कि एक साथ बैठकर रोटी खाना बहुत बड़ी बात है।

हास्य कवि गोकुल सेन ने संस्कृति पर शानदार रचना पढी पंक्ति देखिए- का बताओ रे संगी कहां मोर संस्कृति नंदागे, पहली जमाना पतोहिया आवय, घर के जम्मो पत ल राखय। कवि तुकाराम कंसारी ने शानदार पंक्ति पढ़कर काव्य गोष्ठी को ऊंचाइयां प्रदान की उन्होंने कहा कि- नई कलम का आगाज लिखता हूं आसमां में रहकर धरती का परवाज लिखता हूं। पुरंदर वर्मा अपनी चार लाइन की रचना प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। वेदराम निषाद की उपस्थिति अत्यंत प्रार्थनीय रही। आभार प्रगट साहित्यकार तुकाराम कंसारी ने किया।

# यादव भारत रत्न से सम्मानित हुए संतोष यदु



पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शिवसेना जिलाध्यक्ष व अभा यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु अपने समर्थको के साथ दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय यादव शौर्य दिवस में शामिल होने बलौदाबाजार से हजारो किलोमीटर सड़क मार्ग से सफर कर दिल्ली पहुंचे जहाँ यादव शौर्य दिवस के कार्यक्रम में पद्मश्री फुलबासन यादव जी के मुख्यअतिथ्य व प्रदेश अध्यक्ष विदेन्द्र यादव की अध्यक्षता में पुरे देशभर से आये हुए यादव समाज के वीर अहिरो का सम्मान किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश से यादव समाज ही नहीं अपितु अन्य समाज के लोगों की सेवा करने पर भारत देश के यादव समाज के सर्वोच्य सम्मान यादव भारत रत्न से सम्मानित कर मोमेंटो व प्रशस्त्री पत्र भेंट किया गया जहाँ छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु भी सम्मानित हुए एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के यादव समाज का आवाज बुलंद करते हुए कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु, पद्मश्री फुलबासन यादव, रमेश यदु एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव , रष्ट्रीय महासचिव रासबिहारी यादव , एवं राष्ट्रीय व अन्य प्रदेशो से आये हुए पदाधिकारीयो ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में 1962 के चिन के रेजांगला के युद्ध में दुश्मनो के दाँत खट्टे करने वाले वीर सैनिको के साथ 113 शहिद वीर अहिरो का सम्मान किया गया और उनके नाम पर सेना में अहिर रेजींमेंट का माँग के लिए पुरे देश में आवाज बुलंद करने शंकल्प लिया गया दिल्ली के कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ से पद्म श्री फुलबासन यादव, सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु जी, अभा यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु के साथ उनके सहयोगी के रूप में शिवसेना जिला महासचिव मनहरन साहु , जिला सचिव मुकेश साहु, उपाध्यक्ष शिवचंद निर्मलकर, राजा यदु, करन एवं उनके समर्थक शामिल हुए।

# ग्राम पंचायत केसदा में कपड़ा चप्पल की दुकान में अज्ञात चोरों ने चोरी को अंजाम

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




सिमगा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत केसदा में शनिवार रात्रि को पंचायत के अधिन एक काम्पलेश की दुकान में अज्ञात चोरो द्वारा धावा बोलते हुए संजय कपड़ा व चप्पल की दुकान में चोरो ने चोरी की धटना को अंजाम दिया गया। जो की चोरों ने दुकान के सटर की लॉक को खोदकर तोड़ा गया हैं। और सुबह के समय गांव वालो ने दुकान का ताला टुटा देखकर गांव की सरपंच सुश्री किरण धुव्र को जानकारी दी गई। उसके उपरांत दुकान संचालक किवी यशवंत देवागांन व सरपचं किरण धुव्र सिमगा पुलिस थाना पहुंचकर घटना की जानकारी थाना प्रभारी चौहान सर को देते हुए ए फाई आर दर्ज करायी उसके उपरांत धटना स्थल गांव केसदा में सिमगा पुलिस की टिम तुरंत एक्शन मोड पर आते हुए जांच पड़ताल के लिए धटना स्थल पर पहुंचकर दुकान के अंदर बचे समानो का मुआना भी किया व आस पास दुकान में पूछताछ भी किया । वही सोसाईटी में लगे सी सी कैमरा फुटेज से कुछ जानकारी मिलने का असार भी था जिसे भी सिमगा पुलिस द्वारा देखा गया। दुकान में चोरी का समान का आकलन दुकान मालिक द्वारा करीब पाँच से छै लाख रुपए तक लगाया जा रहा हैं। चोरी की धटना से आसपास के दुकान संचालको में दहशत का माहौल है। वही सिमगा पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों की पतासाजी में जुटे हुये हैं।

# ग्राम बारुका में किया गया ग्राम रक्षा समिति का गठन

- ग्राम रक्षा समिति में जुड़े व्यापक संख्या में ग्रामीणजन

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com




ग्राम बारुका में किया गया ग्राम रक्षा समिति का गठन । ग्राम रक्षा समिति में जुड़े व्यापक संख्या में ग्रामीण जन। ग्राम स्तर पर अपराध नियंत्रण हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान।ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों ने कहा सामाजिक बुराई को मिटाने में करेंगे पुलिस का सहयोग । पुलिस कप्तान द्वारा चलाये जा रहे स्नेह छाया की दी गयी जानकारी । पुलिस कप्तान भोजराम पटेल के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण में जिला पुलिस द्वारा ग्राम स्तर में अपराध नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर ग्राम रक्षा समिति का गठन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बारुका में जाकर थाना प्रभारी विकास बघेल के नेतृत्व में ग्राम रक्षा समिति का गठन किया गया।

इस अभियान में ग्राम बारुका के लोग व्यापक संख्या में उपस्थित रहे। थाना प्रभारी द्वारा वहाँ उपस्थित लोगों से ग्राम स्तर पर अपराध नियंत्रण, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, अनैतिक क्रियाकलापों, बाल विवाह, टोनही प्रताड़ना, अंधविश्वास आदि सामाजिक बुराइयों बचने तथा समाज मे व्याप्त नशा, जुआ, सट्टा एवं महिला अत्याचार आदि गतिविधियों के संबंध में तत्काल थाना को सूचित करने के संबंध में बताया गया। उपस्थित ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

थाना प्रभारी बघेल के द्वारा पुलिस कप्तान भोजराम पटेल द्वारा संचालित योजना स्नेह छाया के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकरी दिया गया साथ ही पुर संचालित योजनाओं चेतना, ई-प्रहरी, मिशन रोड सेफ्टी, गुड सेमेरिटन आदि कार्यक्रमों में भी योगदान करने का आग्रह किया गया, साथ ही साथ चिटफंड कंपनियों के झांसे में नहीं आने, सायबर क्राइम से बचने, एटीएम फ्रॉड से बचने, यातायात नियमों का पालन करने, जेवर चमकने वाले ठगों से सावधान रहने तथा अन्य प्रकार के फर्जी एजेंटों से सावधान रहने के संबंध में अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम दौरान निरीक्षक विकास बघेल, प्रधान आरक्षक डिगेश्वर साहू, गौतम साहू, आरक्षक योगेश ठाकुर, शिवलाल तिर्की, रविशंकर सोनवानी, दिलीप तिवारी के साथ साथ ग्राम बारुका के सरपंच, उपसरपंच, सचिव, वार्ड पंच, ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्ति, तथा ग्राम स्तर पर गठित महिला कमांडो के सदस्य व अन्य महिला व पुरूष व्यापक संख्या में उपस्थित रहे।

# नगर की मूलभुत सुविधाओं और विकास कार्यों के लिए धावा बोला, प्रभारी मंत्री को मांग पत्र सौंपा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन अपने पार्षदों के साथ विभिन्न सम्याओं के निराकरण को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपे ज्ञापन । आज गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू का नगर आगमन हुआ वही प्रभारी मंत्री के द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस में क्षेत्र सहित नगर की समस्याओं को लेकर लोगो से चर्चा किये ।

इस अवसर पर गरियाबंद नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फु मेमन अपने पर्षदो के द्वारा नगर की समस्याओं के निराकरण के लिए मांग पत्र सौंपा । इस मांग पत्र के आधार पे अध्यक्ष गफ्फु मेमन ने बताया कि नगर के विभिन्न मार्गो में धूल ब्याप्त है जिसके चलते उन मार्गो में कोई वाहन गुजरता है तो काफी देर तक धूल के गुबार उठते रहता है ,इन मांगों को साफ कराना आवश्यक है । गरियाबंद जिला मुख्यालय होने के कारण स्थानीय नागरिकों के साथ प्रशानिक कर्मचारियों के चलते जनसंख्या ज्यादा हो चला है ,और इन्ही कारणों के चलते जल आपूर्ति नही हो पा रहा है ,जिसका जल आवर्धन का विस्तार किये जाना आवश्यक है ।

# भगवान भुवन भास्कर की आराधना का महापर्व छठ पूजा का समापन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

ब्रम्हमुहुर्त में महिलाएं सपरिवार गाजे-बाजे के साथ पूजा की सामग्री लेकर घाट पहुंची। अलग-अलग मोहल्ले व कालोनी से टोलियों में श्रद्धालु घाट पहुंच रहे थे। सुपा में पूजा की सामग्री लेकर व्रतधारी महिलाएं तालाब के पानी में उतरकर दिन निकलने से पहले ही पूर्व दिशा में भगवान सूर्य के उदय होने का इंतजार करने लगी। पूरब में लालिमा के साथ भगवान सूर्य उदित हुए, इसके साथ ही आतिशबाजी, पूजा व अर्घ्य देने का दौर शुरू हुआ। घाट में शंखनाद, घंटियां व बाजे बजने लगे। भगवान सूर्य के दर्शन के श्रद्धालुओं में हलचल होने लगा। श्रद्धाभक्ति के साथ लोगों ने पूजा अर्चना की। लोग एक दूसरे को बधाई भी देते हुए नजर आए।

### चंडी एवं रावण घाट में भी उमड़े श्रद्धालु

शुक्रवार की शाम अस्त होते सूर्य देव व सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ सूर्य अराधना का महा पर्व सूर्य सष्ठी छठ पूजा का समापन हो गया। नगर में कई दिन पूर्व से ही इसकी तैयारी की जा रही थी। पिपराहा तलाब घाट धाम के पास महानदी नदी में बने छठ घाट में काफी तैयारी की गई थी। घाट का साफ सफाई के साथ रंग रोगन किया गया था। बेदी को सजाया गया था। पंडाल बनाकर प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। झालर लाइट व बल्ब से घाट में रोशनी की गई। शुक्रवार शाम को व्रत धारी महिलाएं नदी के पानी में उतरकर अस्ताचलगामी सूर्य देव अध्य दिये। आज सुबह से ही महिलाएं पानी में उतर कर भगवान सूर्य के उदय होने का इंतजार कर रही थी। व्रतधारी महिलाओं को कुछ देर मायूस होना पड़ा। क्योंकि बदली के कारण सूर्यदेव की दर्शन नहीं हो रहे थे। कुछ देर बाद जब उगते सूर्य का हलका सा नजारा देखा तो व्रतियों ने अर्घ्य दिया और इसी के साथ व्रत का समापन छठ घाट में आये अतिथियों संत व गणमान्यो द्वारा प्रसाद वितरण किया गया ।

# किसान का पाई पाई मुआवजा देने का समय आ चुका : गिरीश

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा ग्रामीण मंडल के युवा नेता गिरीश साहू ने राज्य के कांग्रेस सरकार के ऊपर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान में हुए बारिश से किसानों की फसल में भारी नुकसान को देखने को मिला जिसमें मूल स्वरूप से छोटे किसानों तथा सभी किसानों का काफी ज्यादा नुकसान देखने को मिला वर्तमान समय में बारिश से हुए भारी भरकम नुकसान से किसानों की आर्थिक क्षति काफी मात्रा में हुई है। किसानों की फसल तो पूरी तरह से तबाह हो चुका है, जिससे कि किसानों को मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी सभी परेशानियों को देखते हुए राज्य की क ां ग्रे स सरकार अपने सूझबूझ और होश हवास के साथ अगर 1 नवंबर से किसानों की फसल लेने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती तो,वर्तमान समय मे बारिश से किसानों की फसल क्षति की समस्या न होती। भारतीय जनता किसान मोर्चा द्वारा 1 नवंबर से धान खरीदी के लिए कई बार आंदोलन भी किया गया है। जिसको राज्य के कांग्रेसी सरकार ने नकारते हुए अपना मनमानी की जिससे कि किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान उठाने का सामना करना पड़ा।

कांग्रेस सरकार से हमारी मांग है कि किसान की फसल कट करके ब्यारा व खेत, में रखा गया था जो अनावश्यक रूप से बारिश हुआ है जिसमें की सारी फसल पानी में भीग चुका है , जिससे धान सड़ जाने तथा अंकुरित हो जाने की खतरा बढ़ा हुआ है, जिसे न मंडी लेने को स्वीकार करेगी और ना ही किसी छोटे बिचौलियों द्वारा इसे खरीदा जाएगा। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए राज्य की कांग्रेस सरकार को प्रत्येक किसान का पाई पाई का मुआवजा देने का समय आ चुका है।

## अन्य राज्यों से आ रहे धान की डम्पिंग पर कड़ी कार्यवाही करें

# प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने ली विभागीय समीक्षा बैठक, गौठान निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



प्रदेश के लोक निर्माण ,गृह, जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन मंत्री तथा गरियाबंद जिला के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने गरियाबंद में सभी विभागों की बैठक लेकर कहा है कि अन्य राज्यों से आ रहे धान की खरीदी और डम्पिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होंने राजस्व, पुलिस, वन विभाग को संयुक्त रूप से लगातार निगरानी कर इसमें रोक लगाने के निर्देश दिये है। समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने सभी निर्माण एजेंसियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता से समझौता न करें। उन्होंने सभी कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। कोविड अंतर्गत विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिये गये। बैठक में राजिम विधायक अमितेश शुक्ल, कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं समस्त विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर विभागीय समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने गौठान निर्माण हेतु प्रत्येक पंचायतों में स्थल चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवे। गोधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी और वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं विक्रय की जानकरी ली गई। उन्होंने कहा कि गौठानों को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में पहल करे। कलेक्टर क्षीरसागर ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड में पांच-पांच गौठानों को चयन कर इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 26 गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण किया जाकर 9 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया जा चुका है। प्रधानमंत्री सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग सहित निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता से समझौता नहीं करने और सरकार की मंशा व जनता की जरूरतों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सड़क नहीं है, उन क्षेत्रों में पहले पुल का निर्माण करें। साथ ही कहा कि ऐसी नौबत न आये कि स्कूली बच्चों और मरीजो को जोखिम से नदी-नाला पार करना पड़े। विद्युत विभाग को इंदागांव सबस्टेशन के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युतीकृत पम्पों के लंबित कनेक्शन स्वीकृति को शीघ्रता से स्वीकृत करने और ट्रांसफर क्षमता में वृद्धि करने के निर्देश दिये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन देने के पूर्व पंचायत स्तर पर प्रस्ताव लेने और व्यवहारिक पहलुओं पर ध्यान देने के निर्देश दिये है।

राजिम मेला स्थल चयन के लिए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को स्थल का मुआयना कर साधु-संतों के आवास के लिए निर्माण कार्य प्रारंभ करने निर्देश दिये है। अनुविभागीय अधिकारी राजिम जीडी वाहिले ने बताया कि राजिम मेला आयोजन के लिए 54 एकड़ भूमि आरक्षित कर लिया गया है। मंत्री ने सभी विभागों को आगामी बजट के लिए महत्वपूर्ण कार्यो को शामिल कर बजट बनाने के निर्देश भी दिये। मंत्री ने किसानों से पैरा दान करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि पैरा जलाने के बजाय गौठानों में दान किया जाए। साहू ने खाद्य विभाग को नई सोसायटियों के गठन के लिए तैयारी करने तथा धान खरीदी के लिए बारदाना सहित प्रबंधकों और आपरेटरों की प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। वन विभाग की समीक्षा में पौधरोपण की जानकारी ली गई। प्रभारी मंत्री ने आगामी बारिश में फलदार वृक्ष लगाने के लिए अभी से तैयारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने वन क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत 94 गौठानों को राजस्व विभाग से समन्वय बनाकर गौठान निर्माण करने के निर्देश दिये है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने पुलिस विभाग के कार्यो से संबंधित पावर पाइंट प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत शाम के समय विशेष तौर पर पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बढ़ते क्राईम की रोकथाम के लिए नशीले पदार्थो की बिक्री पर नजर रखी जाए। साथ ही नशीले पदार्थ बेचने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# धनेली में हुए चोरी के मामले का खुलासा, 2 तोला सोना एवं 50 तोला चांदी 1 लाख 40 हजार बरामद

## दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जुलाई 2020 को प्रार्थी प्रधुमन कोशले उम्र 41 साल ग्राम धनेली चौकी चंदनू थाना नांदघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 24 जुलाई.2020 को सुबह 09 बजे अपनी पत्नी, बच्चों के साथ सभी लोग घर के मेन गेट में ताला लगाकर बाका खार खेत में दवाई छिड़काव करने गये थे।

मेरे दोनों लड़के को करीबन 11 बजे काम करने के बाद घर भेजा हूं कि मेरा छोटा लड़का समीर करीबन 12 बजे घर से खेत में आकर बताये कि कपड़ा लाने घर का मेन गेट का दरवाजा खोलकर आलमारी वाले कमरा में कपड़ा निकालने के लिए गया, तो देखा कमरा के अंदर आलमारी को कोई तोड़ दिया है और सामान बिखरा पड़ा हुआ है। तब हम सभी लोग खेत से घर आकर देखे कि आलमारी के ताला को तोड़कर, हंसिया पलास को छोड़कर कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तोड़कर आलमारी के अंदर रखे नगदी रकम 50,000/- रूपया एवं आलमारी के अंदर लाकर में रखे 01 तोला सोने का झुमका, 1 तोला सोने का मंगल सूत्र, 30 तोला चांदी का लच्छा कीमती करीबन 40,000/- रूपया कुल जुमला कीमती 90,000/- रूपया को कोई अज्ञात चोर के द्वारा दिन में घर के दिवाल फांदकर (कुदकर) सीढ़ी तरफ से आकर घर के अंदर प्रवेश कर आलमारी को तोड़कर आलमारी के अंदर रखे नगदी रकम सोने चांदी के गहना को चोरी कर ले गया। कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

19.नव को ग्राम तिवरैया में दिनदहाडे घर में घुसकर चोरी करने के मामले में ग्रामीणों की मदद से आरोपी नारद दास गेण्ड्रे उम्र 30 साल साकिन बिलाडी थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर हाल पता भैंसामुडी थाना खरोरा जिला रायपुर को पकड़ा गया।

आरोपी के विरूद्ध थाना बेमेतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान उक्त आरोपी को 20.नवं को



न्यायालय बेमेतरा में पेश किया गया था। आरोपी से जिले में हुये अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ करने पर चौकी चंदनू क्षेत्र के ग्राम धनेली में चोरी करना स्वीकार किया। जिस पर चौकी चंदनू थाना नांदघाट के द्वारा न्यायालय बेमेतरा से आरोपी नारद दास गेण्ड्रे को 20.नवं से 22.नवं तक पुलिस रिमांड की अनुमति प्राप्त कर उक्त आरोपी से ग्राम धनेली में हुए चोरी के घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि चोरी की सोने, चांदी के जेवरातो को बिरगांव के ज्वेलर्स दुकान में बेचना बताया। माल बरामदगी हेतु आरोपी के निशादेही पर ज्वेलर्स बिरगांव में जाकर दुकानदार से 01 तोला सोने का मंगल सूत्र गेहूदाना सहित, 01 तोला सोने का झुमका, 30 तोला चांदी का लच्छा, 20 तोला चांदी का डोंगल छाप पैर पट्टी किमती करीबन 01 लाख 40 हजार रूपये को बरामद कर बाजाप्ता सुमार किया गया।

आरोपी नारद दास गेण्ड्रे उम्र 30 साल द्वारा चोरी किये गये रकम व सोने, चांदी के जेवरातों के बिक्री रकम को जुआ सट्टा खेलकर हार जाना बताये तथा घटना में प्रयुक्त वाहन को 25 हजार रूपये में अज्ञात जुआडि के पास गिरवी रखकर 25 हजार रूपये को भी जुआ में हार जाना बताये।

प्रकरण के आरोपी शेख लतीफउददीन उम्र 40 साल के द्वारा चुराई हुई सम्पत्ति को बेईमानी पूर्वक खरीदने से प्रकरण में धारा 411,34 भादवि जोड़ा गया। प्रकरण में आरोपी शेख लतीफउददीन पिता शेख नुर मुहम्मद उम्र 40 साल साकिन हलवाई लाईन रायपुर के विरूद्ध अपराध धारा सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 22.नवं को आरोपी नारद दास गेण्ड्रे पिता मुनेश्वर ऊर्फ भुनेश्वर गेण्ड्रे उम्र 30 साल साकिन बिलाडी थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर हाल पता भैंसामुडी थाना खरोरा जिला रायपुर के साथ में माननीय न्यायालय बेमेतरा में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस व उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में किया गया।

उक्त कार्यवाही में चौकी चंदनू प्रभारी सउनि रेशमलाल भास्कर, प्र. आर. रामकुमार दिवाकर, आरक्षक जगन्नाथ साहू, सनत आडिल, रामसिंह ठाकुर, गजानंद पटेल, दिनेश साहू, घनश्याम साहू एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## रावे प्रोगाम में छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया

**मुंगेली।** इंदिरा गांधी कृषि महाविधालय (इ. गा .कृ. म.) छात्र छात्राए रावे प्रोगाम का प्रशिक्षण किया गया, इंदिरा गांधी कृषि महाविधालय संचालित कृषि विज्ञान केंद्र- चातरखार (जिला मुगेली) डी. के. एस .एवं कृषि महाविधालय एवं अनुसंधान केन्द्र भाटापारा कॉलेज, कृषि विज्ञान केंद्र डा. आर. एल. शर्मा सर जी शर-य वैज्ञानिक, क्वाडिनेटर डा. राजेश कुमार साहू के मार्ग दर्शन से कृषि महाविधालय चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राए (ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव क्रायकम)।

पोषण बाडी योजना के अतरगत चयनित गाँव सबलपुर( जिला मुगेली )में विभिन्न कार्य किये, पौध वितरण ,पौध निरीक्षण ,शा. उधानिकी गाँव बाधामुडा, मशरूम का प्रशिक्षण गाँव सुरीघाट में लिये, जैम, केंचुए की खाद, प्रपंच बनाना, बीज उपचार ,बोडो मिश्रण, एयर लेयरिग, सीड बैड, छात्र ,छात्राए के सैद्धांतिक व कृषको के प्रायोगिक अनुभव का हो रहा आदान प्रदान। इसमें उपस्थित मनमोहन सिंह, नवीन सिंह ,विनायक, आरती कुभकार थे।

## मितानिन दिवस पर ग्राम पंचायत सुरुजपुरा में किया मितानिन सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुरुजपुरा में भाजपा मंडल अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सुरुजपुरा सरपंच बलराम पटेल के नेर्तृत्व मितानिन दिवस के अवसर पर मितानिन सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बलराम पटेल ने कहा कि मितानिन बहनों कार्य समाज सेवा का सर्वश्रेष्ठ कार्य है,जो दिन-रात सतत सेवा की पहचान बन चुका है. उन्होंने कहा कि अपने स्वयं की पारिवारिक जिम्मेदारी निर्वहन के बावजूद मानव सेवा का यह भाव निश्चित ही सराहनीय है। आप सभी के परिश्रम से स्वास्थ्य की प्राथमिक सुविधाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को प्राप्त हो रहा है, आप सभी का सम्मान हमारी प्राथमिकता है।

स्वास्थ्य सेवाओ में मितानिन बहनों का योगदान ईश्वर का वरदान है, उनके समर्पण भाव से ही आज क्षेत्र का भविष्य



सुरक्षित एवं स्वस्थ है. उन्होंने कहा कि आप सभी को इस अवसर पर सम्माननित करते हर्ष व्याप्त हो रहा है। इस अवसर पर चिंताराम निषाद सचिव, पंच - मनोज पटेल,,हृदय सिन्हा, सुनित सिन्हा, सुनीति वर्मा, मंजू ठाकुर, रोजगार साहियका कुमारी शीला चेलक, करण मलोहत्रा समन्वयक, संतोषी रात्रे स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन- तीजन सिन्हा, सुक्रीता वर्मा, जगदीश चौहान, हरिलाल चौहान कोटवार, नीलधर पटेल,विरजु सिन्हा, ललित सिन्हा, दिलीप वर्मा,रोहित यादव आदि ग्रामवासी मौजूद थे।

## धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी उपार्जन केंद्रो की समीक्षा कर पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

### कलेक्टर श्री एल्मा ने ली समय सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने समय सीमा के प्रकरणों के निराकरण के संबंध मे अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जाएगी। धान विक्रय करने हेतु उपार्जन केंद्र पहुँचने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। इस हेतु उन्होने धान खरीदी केंद्रो में पहुँच मार्ग और समतलीय करण का कार्य यथा शीघ्र पूरा करने के



निर्देश दिये। धान खरीदी के पहले सभी धान खरीदी केंद्रो में साफ-सफाई, फेंसिंग की व्यवस्था , बारदाने की व्यवस्था, आद्रतामापी, उपार्जन केंद्रो में तौलबाट व्यवस्था एवं धान खरीदी के बाद धान की स्टेकिंग में डेउन्नेज की व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ ध्यान देने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने विगत वर्ष हुए ओला वृष्टि में फसल क्षति और इस वर्ष मानसून के दौरान अतिवृष्टि से हुए फसल हानि, जनहानि, मकान क्षति तथा पशुहानि के संबंध में स्वीकृत और वितरित प्रकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होने स्वीकृत एवं वितरित प्रकरणों के संबंध में जिला कलेक्टोरेट को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी, गोधन न्याय योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की। उन्होने नरवा,गरूवा,घुरूवा,बारी योजना के तहत जिले में निर्मित गोठानों के रख-रखाव, फैंसिंग, शेड़ निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट खाद आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इसी प्रकार उन्होने भूआबंटन में लंबित प्रकरण, जुग्गी झोपडी प्रकरण, जैव विविधता, स्थानीय निधि समपरीक्षक, जिले में फूड पार्क की स्थापना, वन अधिकार पात्रक, उपभोक्ताफोरम न्यायालय, मानवधिकार, पेशनर सामाज के लिए भवन निर्माण आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

## नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया, गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com

बीते 15 मार्च को खड़गंवा थाना में आकर एक युवक ने अपनी नाबालिग लड़की के संबंध में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी.प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

विवेचना में पुलिस अधीक्षक कोरिया चंद्र मोहन सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ पंकज शुक्ला तथा नगर पुलिस अधीक्षक पी पी सिंह द्वारा दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन के आधार पर



थाना प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी के द्वारा अज्ञात आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाकर आरोपी को ग्राम चम्हेडी जिला भिंड मध्य प्रदेश से पकड़ कर खडगांव थाना लाया गया।

पीड़िता के कथन मे लिया गया जो बयान आरोपी राजवीर कुशवाहा निवास चम्हेडी जिला भिंड (मध्यप्रदेश)द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले जाकर पत्नी की तरह रखकर उसके साथ शारीरिक संबंध बलात्कार बताए जाने के प्रकरण में धारा जोड़ कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। पूरे कार्यवाही में थाना प्रभारी खडग़ांव निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी एव सउनि रामबाबू दोहरे, जितेंद्र मिश्रा, संतोष साहू, इलियस कुजूर का सराहनीय योगदान रहा।

## हाईस्कूल व हायर सेकण्डरी बोर्ड पूरक परीक्षा वर्ष 2019-20 की गोपनीय सामग्रीयों का वितरण

**कोरिया।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की हाईस्कूल व हायर सेकण्डरी बोर्ड पूरक परीक्षा वर्ष 2019-20 की गोपनीय सामाग्रीयों का वितरण दिनांक 23-11-2020 विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़, सोनहत व भरतपुर को एवं 24-11-2020 विकासखण्ड बैकुन्ठपुर व खडगवां को समय प्रातः 10.30 से समन्वयक संस्था शा बहु कन्या उ मा वि बैकुन्ठपुर में होना है। उन्होंने उक्त तिथियों में मुख्य परीक्षा के परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य 02 अतिरिक्त पेटी (02 कुन्दा का) के साथ कोविड-19 से बचाव हेतु सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए अनिवार्य रुप से उपस्थित होकर अपने एवं अनुपूरक विद्यालय का गोपनीय सामग्री प्राप्त कर थाने में रखेगें तथा अनुपूरक विद्यालय के प्राचार्य को तिथि अनुसार विषयवार प्रश्नपत्र का वितरण कर परीक्षा उपरांत अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का संग्रहण कर थाने में सुरक्षित रखेंगे तथा मा शि मंडल के दिशा निर्देश अनुसार कार्यवाही करने कहा है। इसके साथ ही मुख्य परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य अपने साथ अनुपूरक विद्यालय (पूरक परीक्षा केन्द्र) के प्राचार्यों की उपस्थिति भी समन्वयक संस्था शा बहु कन्या उमावि बैकुन्ठपुर में सुनिश्चित करेंगे, जिससे उनके परीक्षा केन्द्र के गोपनीय सामग्री का मिलान सुनिश्चित हो सके।

## ऋतंभरा साहित्य समिति का दीपावली मिलन समारोह आयोजित

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



स्थानीय प्रेस क्लब परिसर में नगर की प्राचीन और प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था ऋतंभरा साहित्य समिति का दीपावली मिलन समारोह कासाहित्यकारो द्वारा आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए नारायण वर्मा ने समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएं, बधाई देते हुए समिति की रचनात्मक गतिविधियों के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा बनाए जाने की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन नरेश वर्मा ने अत्यंत उत्साह पूर्वक कर कवियों में काव्यस्फूर्ती का संचार कर दिया। कार्यक्रम के उत्तरार्द्ध में समिति के वरिष्ठ कवि एम एल वैद्य के दुःखद देहावसान पर शोक - सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में सुरेश वाहाने, रघुनाथ देशमुख, नवीन कुमार तिवारी, मोतीलाल श्रीवास्तव, सूर्यप्रकाश कुशवाहा, विक्रम शाह ठाकुर, नौशाद सिद्दीकी, लखनलाल साहू, रज्जाक अहमद, हेमलाल साहू, कामता प्रसाद साहू, बिसरू राम साहू, रवीन्द्र कुमार थापा, यशवंत यश सूर्यवंशी ने स्वरचित रचना पठन कर अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**जोन क्र. 5, रायपुर**
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 188/2020-2021
दिनांक 19.11.2019
**वार्ड का नाम- डॉ.खूबचंद बघेल वार्ड-68**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड-68 वार्ड स्थित भवन/भूमि **R.P.R.567I00455 ख.नं. 37/4, 37/10, 37/8** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती गौरव नायक, रूस्तम नायक, चन्द्रिका प्रसाद नायक** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती आकाश पाण्डेय S/o मिश्रीलाल पाण्डेय** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
**जोन क्र. 5, रायपुर**
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 187/2020-2021
दिनांक 17.11.2019
**वार्ड का नाम- डॉ.खूबचंद बघेल वार्ड-68**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड-68 वार्ड स्थित भवन/भूमि **68/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती द्वीरीका प्रसाद S/o श्याम लाल ठाकरे** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती मीनाक्षी महेन्द्र रिन्हावत S/o पति महेन्द्र रिन्हावत** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 46/2020-2021
**वार्ड का नाम-माधवराव सप्रे वार्ड-69**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधवराव सप्रे वार्ड-69 वार्ड स्थित भवन / भूमि **69/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती धनसाय देवांगन S/o. स्व. श्री शिवनारायण देवांगन** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती सुशील कुमार यदु S/o. स्व. श्री दयालाम यदु** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 43/2020-2021
**वार्ड का नाम-माधवराव सप्रे वार्ड-69**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधवराव सप्रे वार्ड-69 वार्ड स्थित भवन / भूमि **RPR869F00605, F-605** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती मधुलिका श्रीवास्तव W/o. पवन सहाय श्रीवास्तव** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती नितिन जैन S/o. धरम जैन** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com

**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 44/2020-2021
**वार्ड का नाम-माधवराव सप्रे वार्ड-69**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माधवराव सप्रे वार्ड-69 वार्ड स्थित भवन / भूमि **69/नया** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती छबीराम साहू S/o. सरजूराम साहू** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती हेमा खरे W/o. स्व. अतुल खरे** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
**जोन आयुक्त**
जोन क्र.-8
नगर पालिक निगम, रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम**
(जोन -4) रायपुर छ.ग.
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे मोतीबाग चौक

**-: ईश्तहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्र.क्र. 204, 2020-2021
वार्ड का नाम -सिविल लाईन वार्ड-47

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिविल लाईन वार्ड-47 वार्ड स्थित भवन / भूमि **47/1009 श्याम नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती नेली सिंग पति रामसिंग** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री प्रकाश मसीह पिता श्री नेलसन मसीह** ने वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेंगी, जिसके लिये यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जाने।

मुहर
**जोन कमिश्नर**
जोन क्र. -04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-75/899 द्वितीय तल** में **ईश्वर उत्तम राव धार्मिक पिता श्री उत्तम राव धार्मिक** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 18.02.2010 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन को विक्रय हेतु दिनांक **12.10.2020** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन **श्रीमती सरिता हियाल पति स्व. श्री साधुराम हियाल** के नाम से निष्पादित कर विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर



**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास भवन योजना के अंतर्गत, दुकानों/भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-10/112 भूतल** में **श्रीमती दिशी दुग्गल पति श्री आशीष दुग्गल** को भाड़ाक्रय/स्ववित्तीय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **29.06.2017** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 29.06.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्रीमती रेखा टंडन पति श्री नवीन टंडन** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर



**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com
क्र.-3458 दिनांक : 13.11.2020

**-: आम-सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित अरपा परिसर योजना के अंतर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से दुकान क्रमांक 25 भूतल में **श्री उमाकांत सेन पिता श्री शंकल लाल सेन** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य/एकमुश्त आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 08.11.2011 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 20.10.2020 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त दुकान **श्री राजीव त्यागी पिता स्व. श्री ओम प्रकाश त्यागी** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित, दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

मुहर
**संपदा अधिकारी**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,कबीर नगर, रायपुर

## संपादकीय

# चीन की नई चाल, भूटान की जमीन पर कब्जा

**भूटान** निश्चित रूप से टकराव का नया बिंदु बनेगा क्योंकि बीजिंग ने डोकलाम के निकट उसकी कुछ जमीन पर कब्जा कर लिया है। चीन भारतीय सीमा के निकट लगातार जमीन पर कब्जे की रणनीति अपना रहा है जिससे उसके साथ हो रही वार्ता निरर्थक हो गई है। उसकी विस्तारवादी नीतियां पूरी तरह साफ हैं। अब खबर आई है कि उसने भूटान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए डोकलाम के निकट उसकी सीमा के दो किलोमीटर भीतर एक स्थाई बस्ती बनाई है। हालांकि, बाद में भूटान के राजदूत ने इससे इनकार किया, लेकिन यह आश्चर्यजनक नहीं है। बीजिंग ने हमारे सहयोगियों से लेनदेन में महारत हासिल कर ली है, लेकिन उपग्रह तस्वीरों से उसकी कारगुजारी स्पष्ट है। डोकलाम के निकट चीनी बस्ती की खबर पहले सीजीटीएन न्यूज़ प्रोड्यूसर शेन शिवेई ने साझा की थी जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी-सीपीसी का मुहरा संगठन माना जाता है। हालांकि, बाद में इसे हटा लिया गया था, लेकिन पहले सारी सुविधाओं वाली एक बस्ती की फोटो डाली गई थी। शायद यह चीनी प्रचार युद्ध का एक तरीका है जिससे वह सीमावर्ती देशों को अपनी क्षेत्रीय व आर्थिक महत्वाकांक्षायें मनवाने का दबाव डालता है। उसकी नजर पहले से भूटान पर गड़ी है जहां उसने डोकलाम के निकट एक वन्यजीव अभयारण्य में घुसपैठ की है। इसके साथ ही नेपाल के सीमावर्ती गांवों पर भी चीन के कब्जे की खबरें आई हैं। भारत से 2017 में टकराव के बाद चीन ने डोकलाम में तनाव घटाने के कदम उठाए थे, पर उसकी महत्वाकांक्षाओं पर विराम नहीं लगा है। डोकलाम के निकट चीन की मजबूती भारत के उत्तरपूर्वी राज्यों, खासकर अरुणाचल प्रदेश तक पहुंचने वाले चिकन नेक क्षेत्र को खतरे में डालती है जिसे चीन 'दक्षिणी तिब्बत' कहता है। बीजिंग ने 1996 में सामलुंग व जकारलुंग में 495 वर्ग किलोमीटर भूमि पर अपना दावा छोड़ने के लिए भूटान से बदले में डोकलाम में 269 वर्ग किलोमीटर जमीन लेने का 'प्रस्ताव' किया था। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बातचीत के बाद उसने इस मोर्चे पर थोड़ी राहत दी, पर एक साल के भीतर गलवान में आक्रामकता दिखा कर दोनों नेताओं के बीच बनी सहमति तोड़ दी जिससे द्विपक्षीय संबंध और खराब हो गए। चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलएसी पर अपने रक्षा ढांचे की समीक्षा कर रहा है। गलवान के बाद उसने सीमा के मध्य, सिक्किम के सामने व पूर्वी क्षेत्रों में अपनी स्थितियां मजबूत की हैं। वह इन स्थानों पर सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगा रहा है तथा उसने तिब्बत में चालक रहित हवाई वाहनों-यूएवी की संख्या बढ़ाई है व हवाई अड्डों का विस्तार किया है।

भूटान टकराव का नया बिंदु इसलिए बन रहा है क्योंकि चीन तिब्बत पर कब्जे के समय उसकी भारत के साथ निकटता भूल नहीं पा रहा है। चीन ने परंपरागत वाटरशेड सिद्धान्त नहीं स्वीकार किया है जो भूटान और तिब्बत की सीमा निर्धारित करता है। उसने भारत की तरह ही यहां भी क्षेत्र पर अपने दावे किए हैं। 1981 से चीन के साथ विभिन्न स्तरों पर असंख्य बार बात हुई है जिसमें 2003 के बाद विशेष प्रतिनिधियों के बीच 22 दौर की वार्ता शामिल है। इसके बावजूद सीमा विवाद नहीं सुलझा है और चीन 1959 की दावा रेखा मानने पर जोर दे रहा है। चीन कुछ अन्य क्षेत्रों पर दावा छोड़ने के बदले में चुशुल में जमीन लेने के लिए भारत पर दबाव डाल रहा है। लेकिन उसके दबाव में आए बिना भारत को एलएसी के सभी क्षेत्रों में यथास्थिति बनाए रखने पर जोर देना चाहिए। चीन ने सितंबर में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता के बावजूद अपनी रणनीति में परिवर्तन नहीं किया है। 12 नवंबर को उसने दावा किया था कि भारत व चीन के बीच सैनिकों की वापसी की विस्तृत अंतिम योजना की बात 'गलत' है। चीन ने हांगकांग में लोकतंत्र-समर्थकों के खिलाफकार्रवाई तेज कर दी है तथा वह आस्ट्रेलिया को कठोर आर्थिक फैसलों की धमकी दे रहा है। बीजिंग भारत के मित्रों और हमारे खिलाफबहुआयामी आक्रामक नीति पर चल रहा है।

# समानता आधारित हो कोविड का उपचार

## मंदी तथा नौकरियों के होने वाले नुकसान के अलावा, एक जायज़ विश्वास यह है कि सामान्य जीवन वापस लौटने में जितना भी विलंब होता है, उतने ही आर्थिक कष्ट पैदा होंगे।



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

पिछले गुरुवार को, भारत अमेरिका में कोविड संक्रमण के मामलों का आंकड़ा 9 मिलियन पहुंचने के बाद आंकड़ों के मामले में दूसरा देश बन गया है। यह कोई उपलब्धि नहीं है, यद्यपि नीति नियंता इस तथ्य के चलते कुछ राहत महसूस कर सकते हैं कि इस घातक संक्रमण की संख्या 8 मिलियन से 9 मिलियन तक पहुंचने में 22 दिनों का समय लगा। पूर्व में एक मिलियन की बढ़ोतरी में लगने वाला समय 11 से 13 दिन का होता था। यह दोहराने की आवश्यकता नहीं है कि हम खतरे के निशान को पार कर चुके हैं। जैसा कि यूरोप के अनुभव से स्पष्ट जाहिर हुआ है, लोगों को सर्तकता बरतने के मामले में शायद ही कोई राहत मिलती है कि महामारी विकराल रूप धारण कर ले। भारत की राष्ट्रीय राजधानी, दिल्ली में भी स्थिति ऐसी ही है, जहां दीवाली पूर्व त्यौहार से जुड़ी गतिविधियां मानसूस के मौसम के सभी लाभों को नष्ट करने वाली साबित हुई हैं। यह अज्ञात है कि पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने से शहर की प्रदूषित हवा ने कोविड-19 संक्रमणों में उछाल आने में भूमिम का अदा की है, लेकिन निश्चित रूप से लोगों ने जिस हवा में सांस ली उससे कोई फायदा नहीं हुआ।

हालांकि, सामूहिक जमावड़ों के बारे में सामान्यीकरण करना कठिन होता है, मुख्यतः धार्मिक त्यौहारों से जुड़े, जो बड़े पैमाने पर संक्रमण को फैलाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। केरल में निश्चित रूप से ओणम त्यौहार ने राज्य में संक्रमित लोगों की संख्या बढ़ा दी जिसने कभी महामारी प्रबंधन में अग्रणी होने का दावा किया था। फिर भी, उत्सुकतापूर्वक बिहार में लोकतंत्र का पंथनिरपेक्ष उत्सव जिसमें बड़ी राजनीतिक रैलियां आयोजित हुईं थीं और सामाजिक दूरी शून्य के बराबर रही, वहां कोरोनावायरस के प्रसार पर कोई दृश्य प्रभाव नहीं पड़ा।



आज दुनिया भर में सभी निगाहें उन दवा कम्पनियों पर टिकी हुई हैं जो ऐसी वैक्सीन ईजाद करने में लगी हुई हैं जो इस वायरस का प्रतिरोध कर सके। लगभग हर प्रकार की प्रगति, चाहे वो आक्सफोर्ड में हो अथवा कहीं रूस में, उस पर निकट से निगरानी रखी जा रही है। अभी तक परीक्षणों के परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं और उम्मीद की जा रही है कि लोगों को जनवरी 2021 से बाबत कुछ चमत्कार दिखने अवश्य ही प्रारम्भ हो जाएंगे।

पश्चिम बंगाल में, बड़ा भय यह था कि एक सप्ताह से दुर्गा पूजा से संबंधित गतिविधियां स्वास्थ्य संबंधी संकट पैदा करेंगी। भय जायज़ था चूंकि राज्य में सत्ताधारी दल ने प्रायः यह धारणा पैदा की थी कि त्यौहारों का आयोजन अन्य सभी चीजों पर हावी रहा। हालांकि, उच्च न्यायालय कठोर प्रतिबंधों के साथ आगे आया कि लोगों ने एक छोटे समूह के अपवाद को छोड़कर प्रतिबंधों का पालन किया। इस सप्ताह उच्च न्यायालय एक बार फिर छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाते हुए आगे आया, जो राज्य में वृहद बिहारी समुदाय का एक अत्यंत लोकप्रिय त्यौहार है।

न्यायपालिका की हस्तक्षेपकारी भूमिका ने प्रायः इस आधार पर आलोचनाओं को जन्म दिया है कि न्यायाधीश कार्यपालिका के काम में दखलंदाज़ी कर रहे हैं। यह न्यायिक सक्रियता के परीक्षण का स्थान नहीं है, महामारी के दौरान भी। ज्यादा महत्वपूर्ण है यह कि, कोविड-19 के बड़े पैमाने पर भय के बावजूद, लोगों में उन प्रतिबंधों पर खीझ बढ़ती जा रही है जो इस वर्ष मार्च से लागू किए गए थे। इस अधीरता का हिस्सा उस बोरियत से उपजा है, खासकर युवाओं के बीच। हालांकि, इसमें से अधिकतर का कारण उस बढ़ते विश्वास को माना जा सकता है कि कोविड-19 को गारंटी के साथ मारक व्याधि नहीं कहा जा सकता। निस्संदेह वरिष्ठ जन जिनको सांस संबंधी बीमारियां हैं वे जोखिम में है लेकिन अन्य आसानी से मुक्ति पाते देखे जा रहे हैं। फिर सामान्य जीवन में व्यवधान पड़ने संबंधी गंभीर आर्थिक परिणामों वाली चिंताएं हैं। मंदी तथा नौकरियों के होने वाले नुकसान के अलावा, एक जायज़ विश्वास यह है कि सामान्य जीवन वापस लौटने में जितना भी विलंब होता है, उतने ही आर्थिक कष्ट पैदा होंगे।

ऐसी स्थितियों में, अवश्यंभावी रूप से एक आकर्षण यह है कि बैंकें अंधाधुंध सरकारी दानों पर निर्भर हैं। लेकिन इसकी भी सीमा होती है कि कोई सरकार किस हद तक प्रत्येक व्यक्ति के कष्टों को कम कर सकती है। हालांकि, ईमानदारी से कहें, तो जैसा कि बिहार चुनावों ने दर्शाया है, सरकार से होने वाली मांगे बहुत ज्यादा भारी-भरकम नहीं हुई हैं। फिर भी, जल्द ही अथवा बाद में आर्थिक तबाही के राजनीतिक परिणाम होंगे।

कोई आश्चर्य की बात नहीं कि दुनिया भर में टिकी सभी निगाहें, उन दवा कम्पनियों पर हैं जो ऐसी वैक्सीन ईजाद करने में लगी हुई हैं जो इस वायरस का प्रतिरोध कर सके। लगभग हर प्रकार की प्रगति, चाहे वो आक्सफोर्ड में हो अथवा कहीं रूस में, उस पर निकट से निगरानी रखी जा रही है। अभी तक परीक्षणों के परिणाम काफी उत्साहजनक रहे हैं और उम्मीद की जा रही है कि लोगों को जनवरी 2021 से चमत्कार दिखने प्रारम्भ हो जाएंगे। यद्यपि भारतीय कम्पनियों ने वैक्सीन की आपूर्ति के लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ समझौते किए हैं, यह अभी भी अनिश्चित है कि कब देश में पर्याप्त आपूर्तियां उपलब्ध होंगी। यह निश्चित है कि वैक्सीन की उपलब्धता पर को लेकर राहत की भावना के साथ यह भी सवाल मौजूद है कि कतार में सबसे पहले वैक्सीन किसे प्राप्त होगी। यह एक महत्वपूर्ण मामला है चूंकि वैक्सीन की उपलब्धता न हो पाना किसी भी सरकार के लिए राजनीतिक समस्याएं पैदा करेगा, जिसकी आपूर्ति कम होना संभावित है, कम से अस्थायी रूप से। साथ ही साथ भाई-भतीजावाद एवं मुनाफाखोरी के आरोप भी लगना प्रारम्भ हो जाएंगे। इसलिए यह अनिवार्य हो जाता है कि प्रचालन सामग्री संबंधी तैयारियों के साथ-साथ, जो कि कहा जाता है कि जारी हैं, एक निश्चित श्रेणी निर्धारित की जाए कि किसे प्राथमिकता पर वैक्सीन उपलब्ध हो जाएगी। यूनाइटेड किंगडम सरीखे बहुत से देशों ने पहले से ही उन ग्राहकों का एक संस्तरण तैयार कर लिया है जो कि वस्तुपरक आधार पर निर्धारित किया गया है। बेहतर होगा कि भारत भी इस प्रक्रिया का अनुसरण करे।

लगभग एक वर्ष से महामारी का बहादुरी से सामना करके, अंतिम समस्या जो देश को दूर करनी होगी वह है चिकित्सीय देखभाल का का ईमानदारी से वितरण जिसकी मांग निश्चित रूप से आपूर्ति से ज्यादा होगी।

# एंटीबायोटिक प्रदूषण से बचना आवश्यक

"एंटीबायोटिक प्रदूषण पर लगाम न लगने की स्थिति में औषधि-प्रतिरोधी बैक्टीरिया ज्यादा भयानक व घातक महामारी का कारण बन सकते हैं।"



**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

पहले मनुष्यों व जानवरों के रोगकारकों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध सामान्य नहीं था। लेकिन आज मल्टी ड्रग प्रतिरोधी बैक्टीरिया आम हो गए हैं जिससे हमारे स्वास्थ्यरक्षा प्रदाताओं के सामने बड़ी चुनौती आई है तथा मनुष्यों की मृत्यु दर बढ़ रही है। वैज्ञानिक प्रमाणों से संकेत मिलते हैं कि एंटीबायोटिक प्रतिरोध जीन्स व एंटीबायोटिक पर्यावरण में एक बड़ा खतरा पैदा कर रहे हैं जो नए स्वास्थ्य संकट का कारण बन सकता है। इसके कुछ बड़े स्त्रोतों में पशुपालन फर्मों से निकलने वाला कचरा, एंटीबायोटिक विनिर्माण फर्मों से निकलने वाला गंदा पानी तथा अस्पतालों का कचरा है। खाद या कंपोस्ट भी एंटीबायोटिक प्रदूषण का चिन्ताजनक स्त्रोत है। प्रयोग होने वाले उत्पादों के मानकीकरण या अनिवार्य परीक्षण की व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय स्तर पर तैयार होने वाली खाद और कंपोस्ट उत्पाद बड़े पैमाने पर एंटीबायोटिक अवशेषों तथा प्रतिरोधी बैक्टीरिया से भरे रहते हैं।

कोविड-19 के कारण बड़े पैमाने पर औषधि-प्रतिरोधी संक्रमणों में अचानक वृद्धि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। 'रिव्यू आन एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस' प्रकाशन के अनुसार, हर साल दुनिया में प्रतिरोधी संक्रमणें के कारण 7,00,000 लोगों की जान जाती है और आने वाले दिनों में यह आंकड़ा बढ़ेगा। इसमें अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक दुनिया भर में 10 मिलियन लोगों के सामने सक्रमणों के प्रतिरोधी स्ट्रेनों का खतरा पैदा होगा। इससे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र इस स्तर तक कमजोर हो जाएगा कि वह छोटी-मोटी बीमारियों जैसे मूत्र तंत्र संक्रमणों से भी अपनी रक्षा करने योग्य नहीं रह जाएगा। यह मानव शरीर के हानिकारक बैक्टीरिया का घर बनने के कारण होगा। एंटीबायोटिक पर्यावरण बैक्टीरिया के लिए भी चयन का दबाव डालते हें और वे एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी व्यवस्थायें विकसित करते हैं।



दुनिया भर में पर्यावरण में एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। अमेरिका में शहरी नदियों व नदियों की तलहटी में बाल्टीमोर जैसे शहरों में एंटीबायोटिकों का बढ़ा स्तर दिख रहा है। इसके बाद अमेरिका में पर्यावरण अधिकारियों के साथ नगर अधिकारियों ने स्थानीय जल भंडारों में प्रदूषण रोकने के असाधारण कदम उठाए हैं। भारत को भी वैश्विक घटनाक्रम पर नजर रखते हुए अपने परिवेश में एंटीबायोटिक प्रदूषण की गंभीरता पर गौर करना चाहिए। एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी सुपरबग विभीषिका गंभीर हो रही है और देश में हर साल लगभग 60,000 नवजात इनके कारण मर रहे हैं। एंटीबायोटिक प्रदूषण रोकने के लिए भारत को सभी संभावित प्रदूषकों तथा संभावित हाटस्पाट की सूची बनानी चाहिए। अध्ययनों के अनुसार एंटीबायोटिक प्रदूषण गंदा जल शोधन प्लांटों में सबसे ज्यादा है और यहीं से बैक्टीरिया पर्यावरण में मिल कर मानव रोगकारकों में नए व खतरनाक स्ट्रेन पैदा करते हैं। इसके साथ ही भारत और चीन दुनिया के सबसे बड़े एंटीबायोटिक निर्माता हैं और वे हवा तथा पानी में भारी मात्रा में प्रदूषक छोड़ते हैं। देश में यह प्रदूषण दशकों से जारी है। समझा जाता है कि यह सुपरबग संक्रमणों को जन्म देता है जो सभी ज्ञात औषधियों के प्रतिरोधी होते हैं।

देर से ही सही, पर देश में खासकर नदियों में इस प्रकार के प्रदूषण के प्रति जागरूकता पैदा हुई है। जनवरी में विनिर्माण इकाइयों द्वारा पर्यावरण में छोड़े जाने वाले एंटीबायोटिक कचरे के संकेन्द्रण स्तर को सीमित करने के बारे में एक विधेयक का प्रारूप पेश किया गया था। इसका उद्देश्य मनुष्यों को जोखिम न्यूनतम करना है। इस कदम की ओर फौरन अंतरराष्ट्रीय शोध समुदाय का ध्यान गया है जो खासकर पर्यावरण में एंटीबायोटिक प्रदूषण पर काम कर रहा है। गुटेनबर्ग विश्वविद्यालय के एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस रिसर्च विभाग ने भारत सरकार के प्रस्तावित विधेयक को समस्या से निपटने हेतु 'भावी लंबी छलांग' बताया है। हालांकि, यह सही दिशा में स्वागत योग्य कदम है, पर विधेयक के प्रारूप से आगे बढ़ने की जरूरत है। सरकार को एंटीबायोटिक दवायें बनाने वाली कंपनियों पर कठोर नजर रखते हुए नियमित रूप से उनके द्वारा पर्यावरण व खासकर पानी में छोड़े जाने वाले कचरे के आयाम, गुण व सीमा पर नजर रखनी चाहिए। इसके साथ ही यह सूचना संबंधित कंपनियों के वेबपोर्टल पर जारी की जानी चाहिए ताकि अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय क्लाइंट उनकी पर्यावरण के प्रति जवाबदेही का आंकलन कर सकें तथा डेटा में पारदर्शिता दिखाई दे। इन उपायों से कंपनियां पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य मानकों का पालन करने के लिए मजबूर होंगी तथा प्रदूषकों को भारी जुर्माना अदा करना पड़ेगा। बेलगाम रहने पर एंटीबायोटिक प्रदूषण के कारण पैदा औषधि-प्रतिरोधी बैक्टीरिया ज्यादा व्यापक व घातक महामारी को जन्म दे सकते हैं। इनके परिणामों को समझ कर फौरन उपयुक्त कदम उठाए जाने चाहिए।

## फरमाया



**मैं** इस बैठक के माध्यम से यह जानकारी देना चाहता हूं कि 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा-अन्नाद्रमुक गठबंधन बना रहेगा।

**- ओ पनीरसेल्वम**
अन्नाद्रमुक नेता



**सरकार** लव जिहाद की घटनाओं पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए कड़ा कानून लाने पर विचार कर रही है।

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**25** नवंबर को आयोजित स्पीकरों के सम्मेलन के दौरान विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के बीच बेहतर समन्वय बिठाने पर चर्चा होगी।

**- ओम बिरला**
लोकसभाध्यक्ष

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## अच्छा या बुरा?

**भारत** में टेलिविजन ब्रॉडकास्टर और विज्ञापनदाताओं दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है, जिसकी अद्वितीय पहुंच और दर्शकों की संख्या से इसका आनंद मिलता है। हालांकि, टीवी देखने का एक माध्यम है। भारत सरकार ने देश को डिजिटल सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया की शुरुआत की। लेकिन दूसरे विचार में, अधिकांश इभारतीय टेलीविजन की वजह से नकली समाचारों और उथले शो से बीमार हैं। तबलिगी जमात मामले में टीवी चैनलों ने जिस तरह से झूठ फैलाया और जिस तरह से उन्होंने सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या की कहानी को विकृत किया, उसने पत्रकारिता के हर नियम और यहां तक कि शालीनता के नियमों का भी उल्लंघन किया। इसके अलावा, टेलिविजन का ओवरडोज आपको वास्तविकता का एक विकृत अर्थ देता है। टीवी का रहस्यमय प्रभाव बढ़ जाता है, जब यह प्रभावशाली दिमाग में आता है। लंबे और असुरक्षित समय तक टीवी देखने को भी बच्चों में आक्रामक व्यवहार से जोड़ा गया है। अब, ठहराव का बटन दबाएं और अपने आप से पूछें; मैं रोज टीवी के सामने कितना समय बिताता हूं। क्या टेलीविजन मेरे भविष्य के लिए अच्छा है?

**- खुशबू वेद**, उज्जैन

## देवउठनी एकादशी पर साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक की प्रस्तुति

देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह को लेकर प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विनय कुमार पाठक बिलासपुर ने अपनी कुछ पंक्तियां प्रस्तुत की है।

आगे तिहार जेठोनी के
तुलसी मंडवा गड़ाना हे,
कुसियार में सजाना हे।
सालिक राम संग बिहा के,
वृंदा के सती बचाना हे।।
पथरा तार के बनगे पथरा ,
तुलसीमाई के धरे अंचरा ।
कथा कहानी बताये हे,
नोहय जी ये ह मुँह अंखरा।।
करम भुगतना सब ल परथे,
का मनखे का भगवान ।
गरब गुमान सब छोड़व,
बनव सुग्घर इनसान ।।
देवता मन ह जागिन हे,
तुंहर जागे के पारी हे।



अवईया जेठोनी के जम्मो संगवारी मन ल अगुवा के बधई पठोवत हंव संगवारी हो। जय जोहार

# ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के पास हुए पाइपलाइन का संधारण कार्य पूर्ण

## जल प्रदाय सुचारू रूप से जारी, महापौर के प्रयासों से 12 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट से 4 ओवरहेड टैंक को पानी दिया जा रहा है! नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 अंतर्गत नवनिर्मित ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप पाइप लाइन में लीकेज हो जाने के कारण इसे सुधारने के लिए निगम की टीम के दिन रात लगे होने के बाद इसे 13 नवंबर को पूर्ण कर इस पाइप लाइन से जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है! 800 द्वद्व की डीआई मुख्य पाइप लाइन 66 एमएलडी से निकलकर शहर के विभिन्न टंकियों में पानी सप्लाई करती है! मुख्यत: यह पाइपलाइन वर्तमान में नेहरू नगर, फरीद नगर, स्मृति नगर और रिसाली को जलापूर्ति कर रही है! ट्रैफिक पुलिस स्टेशन परिसर के नीचे से ही पाइपलाइन गुजरी हुई थी, जिसे बगल में ही शिफ्ट कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के भवन निर्माण कार्य के दौरान पाइप लाइन में लीकेज की जानकारी प्राप्त हुई थी, लीकेज धीरे-धीरे बढ़ने पर इसने बड़ा रूप धारण कर लिया था! 66 एमएलडी के मुख्य पाइप लाइन होने के कारण आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर संधारण कार्य शीघ्र ही पूर्ण कर लिया गया। ट्रैफिक पुलिस स्टेशन के समीप से ही दो पाइपलाइन गुजरी हुई है एक 66 एमएलडी से कनेक्टेड है और दूसरी 77 एमएलडी से जुड़ी हुई है! पाइप शिफ्टिंग के दौरान जल प्रदाय व्यवस्था प्रभावित न हो इसके लिए 77 एमएलडी के पाइप लाइन से नेहरू नगर, रिसाली, फरीदनगर और स्मृति नगर की टंकियों में जलापूर्ति की जा रही थी परंतु अब शिफ्टिंग कार्य पूर्ण हो जाने पर 66 एमएलडी से जल प्रदाय सुचारू रूप से 4 ओवरहेड टंकियों में दिया जा रहा है। महापौर के प्रयासों से अमृत मिशन फेस टू के तहत 12 टंकियों का निर्माण महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के प्रयासों से 12 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य पूरा हो गया है!

66 एमएलडी प्लांट शुरू होने के बाद से आने वाले गर्मी के दिनों में शहर के सभी वार्ड के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी मिलेगा। 66 एमएलडी की क्षमता वाले फिल्टर प्लांट के निर्माण के बाद इसकी टेस्टिंग पूरी कर ली गई है! रिसाली क्षेत्र के पुरानी टंकी को भी इस फिल्टर प्लांट से जल प्रदाय किया जा रहा है!

फरीद नगर में सुबह एवं शाम दोनों समय जल प्रदाय किया जा रहा है! शीघ्र ही 66 एमएलडी से शेष 8 ओवरहेड टंकियों में जलापूर्ति की जाएगी।

# फसल बीमा- किसान रबी फसलों का बीमा 15 दिसम्बर तक करा सकेंगे

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2020-21 के तहत रबी फसलों को प्रतिकूल मौसम जैसे - सूखा, बाढ़, कीट व्याधि, ओलावृष्टि, प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान से बचने के लिए कृषकगण 15 दिसम्बर 2020 तक बीमा करा सकते है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ऋणी किसान ऐच्छिक आधार पर फसल बीमा करा सकते हैं। किसान को निर्धारित प्रपत्र में हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर 2020 के 7 दिवस पूर्व संबंधित बैंक में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। किसान द्वारा निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र जमा नहीं करने पर संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत अथवा नवीनीकृत की गई अल्पकालीन कृषि ऋण का अनिवार्य रूप से बीमा किया जाना है।

कृषि विभाग बेमेतरा के अधिकारियों ने बताया कि अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान, जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हो। वे बुआई पुष्टि प्रमाण पत्र क्षेत्रीय पटवारी या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना में सम्मिलित हो सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी फसलों के लिए 1.5 प्रतिशत कृषक प्रीमियम राशि निर्धारित है। जिसके तहत कृषक को प्रति हेक्टेयर चना फसल के लिए 555 रूपए तथा सिंचित गेहूं की प्रति हेक्टेयर फसल के लिए 450 रूपए प्रीमियम देना होगा। गेहूं असिंचित के लिए फसल हेतु 330 रूपए प्रति हेक्टेयर की दर से प्रीमियम देय होगा।

बीमा योजना अंतर्गत ऋणी किसानों का बीमा संबंधित बैंक, सहकारी समिति द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाएगा। उन्हें केवल घोषणा एवं बुवाई प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अऋणी किसानों को बैंक, सहकारी समिति एवं लोक सेवा केन्द्र में बीमा प्रस्ताव फार्म, नवीनतम आधारकार्ड, बैंक पासबुक, भू-स्वामित्व साक्ष्य बी-1 पांचसाला अथवा किरायदार अथवा साझेदार किसान का दस्तावेज, बुवाई प्रमाण पत्र एवं घोषणा पत्र देकर बीमा करा सकते हैं।

किसानों द्वारा फसल बीमा कराने के लिए अपने संबंधित समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदाय कंपनी (एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड), लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं।

एक की अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में कृषक को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना कृषक को संबंधित बैंक को देनी होगी।

ऋणी एवं अऋणी किसानों के द्वारा समान रकबा, खसरा को दोहरा बीमा कराने की स्थिति में किसान के समस्त दस्तावेज को निरस्त करने का अधिकार बीमा कंपनी के पास होगा। किसान द्वारा अधिसूचित फसल के नाम में बदलाव करने के लिए संबंधित बैंक में लिखित रूप से बोनी प्रमाण पत्र, बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के दो दिवस पूर्व जमा कर फसल परिवर्तन कर सकते है।

फसल बीमा कराने के लिए सभी ऋणी एवं अऋणी किसानों को आधार कार्ड की नवीनतम छायाप्रति संबंधित बैंक या संस्थान को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना होगा। आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में फसल बीमा नहीं किया जा सकेगा।

# संपत्तिकर के बकायेदारों को नोटिस जारी

### 254 लोगों को 173 तथा 125 लोगों को धारा 174 के तहत भेजा नोटिस नोटिस के बाद भी भुगतान नहीं किया तो होगी कुर्की की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com







नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संपत्तिकर के बकायेदारों को निगम प्रशासन ने सख्ती से कार्यवाही करने के लिए नोटिस जारी करना प्रारंभ कर दिया है, संपत्तिकर के प्रभारी अधिकारी एवं उपायुक्त तरुण पाल लहरें ने छोटे बड़े ऐसे बकायेदारों जो वर्ष 1999 से वित्तीय वर्ष 2019-20 तक संपत्तिकर की राशि जमा नहीं किए हैं ऐसे लोगों को धारा 173 एवं धारा 174 के तहत नोटिस जारी करना प्रारंभ कर दिया है! अब तक 256 बकायेदारों को नोटिस जारी किया जा चुका है! पहले नोटिस की मियाद खत्म होने के पश्चात 125 लोगों को दूसरी नोटिस भेजी जा रही है, इसके बाद भी यदि समय अवधि में निर्धारित राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो कुर्की की कार्रवाई की जा सकती है!

निगम द्वारा ऐसे बकायेदारों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। पूर्व में संपत्तिकर जमा नहीं करने वाले बकायादार को कुर्की का नोटिस आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी द्वारा जारी किया गया था!

आयुक्त के लगातार मॉनिटरिंग करने से ही संपत्तिकर जमा करने वाले बकायादार की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। अब बकायेदारों पर शिकंजा कसने की कयावद प्रारंभ कर दी गई है, ताकि लक्ष्य के अनुरूप वसूली की जा सके। 30 नवंबर तक देय संपत्तिकर जमा करने पर 2त्त की छूट नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए संपत्तिकर निर्धारित अवधि के पूर्व राशि जमा करने वाले भवन/भूमि स्वामियों को 30 नवंबर 2020 के भीतर देय संपत्ति कर जमा करने पर 2प्रतिशत छूट का फायदा मिलेगा! इसके पूर्व अप्रैल एवं मई माह में 6.25त्त की रियायत तथा जून एवं जुलाई माह में 5प्रतिशत की छूट तथा अगस्त 1 सितंबर में 4प्रतिशत की छूट निर्धारित देय संपत्तिकर जमा करने पर दी गई थी!

करदाता जितनी जल्दी अपनी देय संपत्तिकर जमा करेंगे उन्हें उतना ही छूट का फायदा मिलेगा।

# सेक्टर 5 में बन रहे शाहिद पार्क का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेक्टर 5 में रायपुर राजधानी की तरह ही मरीन ड्राइव की तरह शहीद पार्क बनाया जा रहा है। जहां शहीदे आजम भगत सिंह की देश की सबसे बड़ी मूर्ति स्थापित की जाएगी। जिसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। भिलाई महापौर देवेंद्र यादव सहित विधायक कुलदीप जुनेजा ने सेक्टर 5 पहुंच कर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

शनिवार को विधायक कुलदीप जुनेजा भिलाई प्रवास पर रहे। एक जरूरी काम से भिलाई आए जुनेजा ने शहर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण महापौर यादव के साथ किया। महापौर यादव ने विधायक जुनेजा को बताया कि सेक्टर 5 में शहीद भगत सिंह जी की सबसे बड़ी मूर्ति लगाई जाएगी। सिविक सेंटर के पास स्थित इस तालाब में लोग परिवार सहित घूमने आएंगे। इसके लिए करीब डेढ़ करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। महापौर ने संबंधित निगम के जोन अधिकारियों ने निर्माण कार्य की जानकारी ली।

तब अधिकारियों ने बताया कि 75 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और जल्द ही बचा हुआ काम भी पूरा हो जाएगा। ऐसे में महापौर श्री यादव ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

# भुवन पटेल बने छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट यूनियन प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर दुबे के निर्देशानुसार दुर्ग संभागीय अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह ने कबीरधाम जिला के भुवन पटेल को यूनियन का जिलाध्यक्ष नियुक्ति किया है। ज्ञात हो कि 29 नवम्बर को बोड़ला विकासखण्ड के वनांचल ग्राम पंचायत चिल्फिघाटी में संभागीय पत्रकार सम्मेलन व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाना है।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए यह जिम्मेदारी भुवन पटेल को दिया गया है। भुवन पटेल के जिला अध्यक्ष बनने पर संगठन के जिलाउपाध्यक्ष इलियास खान, जिला कोषाध्यक्ष गुरुदीप सिंह, बोड़ला ब्लाक अध्यक्ष महेश मानिकपुरी, लोहारा ब्लाक अध्यक्ष राधेश्याम यादव सहित जीवन यादव, मनोज बंजारे, वेद साहू, संजु लहरे, हेमंत बंजारे, प्रहलाद साहू, रविशंकर साकत, फोरोज खान, गनपत अग्रवाल, लालाराम यदु सहित अन्य सदस्यों ने बधाई दी।

# ओमप्रकाश यादव बने केंद्रीय जेल दुर्ग के संदर्शक, गृह विभाग ने जारी की सूची



**कुम्हारी।** राज्य शासन गृह विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर छत्तीसगढ़ जेल नियमावली के नियम 15 (1) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए ब्लॉक युवा अध्यक्ष कुम्हारी से ओमप्रकाश यादव को तीन वर्ष कालावधि के लिए जिला जेल दुर्ग के लिए अशासकीय संदर्शक सदस्य नियुक्त किया गया जिससे नगर में उत्साह का माहौल है।

इस उपलब्धि से ओमप्रकाश यादव को जहां ब्लॉक जिला एवं तमाम कुम्हारी जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों एवं समस्त गणमान्य कांग्रेसियों द्वारा बधाई संदेश ज्ञापित किया गया।

# सर्व ब्राह्मण महिला मंच ने मनाया आंवला नवमी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच के द्वारा आंवला नवमीं का त्यौहार मनाया गया इस अवसर पर महिला मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में आंवला पेड़ का विधिवत पूजन कर यह त्यौहार मनाया। भोजन प्रसादी का भी व्यवस्था सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच ने किया कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय ने कहा कि आज आंवला के पेड़ की पूजा की जाती है यह एक सनातन परंपरा है आज के दिन आंवला के पेड़ की पूजा सनातन धर्मी पूरे विधि विधान से करते हैं शास्त्रों के मुताबिक नवमी से लेकर पूर्णिमा तक भगवान विष्णु का आंवले के पेड़ पर वास रहता है अक्षय नवमी का यह दिन इतना विशेष होता है कि किसी भी कार्य की शुरूआत बिना किसी मुहूर्त देखे की जा सकती है वही संतान प्राप्ति के लिए इस दिन आंवले के पेड़ की विधि विधान से पूजा व व्रत करना फलदाई होता है सभी दुख व रोग दूर होते हैं इसे इच्छा नवमी भी कहा जाता है।

सर्व ब्राह्मण महिला मंच की अध्यक्ष वर्षा गौतम ने इस अवसर पर कहा कि अक्षय नवमीं को लेकर मान्यता है कि इस दिन लोग जिस इच्छा के साथ आंवला पेड़ की पूजा करते हैं उनकी वह इच्छा जरूर पूर्ण होती है इसलिए इसको अक्षय नवमी के साथ इच्छा नवमीं भी कहते हैं शास्त्रों के मुताबिक इसी दिन महर्षि च्यवन ने आंवला का सेवन किया था जिसके बाद उन्हें पुनः नव यौवन की प्राप्ति हुई थी इसलिए इस दिन आंवला का सेवन जरूर किया जाना चाहिए। सर्व ब्राह्मण समाज के मुख्य सलाहकार नंद किशोर पांडे ने इस अवसर पर कहा कि आंवला नवमीं का त्यौहार मनाने के पीछे वैज्ञानिक कारण भी छिपा हुआ है वैज्ञानिकों के अनुसार आंवला के पेड़ की पूजा होती है तो मौसम तेजी से बदल रहा होता है ऐसे में इस दौरान आंवला के पेड़ के करीब आना और उसका सेवन करना लाभकारी होता है इसलिए सनातन धर्मी आंवला पेड़ की पूजा कर आंवला का सेवन भी इस दिन आवश्यक रूप से करते हैं। सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंच के द्वारा आयोजित आंवला नवमीं के इस कार्यक्रम में आंवला पेड़ की पूजा अर्चना के पश्चात भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई थी इस अवसर पर मुख्य रूप वर्षा गौतम,प्रमिला पाण्डेय, आरती पाण्डेय, माया पाण्डेय, वर्षा दुबे, श्रध्दा दुबे, नंदनी पाण्डेय, रोशनी, प्राची,अर्चना पाण्डेय, साधना तिवारी, मोना, शिल्पी,कान्हा आर्यन, भूपेन्द्र गौतम, अनिल दुबे, कृष्णकुमार पाण्डेय के साथ बड़ी संख्या में विप्रजनों कार्यक्रम में शामिल हुए।

# लोकवाणी में 25, 26 एवं 27 नवंबर को फोन करके करा सकते हैं रिकॉर्डिंग

**13 दिसंबर को प्रसारित होगी 13 वीं कड़ी**

**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार छत्तीसगढ़ सरकार दो वर्ष का कार्यकाल विषय पर प्रदेशवासियों से बात करेंगे। इस संबंध में कोई भी व्यक्ति आकाशवाणी रायपुर के दूरभाष नंबर 0771-2430501, 2430502, 2430503 पर 25, 26 एवं 27 नवंबर को अपरान्ह 3 से 4 बजे के बीच फोन करके अपने सवाल रिकॉर्ड करा सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की 13 वीं कड़ी का प्रसारण 13 दिसंबर को होगा।

लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्रों, एफएम रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

## महापौर एवं विधायक यादव ने शिविर में पहुंचकर लिया जायजा

# महिलाओं को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने दाई-दीदी क्लीनिक प्रारंभ

### महिलाओं से मिलकर पूछा उनका कुशलक्षेप

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com







नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महिलाओं को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने दाई-दीदी क्लीनिक के माध्यम से महिला चिकित्सा स्टॉफ ने सेक्टर 6 के स्लम क्षेत्र में पहुंचकर शिविर का आयोजन किया! माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा दाई-दीदी क्लीनिक का शुभारंभ करने के बाद आज से भिलाई की महिलाओं को इसका स्वास्थ्य लाभ देना प्रारंभ कर दिया गया है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव आज शिविर स्थल पर पहुंचे! वहां उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज कराने आए हुए महिलाओं से उनके कुशलक्षेप के बारे में पूछा और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की! अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविर स्थल के बारे में पूर्व से जानकारी अवश्य देवें। ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों एवं महिलाओं तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि परीक्षण एवं इलाज अब महिला चिकित्सक द्वारा किए जाने पर निस्संकोच महिलाएं आगे आएंगी और रोग मुक्त रहेंगी। महिलाओं के मुफ्त इलाज के लिए विशेष तौर पर दाई-दीदी क्लीनिक को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना में शामिल किया गया है। जहां पर महिला चिकित्सक से क्षेत्र की महिलाएं बेझिझक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर पाएंगी। इस क्लीनिक में 41 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है! महिला चिकित्सक की टीम में महिला फार्मेसिस्ट, महिला नर्स, महिला डॉक्टर उपस्थित रहकर महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ दे रहे हैं! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने स्वास्थ्य शिविर स्थल पर बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए हैं! महिलाएं प्रातः 8.00 बजे से 3.00 बजे तक पहुंचकर दाई-दीदी क्लीनिक में स्वास्थ्य परीक्षण करा सकती है।

दाई-दीदी क्लीनिक को लेकर महिलाओं में उत्साह प्रथम दिन ही महिलाओं में दाई-दीदी क्लीनिक को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। सेक्टर 6 स्लम क्षेत्र की 30 महिलाओं ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इनमें से 7 महिलाओं का क्लीनिक के लैब में टेस्ट किया गया। 16 महिला मरीजों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। ज्यादातर महिलाओं ने आज शुगर, रक्त जांच, हिमोग्लोबिन और यूरिन टेस्ट कराया! शिविर में संगठित, असंगठित तथा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकारो का पंजीयन कार्य भी किया जा रहा है। पंजीयन फार्म का वितरण कर इसे संग्रहित भी किया जा रहा है। निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए पंजीयन आवश्यक है। इसलिए अनिवार्य रूप से पंजीयन कराकर स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। महापौर के निरीक्षण के दौरान निगम उपायुक्त तरुण पाल लहरें एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद रहे!

## क्विक न्यूज

### गायत्री शक्तिपीठ चांपा में ट्रस्टी का हुआ चयन



**जांजगीर।** आज गायत्री शक्तिपीठ चांपा में गायत्री शक्ति पीठ के नए कार्यकारिणी कि गठन किए गया जिसमें मुख्य रूप से प्रहलाद राठौर, संतोष कुमार कश्यप, मलजय राम राठौर, सत्येंद्र श्रीवास,प्रीति देवी राठौर गीता नरेश कुमार राठौर, टिकेश्वर प्रधान को ट्रस्टी के रूप में स्थापित किया गया। जिस पर जिला समन्वयक बी. आर.चन्द्रा ने बैठक पूर्ण किया बैठक में उपस्थित रामकुमार राठौर जी.पी.राठौर सुंदर लाल कौशिक कार्तिक राम साहू राधे श्याम साहू के. एन सोनी मनहरन सिंह रामपाल कश्यप मनीराम उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत लिमतरा में मनाया गया मितानिन दिवस

**सक्ती।** शक्ति विकासखंड के ग्राम पंचायत- लिमतरा में 23 नवम्बर को मितानिन दिवस मनाया गया,सरपंच राजेंद्र साहू, सचिव दादूलाल यादव, एवं टेमर सेक्टर एमटी नीरा वाघमारे, मितानिन संतोषी भारद्वाज, मितानिन सावित्री जांगड़े एवं पूर्व पंच चंद्रभूषण जांगड़े, तिजमति भारद्वाज, पंचगण- बालेश्वरी भारद्वाज, धर्म सिंह भारद्वाज, संतोष भारद्वाज, भुवन साहू, रंखा बाई नट, एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित हुए एवं मितानिनों को श्रीफल नारियल एवं साड़ी भेट कर सम्मानित किया गया।



# पुलिस जांच में बिना मास्क घूम रहे 424 व्यक्तियों का कटा चालान

- बिना मास्क, सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराने जिला पुलिस सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत चला रही अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन द्वारा 21 नवबंर को जिले में मास्क पहनने, सोशल/फिजिकल डिस्टेसिंग का पालन करने तथा प्रतिष्ठानों को उनके लिए निर्धारित किए समय के पहले अथवा बाद में संचालित नहीं करने जैसे रक्षात्मक उपायों को अनिवार्य रूप से अपनाने एवं उनका कड़ाई से पालन करने के लिए आदेश जारी किया गया है। उक्त निर्देशों का उगंघन करते पाए जाने पर अधिरोपित किए जाने वाले जुर्माने की राशि में वृद्धि की गई है।

इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को जिला प्रशासन के नियमों का कड़ाई से पालन कराने अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर पालन कराने निर्देशित किया गया है। बीते दिन शाम पांच बजे से देर रात तक एक साथ सभी थानाक्षेत्र में पुलिस की जांच कार्यवाही प्रमुख चौक-चौराहों में देखी गई है। इस दौरान बिना मास्क/फेस कवर के पैदल, दुपहिया में घूम रहे 424 लोगों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई है।

विदित हो कि जिला प्रशासन द्वारा दुकान, प्रतिष्ठान संचालन के लिए जारी दिशा-निर्देश के विपरीत निर्धारित समय से पूर्व या बाद में दुकान या प्रतिष्ठान खुला पाये जाने पर 5 हजार रुपए अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा एवं इसकी पुनरावृत्ति किए जाने पर दुकान/प्रतिष्ठान सील कर दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों में मास्क/फेस कवर नहीं पहनने की स्थिति में 500 रुपए होम क्वारेंटीन के दिशा-निर्देशों का उगंघन किए जाने की स्थिति में एक हजार रुपए जिला प्रशासन द्वारा दुकान/प्रतिष्ठान संचालन के लिए जारी दिशा-निर्देशों के विपरीत निर्धारित समय से पूर्व या बाद में दुकान/प्रतिष्ठान खुला पाये जाने पर 5 हजार रुपये जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। दुकानों व व्यवसायिक संस्थानों के मालिकों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग, फिजिकल डिस्टेसिंग का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में बिना मास्क पहने व्यक्ति को वस्तु या सेवा देने पर एक हजार रुपए सार्वजनिक स्थलों पर थूकते हुए पाए जाने की स्थिति में 100 रुपए उक्त जुर्माना अदा न करने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ महामारी रोग अधिनियम, 1897 (1897 का 3)के अधीन निर्मित विनियम, 2020 के विनियम 14 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का 45)की धारा 188 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## डहरिया के नगर आगमन पर केरा चौक में स्वागत किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगर प्रशासन मंत्री डॉक्टर शिव कुमार डहरिया के नगर आगमन पर केरा चौक में नागरिकों ने उनका भव्य स्वागत किया, और उन्हे केरा चौक में अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापना हेतु मांग पत्र सौंपा तथा उन्हें यह अवगत कराया कि यह चौक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म शताब्दी वर्ष 1991 से उनकी मूर्ति स्थापना के लिए चिन्हांकित है, तथा नगर का यह वार्ड अंबेडकर वार्ड के रूप में शासकीय रिकॉर्ड में अंकित हो चुका है। चिन्हांकित इस स्थल पर डॉ. बाबा साहब की एक तस्वीर रखी गई थी। जिस पर डहरिया जी ने माल्यार्पण करते हुए सादर नमन किया। उनके बाद अध्यक्ष नगर पंचायत श्रीमती अंजनी मनोज तिवारी, उपाध्यक्ष मनोज यादव पार्षद ७ मनोज तिवारी, वार्ड 10 पार्षद निरंजन कश्यप, सरोज सारथी, डॉ ए. आर. बंजारे, कमला प्रसाद खूँटे, गजानन जांगड़े (गज्जू), मनोज दिवाकर, अजय बंजारे, अधिवक्ता शत्रुघ्न बंजारे, भूषण खटकर आदि जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने डहरिया जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। डॉ. डहरिया ने ज्ञापन का अवलोकन कर यह आश्वासन दिया कि 29 साल पुराने चिन्हांकित इस स्थल पर आगामी 14 अप्रैल 2021 तक मूर्ति स्थापना करने की कार्यवाही कर दी जायेगी। इसके लिए अपने मातहतों को निर्देश दिया। मंत्री जी के इस निर्देश से खुश होकर उपस्थित जनों ने उनके तथा बाबा साहेब अंबेडकर अमर रहें के नारे लगाए। इसके पश्चात डॉ. डहरिया अपने समर्थकों के साथ स्थानीय विश्राम गृह के लिए प्रस्थान कर गए।

## मकान खरीदी के नाम पर धोखाधड़ी

**रायगढ़।** शिकायतकर्ता बुटूराम महंत पिता स्व. लाभो दास महंत निवासी जुटमील झोपड़ी पारा रायगढ़ के शिकायत पत्र की जांच उपरांत 21 नवंबर को अनावेदक जितेन्द्र गुप्ता पिता सहदेव गुप्ता निवासी प्रगति नगर सुपेला भिलाई जिला दुर्ग वार्ड नं 21 कैम्प के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। शिकायत जांच दौरान शिकायतकर्ता बुटूराम महंत बताया कि करीब दो वर्ष पहले अपने परिचित रतन बंगाली से अपना झोपड़ी पारा जूटमिल रायगढ़ स्थित मकान को बिक्री करने की बात किया था। रतन बंगाली जमीन दलाल जितेन्द्र गुप्ता सा. प्रगति नगर सूपेला भिलाई के बारे में बताया और संम्पर्क कर लो बोला और बताया कि जितेन्द्र गुप्ता शिवम लॉज रायगढ़ में रूका है। तब बुटूराम महंत उससे जाकर संम्पर्क किया तो जितेन्द्र गुप्ता व उसका साथी रवि द्विवेदी सा. दुर्ग के साथ उसके मकान को देखने जूटमिल आए और 16 लाख में उसके मकान को किशन अग्रवाल के पास बिक्री करवाए। बुटूराम महंत, जितेन्द्र गुप्ता को बताया था कि वह झोपड़ीपारा का मकान बिक्री के बाद दूसरा मकान लेगा जिस पर जितेन्द्र गुप्ता, बुटूराम महंत को बोला कि उसे पन्द्रह दिन के अंदर मकान दिलवा देगा और कई जगह मकान दिखाया पर किसी भी मकान मालिक से नहीं मिलवाया। मई 2019 में जितेन्द्र गुप्ता लोचन नगर का एक मकान दिखवाया मकान खाली था।

## पंडित भोलाशंकर तिवारी के निवास पर महामृत्युंजय जाप एवं अखंड रामायण कथा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग शक्ति में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक एवं विद्वान पंडित भोलाशंकर तिवारी के नवधा चौक स्थित निवास पर 19 नवंबर से महामृत्युंजय जाप, रुद्राभिषेक कार्यक्रम,आंवला नवमी पूजा, सोलह सोमवार उद्यापन, एवं अखंड रामायण कथा का वृहद आयोजन चल रहा है, तथा इस आयोजन में स्वयं पंडित भोलाशंकर तिवारी सहित अन्य पंडित गण प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम को संपन्न करा रहे हैं, तथा पंडित भोलाशंकर तिवारी के निवास पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन के दर्शन करने हेतु शहर के विभिन्न मोहल्लों सहित विभिन्न जिलों से भी लोग सपरिवार शामिल होकर दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं,तथा 25 नवंबर को अखंड रामायण का हवन एवं ब्राह्मण पूजन का



कार्यक्रम 26 नवंबर को संपन्न होगा, तथा इस अवसर पर विद्वान पंडित भोलाशंकर तिवारी कहते हैं कि मनुष्य को अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर प्रभु की भक्ति में एवं अपने घरों में ऐसे धार्मिक आयोजन समय-समय पर संपन्न करवाने चाहिए तथा धार्मिक आयोजनों से जहां मन को शांति मिलती है वही परिवार में सुख, समृद्धि भी प्राप्त होती है, एवं प्रभु का स्मरण तथा प्रभु की भक्ति से सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण हो जाता है। वही पंडित भोला शंकर तिवारी भी विस्तार पूर्वक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हैं, तथा रुद्राभिषेक कार्यक्रम प्रतिदिन विभिन्न अलग-अलग पदार्थों से किया जा रहा है, तथा भोलाशंकर तिवारी के इस आयोजन में उनके सुपुत्र रायपुर से पधारे कृष्ण कुमार तिवारी भी अपना योगदान दे रहे हैं, उल्लेखित हो कि पंडित भोलाशंकर तिवारी विद्वान पंडित होने के साथ ही धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हैं तथा समय-समय पर स्वयं अपने निवास पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से एक धार्मिक वातावरण निर्मित कर रहे हैं, तथा इस आयोजन में तिवारी परिवार के भी सभी महिलाएं पुरुष एवं बच्चे बढ़-चढ़कर इस आयोजन का लाभ ले रहे हैं।

## महंत सक्ती के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिले

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत सक्ती के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिले। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत रायगढ़ से वापस आते समय कंचनपुर चौक पर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं हाल जाना। डॉक्टर महंत ने कार्यकर्ताओं से ग्रामीण क्षेत्र में समस्याओं के बारे में भी चर्चा की तथा हो रहे विकास कार्य के संबंध में जानकारी ली कंचनपुर चौक पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल माला लेकर स्वागत के लिए खड़े थे लेकिन उनके परिवार में शोक होने के कारण उन्होंने स्वागत से परहेज किया। वे शक्ति विधानसभा के पूर्व विधायक सरोजा मनहरण राठौर के निवास ग्राम खरवानी जाने के लिए रवाना हुए वहां कांग्रेस नेता मनहरण राठौर के पूज्य पिताजी के शोक पर शामिल हुए इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका आनंद अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत शक्ति अमित राठौर, जनपद पंचायत सक्ती के अध्यक्ष राजेश राठौर, जिला श्रम समिति के सदस्य अधिवक्ता गिरधर जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाई महबूब खान,युवा नेता समर सिंह पिंटू ठाकुर, सदर प्राथमिक शाला जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष कट्टर महंत समर्थक उगेन्द अग्रवाल पप्पू, जेल शक्ति के अशासकीय संदर्शक राजीव जायसवाल, सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष यशवंत साहू जनभागीदारी स्कूल जुड़गा के अध्यक्ष धनेश्वर जायसवाल, कुशल पटेल, रोहित यादव, गजाधर सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## दिवाली पर लक्की ड्रा के विजेता बने मैसूर के डाकेश अग्रवाल

- अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने भी करी सहभागिता
- अग्रज्योति मासिक पत्रिका की संपादिका उषा केडिया द्वारा आयोजित किया गया था कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की मासिक अग्रज्योति पत्रिका की संपादक, प्रसिद्ध रचनाकार उषा केडिया मैसूर कर्नाटक द्वारा क्रिएटिविटी कैफे के माध्यम से देशभर के बच्चों के लिए दीपावली पर्व पर लक्की प्रोग्राम का ऑनलाइन आयोजन किया गया, जिसका प्राइस डिस्ट्रीब्यूशन 22 नवंबर को ऑनलाइन संपन्न हुआ, जिसमें सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता ने भी सहभागीता की, एवं कार्यक्रम का सफल




संचालन उषा केडिया के सुपुत्र मिस्टर यश केडिया द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर लक्की प्रोग्राम के प्रथमविजेता मैसूर के डाकेश अग्रवाल रहे एवं द्वितीय विजेता मैसूर के हर्ष केडिया एवं तृतीय विजेता जामुरिया पश्चिम बंगाल के राहुल मित्तल रहे तथा सभी विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहन सम्मान प्रदान किया गया एवं इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए क्रिएटिविटी कैफे संस्था को पूरे देश भर में विभिन्न रचनात्मक कार्यों को समय-समय पर गति देने वाली एवं बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए अग्रणी भूमिका अदा करने वाली संस्था बताया इस दौरान क्रिएटिविटी कैफे की संस्थापक उषा केडिया ने कहा कि उनकी संस्था द्वारा कोरोना काल में भी ऑनलाइन बच्चों में ड्राइंग कंपटीशन तथा अन्य प्रतियोगी प्रतिस्पर्धा आयोजित कर उनके अंदर छुपी प्रतिभाओं को सामने लाने प्रयास किया जा रहा है,तथा क्रिएटिविटी कैफे द्वारा इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर बच्चों को जोड़ा जा रहा है।

## महंत ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनहरण के पिता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने शक्ति विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनहरण राठौर के पिता हरनारायण राठौर के विगत 20 नवंबर को हुए निधन पर उनके गृह ग्राम खरवानी पहुंचकर राठौर परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की, इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष के साथ नगरपालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, नगर पालिका चांपा के पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव, जनपद पंचायत बलौदा के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया राठौर, सहित जांजगीर-चांपा जिले के अनेकों वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण उपस्थित थे, तथा इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने मनहरण राठौर से विस्तार पूर्वक चर्चा करते



हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की, तथा इस दुख की घड़ी में पूरे विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की ओर से अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनहरण राठौर के पिता के निधन पर जांजगीर चांपा जिले सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से कांग्रेसी नेता गण अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंच रहे हैं, तथा स्व. हरनारायण राठौर का दशकर्म एवं चंदनपान का कार्य आगामी 29 नवंबर को उनके गृह ग्राम खरवानी व्हाया- चांपा जिला- कोरबा में संपन्न होगा।

## ढाई माह बाद भी मुआवजा राशि नहीं मिलने से बाढ़ पीड़ितों में रोष

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

ढ़ाई माह बाद भी मुआवजा राशि नही मिलने से बाढ़ पीड़ितों में भारी रोष है । जल्दी मुआवजे दिलवाने की बातें कर पटवारी ने आवेदन लेने के दौरान बाढ़ पीड़ितों से वसूले थे 100 -100 रूपये । 28 अगस्त 2020 को शिवरीनारायण महानदी में आई बाढ़ का जल स्तर बढ़ जाने से नगर के कई वार्डों में बाढ़ का पानी घुस गया था जिसमें नगर के जनकपुर वार्ड क्रमांक एक सर्वाधिक प्रभावित रहा है। यह वार्ड महानदी के तट पर स्थित होने से बाढ़ प्रभावित डूबान क्षेत्र में है। इस वार्ड के अधिकांश परिवार गरीब व मजदूर वर्ग से हैं । बीते 28 अगस्त 2020 को इस वार्ड के अनेक मकानों के अंदर बाढ़ का पानी घुस जाने के कारण कई कच्चे मकानों के छत व



दिवालें पानी के दबाव में क्षतिग्रस्त हो गये और अनेक लोगों के घरों के विभिन्न सामान भी बाढ़ में बह गये । शासन के निर्देश पर बाढ़ पीड़ितो को राहत पहुंचाने हेतु स्थानीय राजस्व टीम ने वाड़ 1 में जाकर बाढ़ पीड़ितों की हुई नुकसानियों का सर्वे एवं आकलन कर बाढ़ पीड़ितों से मुआवजे हेतु आवेदन जमा कराया गया । बाढ़ के ढ़ाई महीने से भी अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी शिवरीनारायण के बाढ़ पीड़ितों को अभी तक मुआवजे राशि नहीं मिली है। इसे लेकर नगर के बाढ़ पीड़ितों में काफी रोष देखा जा रहा है। इस संबंध में वार्ढ क्र. 1के बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि महानदी का जल स्तर कम होने के कुछ दिन बाद शिवरीनारायण का पटवारी अपने दो सहयोगी के साथ हमारे वार्ड में आ कर बाढ़ से हुए नुकसान का सर्वे व आकलन किया और हम बाढ़ पीड़ितों से मुआवजा राशि हेतु आवेदन भरवाया और हमें जल्दी मुआवजा दिलवाने की बात कह कर पटवारी ने हम सभी आवेदकों से 100- 100 रूपये लिया और जो पैसा नही देगा उसका आवेदन मै जमा नही करूंगा कहा तब हम लोगों ने पटवारी को जल्दी मुआवजा हेतु आवेदन और 100 - 100 रूपये दिए हैं और कुछ आवेदक जो 100 रूपये नही दे पाये उसका आवेदन जमा नही किया उस आवेदन को वह इसी मुहल्ले में ही छोड़ कर चले गए ।

## आचार्य गौशाला बैसपाली में गोपाष्टमी पर्व सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रविवार को गोपाष्टमी पर्व आचार्य गौशाला बैसपाली में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं सरपंच ग्राम पंचायत नंदेली अनुसुईया सुदर्शन पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, कृशणाचंद्र पटेल, सचिव फूलचंद पटेल, शत्रुघन पटेल, सचिव सरडामाल राजेन्द्र पटेल, सचिव कुलबा, लोकेश्वर नायक एवं तिरिथराम डनसेना, रविराम साहू, तेजराम डनसेना, उदल, घनश्याम, रामनारायण, दुर्गा, दिनेश, डोलू, फनीष, घुरूवा, हेतराम, छगनलाल, मकर, लेखराम, घुरूवा सिदार उपस्थित थे। आचार्य गौशाला के अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी ने गौमाता के सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने इस अवसर पर कहा कि गोमाता की सेवा पुण्य का काम है, हमे यथा संभव



गोसेवा अवश्य करना चाहिए। इसी क्रम में ग्राम पंचायत नंदेली के सरपंच प्रतिनिधि सुदर्शन पटेल ने आयोजन में पधारे सभी गो सेवकों को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम के अंत में गौमाता को भोजन खिलाकर उपस्थित जनमानस को भोजन प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें दानदाता बढ़ चढ़ हिस्सा लिये और कार्यक्रम भव्य रूप में सफल रहा। ग्राम बैसपाली एवं ग्रामपंचायत नंदेली के सहयोग से उक्त कार्यक्रम सफल रहा।

## सैंपल कलेक्शन सेंटर में अनुपस्थित लैब टेक्निशियन्स पर कार्यवाही के निर्देश

- औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर ने कहा ऐसी लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने रविवार की सुबह नटवर स्कूल में संचालित कोरोना सैंपल कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान वहां सैंपल कलेक्शन के लिए तैनात स्वास्थ्य विभाग के लैब टेकनिशियन्स अनुपस्थित मिले। कलेक्टर भीम सिंह ने इस पर नाराजगी जताते हुए तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित कर्मचारियों पर कार्यवाही करते हुए



उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए हम ज्यादा से ज्यादा टेस्टिंग कर रहें हैं। राज्य शासन से भी इस दिशा में हमें टेस्टिंग टारगेट मिलता है। जिसे पूरा करना हमारी जिम्मेदारी है। ऐसे में सैंपलिंग कार्य के लिए संलग्न कर्मचारियों का समय से कलेक्शन सेंटर में उपस्थित रहना अत्यंत आवश्यक है।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केसरी ने बताया कि कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर अनुपस्थित लैब टेकनिशियन्स लीलाधर लक्ष्मे व देवनंदन राठिया का एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 19.11.2020

**(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)**
**प्रथम आमंत्रण**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र ''अ'' में प्रतिशत दर पर दिनांक 08.12.2020 तक आमंत्रित की जाती है :-

| निविदा आमंत्रण सू. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत . (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 190/दुर्ग (राज.)/ 2020 | जिला राजनांदगांव, (विकासखण्ड-मोहला) के ककईपार में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य। | 68.64 |

**टीप:**-उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब Portal एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

2. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय मैं भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. क्रमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग**
जी-85074/5
**दूरभाष-0788-2210876**

# दीपावली मिलन समारोह में जिले के पत्रकार पहुंचे मांझीनगढ़

## दूर दूर तक फैली पहाड़ियों की श्रृंखला और उस पर पसरी हरी भरी वादी को निहारने से मिलता है अद्भुत सुकून

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला के केशकाल वनमण्डल के अंतर्गत आनेवाले वनपरिक्षेत्र बड़े राजपुर के मुख्यालय बिश्रामपुरी से महज 13किलो मीटर की दूरी पर स्थित मांझीनगढ में कोंडागांव जिला के पत्रकारों का दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समुद्र सतह से लगभग 2664 फिट की ऊंचाई पर स्थित और लगभग 1000 हैक्टेयर में फैले माझीनगढ की भौगोलिक विशिष्ठता एवं प्राकृतिक सौंदर्यता से परिपूर्ण जंगल में मंगल का आनंद अर्जित करते हुए पत्रकारों ने माना कि थोड़ा सा आवश्यक व्यवस्था कर देने और यंहा की खुबियों का प्रचार प्रसार होने से यह स्थल प्रदेश ही नहीं देश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सूची में आकर्षक स्थान अर्जित कर सकता है।

मांझीनगढ़ के उत्तर में प्रकृति का विहंगम दृश्य अवलोकन करने के कई प्वाईंट हैं, ज़हां से दूर दूर तक फैली पहाड़ियों की श्रृंखला और उस पर पसरी हरी भरी वादी को निहारते अद् भूत शुकून मिलता है।

अपनी भौगोलिक विशिष्ठता प्राकृतिक सौंदर्यता नैसर्गिक छटा से सम्मोहित करने वाले मांझीनगढ को लेकर बताई जाने वाली जनश्रुति किंवदंती - कहानी भी बहुत रोचक एवं रहस्य रोमांच से भरपूर है। कभी यंहा बहुत ही बौने कद और बहुत बड़े बड़े कान के उईका लोगों का यंहा गढ था, जो बाहर से आकर यंहा अपना गढ स्थापना कर साम्राज्य स्थापित कर लिया था। उईका लोग तालाब खुदाई करने में माहिर थे, उन लोगों ने बहुत सारे तालाब खोद डाला था।

### गुफा नुमा खोह में आज भी पंजा का निशान

भूले भटके भी दूसरी जगह का कोई आदमी यंहा पंहुच जाता था, तो उईका समाज के लोग उसे मारकर खा जाते थे। मारने के बाद उसके खून से यंहा के खोह में पंजा का निशान लगा देते थे। यह बताते हुए लोग वहाँ पर एक गुफा नुमा खोह को दिखाते हैं, जंहा पर आज भी पंजा का निशान दिखाई देता है। यहां पर वर्ष में एक बार भादों मास में जात्रा होता है जिसमें सहभागी बनने दूर दूर से बहुत बड़ी संख्या में ग्रामीण गहरी आस्था एवं विश्वास संजोए पंहुचते हैं। मांझीन देवी की शरंण में आने से दैहिक दैविक आपदा से मुक्ति मिल जाने और देवी देवताओं का आशिर्वाद मिल जाने का पूरा भरोसा लिए हुए भी लोग यंहा पंहुचते रहते हैं।

### संयोग की बात है कि मांझीनगढ में पहली बार कोई कार से पंहुच पाया

देश दुनिया के लोगों की निगाह से ओझील रहने और गुमनामी में खोये रहने का भी मुख्य कारण यहाँ की भौगोलिक विशिष्ठता ही है। अत्यधिक ऊंचाई पर होना और वहाँ तक जाना आना बहुत दुष्कर एवं खतरनाक होना ही सबसे बड़ा अवरोधक बना रहा मांझीनगढ़ के शोहरत एवं विकास में। परन्तु केशकाल वनमंण्डल गठित होने के बाद पहली बार वनमंण्लाधिकारी के पद पर पदस्थ हुए युवा आईएफएस धम्मशील गणवीर ने ईको पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जो दूरदर्शी कदम उठाया उसका यह प्रतिफल रहा की वहाँ तक कार से भी पहुंच पाना संभव हो गया । और यह संयोग की बात है कि मांझीनगढ में पहली बार कोई कार से पंहच पाया और उसका सुखद सौभाग्य पत्रकारों को मिला। कोंडागांव जिला के अधिकांश पत्रकार छोटी कार से दीपावली मिलन में शामिल होने निकले थे, और अपनी उसी कार से ही मांझीनगढ की ऊंची पहाड़ी पर पंहुचने में कामयाब रहे।

पर्यटन विकास एवं प्रसिद्धि अर्जित करने के समस्त संभावनाओं से परिपूर्ण मांझीनगढ को इंतजार है सरकार से आवश्यक संशाधनों के लिए आबंटन का जिससे आगंतुकों को मूलभूत सुविधा सुलभ कराकर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके और पर्यटन विकास के सांथ इस पर आधारित रोजगार धंधा को फलने फूलने एवं बेरोजगारों को काम मिल सके।

# गौ रक्षा वाहिनी एवं देवराहा बाबा समिति ने गौ माताओं की आरती उतारी

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com







बैकुंठपुर में गौ रक्षा वाहिनी एवं देवराहा बाबा समिति के सभी सक्रिय सदस्यों के द्वारा गौ अष्टमी के शुभ अवसर पर प्रेमा बाग प्रांगण बाल मंदिर प्रांगण एवं विभिन्न जगह पर विचरण कर रही गौ माताओं की आरती की गई । उन्हे मिष्ठान, गुड़, चना ,रोटी खिलाकर गौ अष्टमी मनाई गई।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से देवराहा बाबा समिति के संरक्षक शैलेश शिवहरे , देवराहा बाबा समिति के अध्यक्ष आशीष शुक्ला , राजेश साहू पटना ,रवि सिंह , धीरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, संतोष यादव, महेंद्र पांडे, डब्बू , मजय तिवारी ,विजय नाथ तिवारी, सुरेंद्र सिंह छोटू ,अनुराग दुबे ,प्रसंग जयसवाल, पीयूष राजवाड़े ,जगत, पिंकू सिंह, संतोष यादव, डब्लू भैया, पिंकू राजवाड़े ,सुशील राजवाड़े ,संतोष यादव, रूपम राजवाड़े, जगत प्रसाद ,नंद कुमार यादव, पुजारी श्री मिश्रा , पुजारी श्री अभिषेक दुबे , चंद्रप्रकाश राजवाड़े, गुलशन राजवाड़े समेत गौ सेवक काफी संख्या में मौजूद रहे।

# ग्राम छमतापुर से उड़ीसा को जोड़ने वाली पुल का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



छ.ग. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने ग्राम छमतापुर से उड़ीसा को जोड़ने वाली पुल जिसकी कुल लागत 229 लाख है, का लोकार्पण किया, निःसंदेह इस पुल के निर्मित होने से छमतापुर व इसके आसपास के कई गावो को अब उड़ीसा जाने के लिए लम्बा मार्ग तय नही करना पड़ेगा वही उनका समय भी बचेगा विधायक मोहन मरकाम के ही कार्यकाल में स्वीकृत पुल के अब पूर्ण हो जाने से क्षेत्रवासियों में जहा उत्साह का माहौल है। वही उनकी इस महती मांग के आज पूर्ण हो जाने पर उन्होंने मोहन मरकाम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके साथ आज उन्होंने अपने क्षेत्र के दौरा कार्यक्रम के दौरान ग्राम छिनारी, काटागांव, बबई और गिरोला में नए लैम्प्स का उद्घाटन किया। इस लैम्प्स के खुल जाने से अब इन सभी गावो के हितग्राहियों को राशन के लिए ज्यादा दूरी तय नही करनी पड़ेगी। साथ ही वे ग्राम लुभा पहुचे जहा ग्रामीणजनों ने उनका पारम्परिक रूप से गाजे बाजे के साथ स्वागत किया । जहा उन्होंने धान खरीदी केंद्र का भी शुभारम्भ किया, इस धान खरीदी केंद्र के प्रारम्भ होने से आसपास के किसानों को अपनी धान बेचने रांधना या माकड़ी तक नही जाना पड़ेगा। जिससे उनका समय तो बचेगा ही उसके साथ साथ उन्हें परिवहन में भी आर्थिक बचत होगी।

इस अवसर पर उनके साथ जिला पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल, रमिला मरकाम, जनपद अध्यक्ष मोतीबाई नेताम, उपाध्यक्ष गौतम साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष झुमुकलाल दीवान, जिला उपाध्यक्ष रामकुमार कश्यप, सांसद प्रतिनिधि कैलाश पोयाम, चन्दर बघेल, विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम, सगराम मरकाम, बंशीलाल यादव, शंकर नेताम, विनोद सोरी, मदन पोयाम, चमराराम बघेल, शकूर खान, रितेश पटेल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नन्दू दीवान, ललित सोरी, रीतेश पटेल, पारस गॉस्वामी क्षेत्र के जनपद सदस्य सरपंच पंच पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामीणजन उपस्तिथ रहे।

# विकासखण्ड बड़ेराजपुर के सभी ग्राम पंचायतों में मनाया गया मितानिन दिवस

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com



जिला कोंडागांव के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में सोमवार को मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न ग्रामों में पंचायत द्वारा मितानिनों को साड़ी, साल से भेंट करके प्रोत्साहित किया गया। मितानिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में 24 घंटे निस्वार्थ भाव सेवा करती हैं। छत्तीसगढ़ में वर्ष 2011 से 23 नवंबर को मितानिन दिवस हर वर्ष सभी ग्राम पंचायतों में मितानिन सम्मान दिवस मनाया जाता है। मितानिनों के निस्वार्थ कार्यों से स्वास्थ्य विभाग को काफी सहयोग मिलता है,जहां विभाग के कार्यकर्ता नहीं पहुंच पाते वहां मितानिनें पारा मोहल्ले में चाहे बारिश हो धूप हो पहुंचकर प्राथमिक उपचार देती है और गंभीर स्थिति में स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने में मदद करने में तत्पर रहते हैं। सरकार द्वारा मितानिन को टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, प्रसव पूर्व चार जांच, नवजात के बच्चे के घर भ्रमण सहित कुछ सेवाएं पर शासन द्वारा प्रोत्साहन राशि दी जाती है।मितानिन को ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव के पारा टोला में रहकर लोगों को मलेरिया, दस्त, निमोनिया, बीमार नवजात, टीवी, कुष्ठ, पीलिया, कुपोषण, कृमि, गर्भवती, शिशुवती, ऊपरी आहार के घर परिवार भ्रमण, गर्भवती पंजीयन, प्रसव पूर्व चार जांच, संस्थागत प्रसव, महिलाओं की खास समस्याएं, गर्भावस्था में देखभाल, प्रसव के बाद माता के देखभाल करती हैं ।साथ ही सुरक्षित गर्भपात, महिला हिंसा रोकने, पोषण व खाद्य सुरक्षा, बच्चों का विकास, महिलाओं के अधिकार, स्तन कैंसर के लक्षण की जानकारी, पारा बैठक कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना सहित अन्य कार्यों को भी निस्वार्थ भाव से करती है।लॉकडाउन के बाद सभी घरों में लोगों को हाथ धोने, सामाजिक दूरी बनाए रखने, मास्क लगाने के लिए लगातार लोगों को जागरुक कर रहीं हैं।इसी अवसर पर ग्राम पंचायत ढोन्डरा ,बड़बत्तर, कोपरा, नौकाबेड़ा में भी मितानिन दिवस मनाया गया।इस दौरान ब्लॉक समन्वयक स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक मीना सिन्हा, एमटी माधुरी शोरी, ग्राम पंचायत ढोन्डरा के सरपंच सुरेश मरकाम, उपसरपंच पुनीत नाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बैसाखिन, मितानिन घसनीन मरकाम, रूखमणी मंडावी, गंगा नेताम, महानतीन मरकाम,लच्छनी नाग, सामबती सहित अन्य उपस्थित रहे।



## बरबसपुर और घुटरा में मितानिन दिवस मनाया

**कोरिया।** ग्राम पंचायत बरबसपुर में मितानिन दिवस का कार्य म आयोजित किया गया .से अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप बरबसपुर सरपंच झमरो बाई , ग्राम पंचायत बरबसपुर उपसरपंच, शिव कुमार राजवाड़े, रोजगार सहायक हरि ओम साहू, पंच, कमलेश साहू ,पंच आशिक जोन विशेष रूप से उपस्थित रहे .कार्य म का संचालन उपसरपंच शिवकुमार राजवाड़े द्वारा किया गया। मितानित दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत घुटरा में सविप्रा उपाध्यक्ष विधायक गुलाब कमरो ने मितानिनो को साड़ी व श्रीफल देकर उनका सम्मान किया.सम्मान समारोह के अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ विनय शंकर सिंह, जिला महामंत्री राम नरेश पटेल,सरपंच घुटरा सुशीला बाई,बाबूराम,सुनील राय सहित मितानित बहने व ग्रामीण जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने ग्राम हीरामांदला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com




सिटी कोतवाली कोंडागाँव में सुरेश कुमार नाग पिता स्व0 लक्ष्मण नाग उम्र 39 वर्ष सा0 मेंढपाल के द्वारा थाना कोण्डागांव में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उसके पिता लक्ष्मण नाग 31 अक्टूबर 2020 की सुबह 09.00 बजे खेतों में धान काटने के लिए घर से निकले थे, जो देर रात तक घर नही आये, रात लगभग 09.00 बजे भतीजा प्यारे नाग घर आकर बताया कि एक व्यक्ति ग्राम हीरामांदला में रोड पर पडा हुआ है जो लक्ष्मण नाग जैसा दिख रहा है। वहां जाकर देखने पर पता चला कि उसके पिता लक्ष्मण नाग मृत हालत पर पडे हुए थे, सीने के बांये तरफ एक धारदार चाकूनुमा हथियार धंसा हुआ था अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके पिता लक्ष्मण नाग की चाकू घोपकर हत्या कर दिये जाने की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

जिला कोण्डागांव में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनंत साहू के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव कपिल चन्द्रा के पर्यवेक्षण में अज्ञात आरोपी की पता तलाश हेतु टीम गठित किया गया। टीम के द्वारा ग्रामीणों व चस्मदीद गवाहों से पूछताछ, तकनीकी साक्ष्यों तथा मुखबीर सूचना के आधार पर ज्ञात हुआ कि घटना दिनांक के शाम को घटना स्थल पर संदेही नीलचंद निवासी हीरामांदला एवं राजेश निवासी मुनगापदर देखे गये थे, जो घटना के बाद से फरार थे।

उक्त दोनों संदेहियों की पता तलाष हेतु टीम के द्वारा उनके छिपे हुए स्थान पर दबिष देकर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा अपराध कबूल कर बताए कि ग्राम मेढपाल के लक्ष्मण नाग के साथ जमीन विवाद व आपसी रंजिश चलते लक्ष्मण नाग को मारने का प्लान किए, लक्ष्मण नाग के खेत में रखे सायकल का हवा निकालकर, आरोपियों द्वारा चाकू लेकर हीरामांदला से मेंढपाल जाने के रास्ते के जंगल मोंड में इंतजार कर लक्ष्मण नाग के द्वारा सायकल से मेंडपाल तरफ जाते समय रोककर चाकू से पीठ में वार कर हत्या करना बताए। आरोपी नीलचंद बघेल पिता सुकुलधर बघेल उम्र 30 वर्ष सा0 हीरामांदला, राजेश नाग पिता रामसिंह नाग उम्र 20 वर्ष सा0 मुनगापदर को 23 नवंबर 2020 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द पुजारी, उ.नि. अनंत सोनी, नरेन्द्र साहू, सउनि. लोकेश्वर नाग, दिनेष डहरिया, प्र.आर. नरेन्द्र देहारी, आरक्षक फरसू राम बैध, आर. लोकेश सोरी, पन्ना लाल देहारी, म.आर. गणेश्वरी कोड़ोपी, श्यामबती नाग का विषेष योगदान रहा।

# पत्रकार बंधुओं को कोरोनायोद्धा सम्मान दिया गया

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



वर्तमान समय कोरोना काल का दौर चल रहा एवं इस पूरे कोरोना काल वैश्विक महामारी के दौरान पत्रकार जमीनी स्तर से कोरोना वायरस से जुड़ी हर पल पल की खबर लोगों तक पहुंचाने काम आज बखूबी से कर रहे।

पत्रकारों द्वारा समाज मे की जा रही कार्यों को देखते हुये बी.टी.ओ.ए संचालन समिति के प्रमुख अमरीक सिंह, आरसी नाहक, और रविन्द्र सोनी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुये बताया कि नगर व समाज की जो जमीनी स्तर की खबर है उसे जन जन तक पहुँचाने और हकीकत को सामने लाने पत्रकारों की अहम भूमिका रहती हैं एवं कोरोनाकाल की इस वैश्विक महामारी में जिस तरह से पत्रकार बंधु कोरोना वायरस से जुड़ी हर पल पल की खबर लोगों तक पहुंचाने का काम कर रहे है जो काफी सराहनीय हैं। पत्रकारो की समाज मे इसी भूमिका को ध्यान में रखते हुये बी.टी.ओ.ए परिवार के द्वारा कोरोनावॉरियर्स के रुप वर्तमान में पत्रकार जिस तरह से अपनी जान की परवाह किये बिना कोरोनाकाल की इस वैश्विक महामारी में लोगो तक खबर पहुँचाने का काम किया जा रहा हैं कोरोना काल की इस महामारी के दौरान उनकी इसी योगदान के लिये बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन परिवार की ओर से किरंदुल के पत्रकार बंधुओं को कोरोनानयोद्धा के रूप में सम्मान किया गया.

इस दौरान बीटीओ संचालन समिति के प्रमुख अमरीक सिंह, आरसी नाहक, रविन्द्र सोनी, पत्रकार बंधुओ में राजेंद्र सक्सेना, अब्दुल हमीद सिद्दीकी, निशु त्रिवेदी, रामकृष्ण बैरागी, संजीव दास, शेख आजाद, एसएच अजहर, रवि दुर्गा, शेखर दत्ता, बी राम बाबू, दीपक नायर आदि मौजूद थे।

**उपार्जन केंद्रों में भी गाइड लाइन हुआ लागू समितियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रेनिंग की तैयारी**

# कोरोना : उपार्जन केंद्रों में भी गाइड लाइन हुआ लागू

## किसानों और परिवहन ठेकेदारों पर भी समान रूप से प्रभावी

पायनियर संवाददाता < बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी भी कोरोना से बचाव के उपाय के बीच होने जा रही है। जिला प्रशासन ने इसके लिए ट्रेनिंग की व्यवस्था कर ली है जिसमें समितियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से भाग लेना पड़ेगा। उपार्जन केंद्रों में कड़ाई इस बार इतनी ज्यादा होगी कि किसानों को भी इसका पालन करना अनिवार्य होगा।

1 दिसंबर से शुरू हो रही धान की खरीदी व्यवस्था में कोरोना का संक्रमण फैलने ना पाए इसके लिए पक्के इंतजाम किए जा रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग पहली शर्त होगी तो सैनिटाइजेशन और मास्क दूसरी और तीसरी शर्त का पालन हर हाल में किया जाना होगा। जिला प्रशासन अपने स्तर पर इसके लिए पहला कदम उठा चुका है। सहकारी समितियों के प्रबंधक व कर्मचारियों के साथ-साथ उपार्जन केंद्र के लिए तैनात किए जाने वाले कर्मचारियों को जिला मुख्यालय से ट्रेनिंग दिए जाएंगे। इसके बाद ही समितियां यह काम कर पाएंगी।






### सैनिटाइजेशन अनिवार्य

उपार्जन केंद्रों में सैनिटाइजेशन की सुविधा तो होगी ही लेकिन किसानों को भी अपने स्तर पर इसकी व्यवस्था करनी होगी। उपज लेकर पहुंच रही वाहनों के सैनिटाइजेशन को अनिवार्य किए जाने के संकेत मिल रहे हैं तो परिवहन में लगने वाली ट्रकों के लिए यह जरूरी होगा। यानी उपार्जन केंद्र में प्रवेश से पहले और काम खत्म करके निकलने तक के बीच होने वाले हर काम में गाईडलाईन पूरी मजबूती के साथ मौजूद होगा।



सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों के साथ उपार्जन केंद्र में काम करने वाले कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमे धान खरीदी के दौरान जरूरी गाईडलाईन के पालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। किसानों को भी जरूरी सावधानियां बरतनी होंगी।

**- सुनील कुमार जैन,** कलेक्टर, बलौदा बाजार

### ऑनलाइन ट्रेनिंग

सहकारी समितियों और उपार्जन केंद्र के अधिकारियों, प्रभारियों और कर्मचारियों को 30 मिनट की ऑनलाइन ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें बताया जाएगा कि कोविड-19 से बचाव के लिए जारी गाईडलाईन का पालन कैसे करना और करवाया जाना है? किसानों को समझाने के टिप्स भी दिए जाएंगे ताकि व्यवस्था बनी रहे।

### इन्हें भी जोड़ा जाएगा

पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ सहकारी समितियों के अध्यक्ष और सदस्य भी इस पूरी व्यवस्था में समान रूप से जोड़े जा रहे हैं। व्यवस्था बिगड़ने पर इन्हें भी जवाबदेह माना जाएगा। इसलिए गाईडलाईन के पालन के लिए किसानों को समझाने की जिम्मेदारी इन पर भी होगी। समितियों और उपार्जन केंद्रों की निगरानी भी इन्हें करनी होगी।

## विधायक चंदेल ने राजभवन जाकर राज्यपाल को दी दीपावली की बधाई



**सक्ती।** छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश महामंत्री, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने प्रदेश की राजधानी रायपुर में राजभवन जाकर प्रदेश के महामहिम राज्यपाल अनुसुईया उईके को दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक चंदेल अपनी धर्मपत्नी प्रमिला चंदेल के साथ राजभवन गये, वहां जाकर राज्यपाल को पुष्पगुच्छ, कोसे का साल एवं मिष्ठान भेटकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा राज्यपाल से उन्होंने प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा किया। विधायक चंदेल ने राज्यपाल को जांजगीर-चाम्पा जिले में आने का आमंत्रण भी दिया।

# अभिषेक सिंह की मदद से एम्स में दाखिल हुई मधु, जल्द मिलेगी कैंसर से मुक्ति

■ पायनियर में खबर प्रकाशन के बाद पूर्व सांसद ने की मदद

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खबर का असर

चिकित्स्कीय लापरवाही की वजह से पिछले वर्ष अपना हाँथ गंवाने वाली तीस वर्षीय मधु साहू वर्तमान में ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही है और कल तक वो जिला अस्पताल में


लचर चिकित्सा व्यवस्था की वजह से एक साल पहले कटा 'मधु' का हांथ, अब ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही महिला को मदद की दरकार
राजनांदगांव में इलाज होना मुश्किल, मेकाहारा के कैंसर यूनिट में हो सकता है इलाज
ऐसी है मधु की दर्दभरी दास्तान

भर्ती थी जहाँ उसका इलाज क्र पाने में असमर्थ डाक्टरों ने उसे रायपुर ले जाने की सलाह दी थी। मधु साहू की इस दर्दभरी दास्तान की खबर प्रकाशन के बाद पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने मदद का हाथ आगे बढ़ाते हुए फौरी तौर में सुबह ही मधु साहू को रायपुर एम्स भिजवाने की व्यवस्था की जहाँ कल सोमवार की दोपहर से मधु साहू का इलाज प्रारम्भ कर दिया गया और अब जल्द ही मधु साहु कैंसर को हरा कर संस्कारधानी लौटेगी।

गौरतलब है कि वर्ष 2017 में मधु के दाएं हाथ में एक घाव हुआ जिसका इलाज राजनाँदगाँव के जिला अस्पताल में करवाया गया।अस्पताल के डाक्टरों ने उसे रायपुर मेकाहारा जाने की सलाह दी और फिर अपनी पत्नी को लेकर वो रायपुर चला गया। मई 2019 में रायपुर जाने के बाद मधु को मेकाहारा में भर्ती कराया गया लेकिन चार माह तक इलाज के बाद भी जब मधु का हाँथ ठीक नहीं हुआ और गलने लगा तो डाक्टरों ने कंधे के निचे से मधु का हाथ काट देने की सलाह दी और मधु का एक हाँथ काट कर अलग कर दिया गया।

मार्च 2020 में मधु को सांस लेने में तकलीफ की हुई और जब इलाज शुरू कराया गया तो डाक्टरों ने बताया कि उसे ब्रेस्ट कैंसर है।

## नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय पार्षद पहुंचे मदद करने

खबर प्रकाशन के बाद जब मधु को एम्स रिफर कर दिया गया तो सुबह उसे भेजने के लिए एम्बुलेंस कि व्यवस्था मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी मिथलेश चौधरी ने कर दी थी और मदद के लिए नगर निगम नेता प्रतिपक्ष व् स्थानीय पार्षद राजा तिवारी पहुंचे थे। उन्होंने मधु साहू को एम्बुलेंस में शिफ्ट करके सारे दस्तावेज पूरे करवा के एम्स रवाना किया।



# मोबाइल यूनिट तैनात, बगैर मास्क मिले तो तत्काल किया कोविड टेस्ट

## कलेक्टर ने कहा फिलहाल प्रतिबंध पर नहीं, जागरुकता पर जोर, निगम और यातायात अमला कर रहा चालानी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रतिदिन दो हजार कोविड टेस्ट की क्षमता वाले राजनांदगांव जिले में कोराना संक्रमितों की बढ़ती शिनाख्त खतरे की घंटी बजा रही है। इस बीच शासन-प्रशासन टेस्टिंग तेज करने की तैयारियों में लगा हुआ है। शहर में बगैर मास्क लगाए घुमने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई व एंटीजन कोविड टेस्ट शुरु कर दिया गया है। सोमवार को नया बस स्टैंड में यातायात पुलिस के साथ ही टेस्टिंग के लिए मोबाईल यूनिट तैयार रही। यहां बगैर मास्क लगाए लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करवाते हुए उनका एंटीजन टेस्ट किया गया।

पिछले तीन दिनों से संक्रमितों का आंकड़ा 170 के ऊपर ही बना हुआ है। शहर के अलावा जिले में सबसे संवेदनशील डोंगरगढ़ इलाका है जहां रोजाना दो दर्जन से अधिक संक्रमित पाए जा रहे हैं। खैरागढ़ इलाके के हालात भी ऐसे ही हैं। हालांकि रविवार को ग्रामीण क्षेत्र से अधिक शहर में 87 पॉजिटिव मिले थे। रविवार को 1513 सैंपल कलेक्ट किए गए थे जिनमें से 173 पॉजिटिव सामने निकल कर आए। संक्रमण की दर 6 फीसद से अधिक है।



कलेक्टर टीके वर्मा बढ़ते संक्रमण को लेकर कहते हैं, हमने दिवाली के बाद टेस्टिंग बढ़ाने पर जोर दिया है। रोज 17 सौ से दो हजार के बीच सैंपल कलेक्ट हो रहे हैं। त्यौहार के बाद मास्क न पहनने पर फाईन और ऐसे लोगों की कोरोना जांच का फैसला भी लिया गया है जो कि शुरु भी हो चुका है। इस प्रक्रिया और आगे बढ़ाया जाएगा। कोरोना से बचाव को जरुरी हिदायतों को न अपनाने और लापरवाही करने वालों को लेकर कलेक्टर ने कहा कि,हम लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे हैं। सुरक्षा के मापदंड अपनाना जरुरी है। लोग अब भी लापरवाही बरत रहे हैं। दरअसल, हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे यहां कोविड से डेथ रेशियो एक फीसद से भी कम है और 100 में 99 लोग ठीक होकर घर लौट रहे हैं। इसे ही लेकर कुछ लोगों की मानसिकता बन चुकी है कि कोविड कोई बड़ी बीमारी नहीं है लेकिन इसकी असलियत वही बता सकते हैं जिन्होंने इस महामारी में अपनों को खोया है।

**सुरक्षा उपायों पर जोर, प्रतिबंध नहीं :** कलेक्टर ने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा कि, फिलहाल लोगों को जागरुक करना ही हमारा उद्देश्य है। सुरक्षा मापदंड अपनाना ही सबसे आवश्यक पहलू है। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी तरह के प्रतिबंध को लेकर कोई तैयारियां नहीं है। आगे की स्थिति को देखते हुए भविष्य में निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि, लक्षण दिखने पर या किसी संक्रमित के संपर्क में आने जैसी स्थिति पर लोगों को टेस्ट जरुर करवाना चाहिए। यह न सिर्फ उनके लिए जरुरी है बल्कि अपने परिवार और समाज को लेकर भी यह उनकी जिम्मेदारी है।

**क्या कहते हैं यूनिसेफ के विशेषज्ञ :** पिछले दिनों यूनीसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ श्रीधर ने बताया था कि नोवेल कोरोना वाइरस का संक्रमण अत्यंत घातक हो सकता है यदि लक्षण दिखने के 24 घंटे के अंदर जांच नही कराई जाए और इलाज नही शुरू किया जाए। डॉ श्रीधर ने बताया कि कोई व्यक्ति जब कोविड पाजिटिव मरीज के संपर्क में आता है तब अगले 5 दिन के अंदर उसमें सर्दी,बुखार ,सुंघने की क्षमता कम होना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं। लक्षण दिखने के दो दिन पहले व्यक्ति में वाइरस लोड अधिकतम रहता है। लक्षण नही आने पर उसे पता ही नही चलता और उसके संपर्क में आए व्यक्ति भी संक्रमित हो जाते हैं। इसीलिए बाहर जाते समय मास्क पहनना और सुरक्षित दूरी रखना अत्यंत जरूरी होता है।

### 7 दिनों के बाद शुरु होता है फेफड़ों में संक्रमण

डॉ श्रीधर ने बताया कि जिनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती है उनमे लक्षण जल्दी दिख जाते हैं अन्यथा 5 से 7 दिन में दिन फेफड़ों में असर होना शुरू होता है, सांस फूलने लगती है,आक्सीजन स्तर कम होता है,बुखार आता है। बुखार या अन्य लक्षणों को विकसित करने के 5 से 7 दिनों के बाद फेफड़ों की क्षति शुरू हो जाती है। एक बार फेफड़े खराब हो जाने पर मरीजों को सांस फूलने लगती है। रोगी को सांस फूलने से पहले ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है। यदि इस बिंदु पर सही उपचार शुरू किया जाता है, तो कई रोगियों की जान बचाई जा सकती है। जब मरीज को अगले 24 से 48 घंटे के भीतर सांस फूलने लगती है, तो यह गंभीर हो जाता है, जिसके बाद सबसे अच्छे इलाज के साथ भी रोगी को बचाना बहुत मुश्किल होता है। इसलिए, बुखार या अन्य लक्षणों के विकास के 24 घंटों के भीतर के लिए परीक्षण और नियमित रूप से ऑक्सीजन के स्तर की निगरानी करने से फेफड़ों की क्षति का बहुत पहले पता चल जाएगा और बचाव के लिए सही समय पर इलाज किया जा सकता है। डेथ आडिट में यह बात सामने आई कि अधिकांश मामलों में यदि मरीज 24 घंटे के अंदर जांच करा लेता और अस्पताल में भर्ती हो जाता तो उसकी जान बच जाती।

# नहीं तोड़ी जाएगी पुराने अस्पताल की ईमारत, निर्णय वापस लिया

## वर्ष 1944 में दान में अस्पताल के लिए दान में मिला था भवन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com


लोगों के आक्रोश और विरोध के बाद तोड़फोड़ रुका
दान के अस्पताल भवन को जमींदोज करने की तैयारी

75 वर्ष पूर्व लुनिया परिवार द्वारा लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये अस्पताल बनाकर दान दिये भवन को स्टाफ क्वार्टर बनाने की गरज से तोड़ने की खबर से अचानक फैले आक्रोश के बाद पुराने अस्पताल भवन को तोड़ने का निर्णय अंततः वापस लेना पड़ा। फिलहाल तोड़फोड़ अभियान रोक दिया गया है। इससे प्रबुद्ध वर्ग ने भी राहत की सांस ली है। इस मुद्दे को लेकर दैनिक पायनियर ने बीते शनिवार को खबर प्रकाशित भी की थी जिसका अब असर देखने को मिला है।

ज्ञात हो कि घुमका में पदस्थ अस्पताल के कर्मचारियों के लिये 2 नग एफ टाइप और 2 नग जी टाइप क्वार्टर निर्माण की शासन से स्वीकृति प्रदान की गई थी। बीएमओ के अनुसार उक्त निर्माण के लिए जगह की तलाश की जा रही थी। पंचायत से कई बार मांग की गई परन्तु कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के चलते उक्त पुराने अस्पताल भवन को तोड़ने का अव्यवहारिक निर्णय लिया गया था। इसे लेकर बीएमओ को काफी तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। भवन को तोड़ने का निर्णय भी वापस लेना पड़ा।

### बीएमओ की कार्यशैली को लेकर नाराजगी

इस मामले में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय खोब्रागडे के खिलाफ सत्तापक्ष के कई पदाधिकारी भी काफी खफा बताये जा रहें हैं। चूंकि आवासीय परिसर निर्माण के शासन के आदेश पर स्थल चयन में जल्दबाजी अथवा अदूरदर्शी निर्णय के चलते उक्त पुराने भवन को बगैर उच्चाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिये बगैर तोड़ने का प्रस्ताव भारी पड़ने का अंदेशा जताया जा रहा है।

### 1944 में किया था दान

खबर का असर

उल्लेखनीय है कि सन 1944 में क्षेत्र में फैली खतरनाक महामारी की पीड़ा से द्रवित तत्कालीन मालगुजार स्वर्गीय सेठ कानमल लुनिया ने उक्त भवन का निर्माण कर जनता को समर्पित किया था। उनके परिवार की ओर से वर्ष 1981 में प्रसूति भवन निर्माण कर पुनः दान दिया था। बाद में अस्पताल उन्नयन के चलते अस्पताल को नये भवन में शिफ्टिंग कर दिया गया। फिलहाल अस्पताल भवन में कुछ सुधार कर पुनः उपयोग किया जा सकता है। तमाम विरोध के बाद बहरहाल नये स्थान की तलाश कर ली गयी है। कुछ औपचारिकताओं के बाद बहुत जल्दी नए प्रस्तावित स्थल में स्टाफ क्वार्टर निर्माण करने की तैयारी किये जाने की खबर है।

# पाटेश्वरधाम को लेकर घिर रही सरकार, भाजपा ने खोला मोर्चा

■ वन मंत्री को घेरा, कार्यशैली पर उठाए सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव जिले के सरहद से लगे पाटेश्वरधाम में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु निर्मित भवन को हटाए जाने की वन विभाग की नोटिस और दबाव का विरोध तेज हो गया है। इस मसले को लेकर हिंदु संगठन विश्व हिंदु परिषद, बजरंग दल सहित भारतीय जनता पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। राज्य शासन का विरोध करते हुए इन्होंने पाटेश्वरशाम को दी गई नोटिस को हिंदुओं की आस्था पर चोट करार दिया है।



सोमवार को जिला कार्यालय के सामने संयुक्त रुप से भाजपा व हिंदु संगठनों ने धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को भाजपा नेताओं व हिंदु संगठनों के वरिष्ठों ने संबोधित किया। यहां वन विभाग की कार्यशैली की भर्त्सना करते हुए सरकार पर हिंदुओं की आस्था को चोट पहुंचाने के आरोप लगाए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने इस दौरान यहां मौजूद प्रदर्शनकारियों को राज्य सरकार के इस निर्णय का तीव्र विरोध करने के लिए चार्ज किया। उन्होंने कहा कि, वन विभाग द्वारा अपनाई जा रही यह कार्यशैली कतई स्वीकार करने योग्य नहीं है। उन्होंने इस मसले पर वन व जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर की भी खिंचाई की।

**ज्ञापन सौंपने हुई आपाधापी**

पाटेश्वरधाम को मिली नोटिस का विरोध कर प्रदर्शनकारियों को ज्ञापन सौंपने आपधापी करनी पड़ी। यहां मौजूद पुलिस बल ने उन्हें जिला कार्यालय के गेट पर ही रोक दिया। इस दौरान काफी देर तक दोनों पक्षों में बहस चलती रही। इस बीच अपर कलेक्टर ने बाहर आकर प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन लिया।

## समाज के योद्धाओं का एबीवीपी ने किया सम्मान

**छुरिया।** अखिल भारतीय विधार्थी परिषद् ईकाई छुरिया ने रविवार को तेंदूटोला पहुंचकर वहां के युवको द्वारा कोरोना काल के विषम परिस्थिति में सरकार के दिशा निर्देशो का पालन करते हुए व समस्त ग्रामवासी के विश्वास को साथ लेकर सुचारु रुप से



पिछले चार महिनो से निरंतर संचालित निशुल्क पाठशाला आयोजित कर रहे हैं। यहां पर विधार्थी परिषद् ने पहुंचकर समस्त विद्यार्थियों और उनको पढ़ाने वाले शिक्षको का तैलचित्र श्रीफल व गुलाल फूल माला से उनका स्वागत सम्मान करते हुए हौसला अफजाई किया। ग्रामीण युवक योगेश नागेशवर ने बताया की हम शुरुआत में एक विधार्थी को पढ़ाया। फिर धीरे धीरे विद्यार्थियों कि संख्या बढ़ने लगी। फिर ग्राम के युवक-युवती लाकेश निर्मलकर, विजय कोमलेकर, मनोज यादव, चंचल साहू, लवनिका साहू ये सभी एकजुट होकर समस्त ग्रामवासी के सहयोग से अधिक से अधिक विधार्थी को पढ़ा रहे हैं। छात्रनेता मुकेश मंडावी ने कहा कि तेंदूटोला शिक्षा का गढ़ है। युवको के कार्य कि प्रशंसा के साथ ही सभी विद्यार्थियों ने मिलकर सामाजिक सेवा करने का संकल्प लिया।



**आंवला नवमी मनाई गई**

**राजनांदगांव।** कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की नवमी पर सोमवार को आंवला नवमी मनाई गई। आंवला नवमी के चलते महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा की। सूर्योदय के साथ ही शहर में मंदिरों और अन्य स्थानों पर महिलाओं द्वारा आंवले के पेड़ की पूजा शुरू की गई। कार्तिक स्नान कर महिलाओं ने आंवले के तने की कपूर और घी का दीपक जलाकर पूजा की। आंवला नवमी की कहानी सुनी। पेड़ ग्यारह परिक्रमा कर पति और पुत्र की लंबी उम्र की कामना की। इस दिन स्नान, पूजन,तर्पण, दान का विशेष विधान है। महिलाओं ने पूजन, तर्पण, दान करके अक्षत फल की प्राप्ति की कामना की। **- फोटो अंकित श्रीवास्तव।**

## डोंगरगढ़ से एक महिला सहित चार आरोपी गिरफ्तार

# गुमशुदा महिला मानव तस्करी की शिकार हुई, दलालों ने पीड़िता को हरियाणा में बेच दिया था

पायनियर संवाददाता
◄ राजनांदगांव/डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

डोंगरगढ़ से गुमशुदा महिला एवं उसके बच्चे का मामला मानव तस्करी से जुड़ गया है। 11 सितंबर से लापता वंदना जैन एक गिरोह के फेर में फंसकर मानव तस्करी का शिकार हो गई। दो माह के भीतर ही उसे दो लोगों को बेचा गया जहां से निकलकर वह अब वापस अपने पति के पास पहुंची है। डोंगरगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वंदना और उसके 3 वर्षीय बच्चे के गुमशुदा होने की रिपोर्ट उसके पति शुभम जैन ने दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस विवेचना चल रही थी। इस बीच अचानक 22 नवंबर को महिला खुद ही अपने पति के साथ थाने पहुंचे जहां मामले का खुलासा हुआ।

दो महिने बाद लौटी पीड़ित वंदना ने बताया कि उसके पति शुभम जैन का डोंगरगढ़ के ही जुनैद खान (22) पिता अहमद अलीअली निवासी रजानगर डोंगरगढ़ से परिचय था। इसी माध्यम से ही जुनैद से उसकी पहचान हुई। महिला ने बताया कि जुनैद ने ही उसे बहला-फुसला कर कहीं और जाने की बात कही। 11 सितंबर की रात 1.30 बजे चार पहिया वाहन से आरोपी शुभम तिवारी पिता स्व अवधेश तिवारी निवासी जेल रोड व साजदा सैय्यद (32) पिता सैय्यद अब्दुल रसीद निवासी बंगाली पारा, डोंगरगढ़ उसे लेकर रायपुर हवाई अड्डे पहुंचे थे। यहां से दोनो ही आरोपी पीड़िता को



लेकर दिल्ली गए। जहां से उसे हरियाणा ले जाया गया। पीड़िता ने बताया कि वाहन की बुकिंग आरोपी सलमान खान (30) पिता अहमद खान निवासी बंगाली पारा द्वारा की गई थी।

### आरोपियों ने दो बार बेचा

पीड़िता ने पुलिस को जानकारी दी कि इन दो माह के दौरान उसे दो बार बेचा गया और शादी करवाई गई। उसने बताया कि पहले उसके बच्चे को मार देने की धमकी देकर किसी अजय नाम के दलाल के माध्यम से किसी सुरेश के पास बेच दिया गया। पीड़िता ने यहां से खुद को शादीशुदा बताकर भागने की कोशिश की जिसके बाद सुरेश ने उसे वापस लौटा दिया। इसके बाद साजदा सैय्यद, शुभम तिवारी व अजय, रेखा नामक दलालों ने उसे राजेश चमरा के पास बेच दिया जहां उसकी शादी भी करवाई गई।

### जिससे शादी करवाई उसने ही मदद की

पीड़िता ने बताया कि आरोपियों के चंगुल से निकलने के लिए उसने राजेश को अपनी आपबीती बताई जिसके बाद राजेश उसे थाने लेकर गया। यहां लॉकडाउन के दौरान उसे आश्रय मिला और तब जाकर वह ट्रेन से 22 नवंबर को दुर्ग पहुंची। यहां से वह सीधे अपने पति शुभम जैन के पास पहुंची। शुभम ही उसे लेकर थाने पहुंचा। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए डोंगरगढ़ निवासी सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर हिरासत में भेज दिया है। दूसरी ओर पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 363, 362, 366, 368, 506, 370, ए (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## कार्रवाई- जमा नहीं किया बारदाना, बाजगुड़ा उचित मूल्य दुकान निलंबित

**राजनांदगांव।** खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के लिए शासन द्वारा उचित मूल्य दुकानों से खाली बारदाने जमा करने के निर्देश दिए गए थे। विकासखंड खैरागढ़ में बाजगुड़ा उचित मूल्य दुकान द्वारा बारदाना जमा नहीं करने पर एसडीएम श्रीमती निष्ठा पाण्डेय ने दुकान निलंबित करने की कार्रवाई की। विकासखंड खैरागढ़ में संचालित उचित मूल्य दुकानों से अप्रैल 2020 से अक्टूबर 2020 तक कुल खाद्यान्न भण्डारण के आधार पर उचित मूल्य दुकानों से खाली बारदाने जमा करने के लिए समय-समय निर्देशित किया गया था। ऐसे उचित मूल्य दुकाने जिनके द्वारा शून्य बारदाना जमा किया गया है उनके विरूद्ध सहायक खाद्य अधिकारी नरेन्द्र वाहने, खाद्य निरीक्षक खैरागढ़ विनोद सागर द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान बाजगुडा की जांच की गई। जांच के दौरान पीडीएस का बारदाना जमा नहीं करने के कारण उचित मूल्य दुकान बाजगुड़ा को निलंबित किया गया।

## क्विक न्यूज

### खेत में मिली लाश तफ्तीश के बाद होगा खुलासा

**बिलासपुर।** सुबह पुलिस को सूचना मिली कि गौरेला थाना क्षेत्र के गोरखपुर बाईपास रोड के किनारे खेत मे किसी अज्ञात युवक की लाश मिली है, मौके पर पहुँची पुलिस ने देखा कि लगभग 25-30 वर्षीय एक युवक की लाश खेत मे प?ी है, जिसके सिर, नाक कान, चेहरे में गंभीर चोट के निशान है जो खून से लथपथ है और उसकी मौत हो चुकी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त की कार्यवाही शुरू की जिस दौरान मृतक युवक की पहचान सीता बाई पति शिवशंकर ठाकुर 44 वर्ष निवासी पटेराटोला सावंतपुर ने अपने बेटे राजेंद्र ठाकुर उम्र 25 वर्ष के रूप में की। मृतक की शिनाख्त के बाद पुलिस जांच में जुट गई है, जिन्होंने अज्ञात हत्यारे के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है, वही परिजनों और आस पास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# विशेष सचिव मनोज कुमार सोनी ने धान खरीदी की तैयारी के संबंध ली बैठक

- **धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करे- विशेष सचिव सोनी सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




खाद्य विभाग के विशेष सचिव मनोज कुमार सोनी की अध्यक्षता में 21 नवंबर को कलेक्ट्रेट स्थित मनियारी कक्ष में धान खरीदी की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने पीडीएस से बारदाना कलेक्शन, मिलर से बारदाना कलेक्शन, नवीन बारदाना प्राप्त होने की जानकारी, विभिन्न टेंडर स्वीकृति की स्थिति, कोचिया बिचौलिया पर निगरानी हेतु कार्य योजना, किसान पंजीयन, चबूतरा निर्माण की प्रगति, नए केंद्रों में चबूतरा की स्वीकृति, धान उपार्जन केंद्र एवं संग्रहण केंद्र में आवश्यक व्यवस्था, ड्रेनेज की व्यवस्था के साथ ही किसानों के लिए प्राथमिक चिकित्सा किट, नाका बैरियर का निर्माण एवं ड्यूटी, विगत वर्ष की गई कार्रवाई आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। सचिव श्री सोनी ने कहा कि धान खरीदी प्रारंभ होने से पहले सभी केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। पिछले वर्ष जिन धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ियां पाई गई थी, वहां कड़ी निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष फसल के अनुरूप मौसम होने से अधिक धान खरीदी की संभावना है। धान पंजीयन में किसानों की संख्या बढ़ी है जिससे खेती का रकबा भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि गिरदावरी में धान के रकबे पंजीयन हुआ है उसी के अनुरूप वास्तविक किसानों का बोया धान की खरीदी होनी चाहिए। मुंगेली जिला अन्य राज्यों की सीमा से लगा हुआ है जिसके कारण कोचियों के माध्यम से यहां अवैध धान लाने की सम्भावना बनी रहती है इसलिए सीमा में कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है। इसके लिए धान खरीदी से पहले नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर पी एस एल्मा ने बताया कि जिले में इस वर्ष 3 नए धान उपार्जन केन्द्र सहित 92 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जाएगी। जहां धान खरीदी व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी तहसीलदारों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सभी धान खरीदी केन्द्रों के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। धन खरीदी से पहले सभी धान खरीदी केंद्रों में साफ-सफाई, फेसिंग की व्यवस्था, विद्युत जनरेटर, कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट कनेक्शन, बारदाने की व्यवस्था, आद्रतामापी, उपार्जन केंद्रों में तौल बांट व्यवस्था एवं उनका सत्यापन के निर्देश दिए गए है। धान खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए प्राथमिक चिकित्सा कीट, पीने के पानी की व्यवस्था की गई है । इस वर्ष नवीन चबूतरो में धान खरीदी की जाएगी था तथा धान खरीदी के बाद धान के स्टैकिंग में ड्रेनेज की व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ ध्यान देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी तहसीलदार, खाद्य अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिले में जुआ और शराब के मामले में हो रहा इजाफा

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विगत लंबे समय से मुंगेली ब्लाक के फास्टरपुर थाना क्षेत्र में जुआ और शराब को लेकर जहां चर्चा का विषय बना हुआ है जहां जिले में इन दिनों जुआ और शराब के मामले में इजाफा देखा गया है, वही कार्यवाही के नाम पर मजह खाना पूर्ति ही नजर आ रही है मिली जानकारी के अनुसार बीते दिवाली जहां क्षेत्र में जमकर जुआ और शराब का बोलबाला रहा, वही विभाग द्वारा कोई बड़ी कार्यवाही नजर नही आई है।

**नगर सहित फास्टरपुर क्षेत्र में बोलबाला** – काफी लंबे समय से जहां मुंगेली के फास्टरपुर पुलिस चौकी परिक्षेत्र के अंतर्गत 91 गांवो में से लगभग 15-20 गांवों में लंबे समय से अवैध शराब कि बिक्री बेखौफकी जा रही है, वही फास्टरपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीजातराई सहित कुछ अन्य क्षेत्र जो जुआ के नाम से चर्चा का विषय बने रहते है इनमे भी इस दौरान कोई बडी देखने को नही मिल पाई , वही शराब के बढते मामलो के कारण धर्म नगरी सेतगंगा सहित अंचल के शांत फिज्ा अशांत होने लगी है, युवा वर्ग शराब के नशे में गिरफ्त होते जा रहे है वही महिलाएं भी प्रताड़ित हो रही है। शुष्क दिवस में भी ग्रामीण क्षेत्रों में जाम छलकते आसानी से देखे जा सकते है। उल्लेखनीय है कि छ.ग. राज्य शासन सन् 2005 में नषा मुक्त राज्य की परिकल्पना के साथ जहां कि आबादी 2000 से कम है वहां संचालित लायसेंसी शराब दुकान को बंद कर दी थी उसके उपरांत मुंगेली जिला के वनांचलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आबकारी एवं पुलिस विभाग के वरदहस्त से अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है,जिसके चलते असामाजिक गतिविधियों में इजाफा हो रही है,वहीं अनेक लोग बेमौत काल के गाल में समा गये है। अंचल में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने प्रबुद्ध वर्गो महिलाओं एवं युवाओं के द्वारा थाना प्रभारी एवं उच्च अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

# कोरोना के चलते देश की पहली कॉरपोरेट ट्रेन तेजस का संचालन आज से अगले आदेश तक बंद

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पहली कारपोरेट ट्रेन तेजस का संचालन आज से अगले आदेश तक बंद होने जा रहा है। लखनऊ नई दिल्ली के चल रही तेजस का संचालन आईआरसीटीसी के जिम्मे था।

जोकि कोरोना काल की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। क्योंकि 23 नवंबर के बाद 20 से 30 यात्री ही रोजाना सीटों की बुकिंग करा रहे थे। ऐसे में यात्री आभाव और फ्लेक्सी किराया से महंगा सफर यात्रियों को राहत नहीं दे सका।

जबकि ट्रेन में ढेरों यात्री सुविधाएं थी। बावजूद रेलवे प्रशासन यात्रियों को आकर्षित नहीं कर सके। ऐसे में रेलवे बोर्ड ने आईआरसीटीसी को 23 नवंबर से अगले आदेश तक ट्रेन को निरस्त करने के लिए आदेश दिए हैं। हलांकि आईआरसीटीसी ने रेलवे बोर्ड को 23 नवंबर से ट्रेन को निरस्त करने के लिए पत्र लिखा था। पहली बार लखनऊ से तेजस ट्रेन का संचालन चार अक्तूबर 2019 को शुरू हुआ था। अंतिम बार तेजस ट्रेन 22 नवंबर की सुबह साढ़े छह बजे लखनऊ से नई दिल्ली 200 करीब यात्री लेकर रवाना हुई।

## दीपावली में भी खाली रही सीटें

मार्च में लॉकडाउन बाद तेजस ट्रेन का संचालन 17 अक्तूबर को शुरू हुआ था। उम्मीद थी दीपावली में यात्री मिलेंगे। पर, ऐसा हो नहीं सका। जबकि एडवांस में 10 दिन का आरक्षण बढ़ाकर एक महीने कर दिया गया। बावजूद यात्री नहीं मिलने वाली वजह से 14 नवंबर को तेजस को रद्द करना पड़ा। शताब्दी, एसी स्पेशल व लखनऊ मेल पर भी संकट लखनऊ दिल्ली लखनऊ के बीच यात्रियों की कम संख्या की वजह से शताब्दी, लखनऊ मेल व एसी स्पेशल जैसे वीआईपी ट्रेनों का हाल खराब है। इन सभी ट्रेनों में हर चेयरकार से लेकर स्लीपर तक के खीटें खाली चल रही है। इन ट्रेनों में यात्री न मिलने की वजह डायनमिक फेयर लागू करना। इससे ट्रेनों में 40 फीसदी ही सीटों की बुकिंग हो रही है।

# ऋचा जोगी ने कोर्ट से एक सप्ताह का समय लिया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जनता कांग्रेस जोगी के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की पत्नी ऋचा जोगी द्वारा दायर याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई थी मगर ऋचा जोगी ने यह कहते हुए कोर्ट से एक सप्ताह का समय ले लिया कि उनकी याचिका पर उनकी तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता पैरवी करेंगे। इस तरह उनकी याचिका पर सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी । उल्लेखनीय है कि मरवाही की लड़ाई चुनावी मैदान से होते हुए अब हाईकोर्ट तक पहुंच गई है। उप,चुनाव में नामांकन खारिज किए जाने पर ऋचा जोगी ने याचिका दायर कर छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग नियम 2013 में सितंबर-अक्टूबर 2020 में हुए अनु संशोधन और जिला समिति के नोटिस को चुनौती दी है। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस अध्यक्ष अमित जोगी की पत्नी ऋचा जोगी ने दायर याचिका में बताया है कि साल 1950 के पहले से उनके पूर्वज मुंगेली के पास ग्राम पेंड्री में निवास करते आए हैं। दस्तावेजों में उनकी गोंड जाति दर्ज है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस पीआर रामचंद्र मेनन और जस्टिस पीपी साहू की डिवीजन बेंच में होनी थी। ऋचा जोगी ने कांग्रेस पर विद्वेष की भावना का आरोप लगाया है। ऋचा जोगी ने कहा है, उनके पति अमित जोगी और ससुर स्व. अजीत जोगी मरवाही से विधायक रहे हैं। ससुर अजीत जोगी के निधन के कारण मरवाही सीट पर उपचुनाव हुए मगर चुनाव के पहले कांग्रेस ने जाति प्रमाण पत्र को जिला स्तरीय समिति के जरिए निलंबित करा दिया, जिससे चुनाव न लड़ पाएं। उन्होंने पंजीयक कार्यालय से दस्तावेज के लिए समिति से 7 दिन का समय मांगा था। हालांकि स्टाफ कोरोना संक्रमित होने से कार्यालय को बंद कर दिया गया था। आदिवासी नेता संतकुमार नेताम ने अपने वकील संदीप दुबे और सुदीप श्रीवास्तव के माध्यम से कैविएट फाइल की थी। इसमें आशंका जताई थी कि ऋचा जोगी अपने जाति के संबंध में मुंगेली जिला जाति छानबीन समिति के नोटिस को चुनौती दे सकती हैं।

# शराब और गांजा की तस्करी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले के मरहीमाता भनवारटंक में मादक पदार्थ गांजा की तस्करी व अवैध शराब की बिक्री करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बेलगहना थाना से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस मुखबिर से सूचना मिली एक व्यक्ती काले नीले रंग के हीरो एच.एफ डिलक्स क्रमांक सीजी-10 पी-9392 मे पदार्थ गांजा का परिवहन करते हुए बुढ़ावनड़ाड से भनवारटंक मरहीमाता मंदिर की ओर जा रहा था। तत्काल टीम गठित कर पुलिस द्वारा ग्राम भनवारटंक मरहीमाता मंदिर के पास में मुखबिर के निशानदेही पर हमराह स्टाफ व गवाहों के घेराबंदी कर एक काले नीले रंग के हीरो एच.एफ डिलक्स क्रमांक सीजी 10 पी 9392 में सवार 01 व्यक्ति को रोककर पूछताछ किया गया। आरोपी ने अपना नाम गौतम राठौर पिता संतोष राठौर उम्र 32 वर्ष निवासी साकिन बड़हावनडांड़ थाना गौरेला जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही बताया जिसके बाद तलाशी लेने पर आरोपी के पास से से एक हरे रंग की पॉलीथीन खाकी रंग के टेप से लिपटा 01 पैकेट जिसमें 1 किलो 50 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 12000 रू. बरामद हुआ। मादक पदार्थ गांजा एवम परिवहन में प्रयुक्त मोटरसायकल को जप्त कर लिया गया है। आरोपी पर धारा 20 (बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर किया गया। वहीं भनवारटंक मरहीमाता मंदिर के पास दो अलग अलग व्यक्तियों को अवैध शराब की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

# रायपुर मैट्रिमोनी ऑफिस की संचालिका के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शनिवार को थाना कोतवाली में स्थानीय व्यवसायी ने रायपुर की आपकी मेट्रोमोनी कार्यालय की संचालिका द्वारा मोहित अग्रवाल का बायोडाटा देने के लिए पांच हजार रुपए शुल्क लेकर धोखाधड़ी किए जाने के संबंध में आवेदन दिया गया। आवेदन पर से संचालिका के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि श्वेता विश्वकर्मा उर्फ श्वेता अग्रवाल पुत्री आनंद विश्वकर्मा नामक एक महिला शॉप नंबर 102 प्रथम तल भगत प्लाजा पंडरी रायपुर में आपकी मेट्रोमोनी नाम से कार्यालय खोलकर वैवाहिक संबंध कायम कराने का व्यवसाय करती है। उसके इस कार्य में उसके साथ अनेक सहयोगी भी शामिल है। माह सितंबर में श्वेता विश्वकर्मा के कार्यालय में मोहित अग्रवाल निवासी 1007 नोवा आकृति निहारिका कंपलेक्स साईं बाड़ी अंधेरी ईस्ट मुंबई का विवाह के लिए पंजीयन हुआ था।

जिससे इसकी बहन का विवाह हुआ है। रिपोर्टकर्ता द्वारा मोहित अग्रवाल के उपरोक्त विज्ञापन वास्तव में इसके जीजा मोहित ने ही दिया है अथवा उक्त विज्ञापन किसी और व्यक्ति का है अथवा फर्जी है, जानने के लिए दिनांक 16 /9/ 2020 को श्वेता अग्रवाल को उसके मोबाइल नंबर पर कॉल करके मोहित का बायोडाटा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जिस पर श्वेता विश्वकर्मा, मोहित अग्रवाल का पूरा डाटा बायोडाटा उपलब्ध कराने के लिए पंजीयन शुल्क 5,000 रुपए बताई तो रिपोर्टकर्मा द्वारा गूगल पे द्वारा भुगतान किया। रिपोर्टकर्ता दिनांक 17 सितंबर को जब श्वेता विश्वकर्मा से उसके मोबाइल पर संपर्क किया।

# राउत नाच महोत्सव 5 दिसम्बर को, मिली सहमति

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

देवउठनी एकादशी के बाद अंचल में रावत नाच का दौर शुरू हो जाता है और एक से ब?कर एक दोहों के साथ यदुवंशी नाच का प्रदर्शन करते हैं। इस वर्ष कोरोना के कारण शहर में होने वाले राज्य स्तरीय रावत नाच महोत्सव पर भी संशय था। ऐसे में महापौर रामशरण यादव सहित रावत नाच महोत्सव आयोजन समिती के संयोजक कालीचरण यादव, आर जी यादव, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव (राजू) और सदस्यों के साथ सोमवार सुबह बिलासपुर कलेक्टर सारांश मित्तर से मिल कर हर वर्ष की तहर इस वर्ष भी समाज की इस रावत नाच महोत्सव के आयोजन को लेकर चर्चा की जिसमें कलेक्टर ने कहा कि शासन-प्रशासन की गाइड-लाइन को ध्यान रखते हुए लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में रावत नाच महोत्सव का आयोजन कर सकते है। साथ ही पुलिस प्रशासन भी रावत नाच महोत्सव के दौरान समिती का साथ देगी। महापौर रामशरण यादव ने बताया कि 43 वां रावतनाच महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन से सहमति मिल गई है। देवउठनी के बाद 5 दिसंबर शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में रावत नाच महोत्सव का आयोजन होगा इसमें कोरोना संक्रमण को देखते हुए शोसल डिस्टेंसिंग सहित शासन के अन्य गाइड-लाइन का पूरा ध्यान रखा जाएगा। कलेक्टर से मिले समिती के धन्नू यादव, सतीश यादव, जशवंत यादव, चंद्रिका यादव सहित समिती के अन्य सदस्या गए थे।

**1978 में शुरुआत, 85 से आई भव्यता–** महापौर रामशरण यादव ने बताया कि वर्ष 1978 में राउत नाच महोत्सव की नींव पूर्व मंत्री स्व. बीआर यादव के प्रयासों से मिला। इसका मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना था। इसमें छोटी-छोटी मंडलियां शामिल हुईं। समय के साथ छोटी-छोटी मंडलियों ने संगठित होकर बड़े दल का रूप लिया। वहीं महोत्सव के रूप में इसे भव्यता वर्ष 1985 से लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजन कराने से मिली। उसी साल मुरादाबाद से शील्ड बन कर आई थी। इसे विजेता अगले वर्ष के लिए समिति को लौटा देते हैं। पिछले वर्षों में करीब 100 दल महोत्सव का हिस्सा बनते हैं।

**कोरोना के गाईडलाइन पालन करने की अपील–** महापौर रामशरण ने बताया कि बिलासपुर के रावत नाच महोत्सव का राज्य में अलग ही पहचान बनी है। पहले आसपास के क्षेत्र से ही दल आते थे। लेकिन, जैसे-जैसे प्रसिद्धि बढ़ती गई वैसे ही दलों की संख्या भी बढ़ती गई। आज लगभग पूरे राज्य से यदुवंशी आते हैं। प्रतिवर्ष की भाती इस वर्ष भी शहर में यह आयोजन होगा लेकिन समाज के सभी साथी कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए शासन के गाइड-लाईन का पालन करते हुए महोत्सव में भाग ले।

# आस्था का हुआ आईआईटी खड़गपुर के लिए चयन

- **आस्था पशु चिकित्सा विभाग में पदस्थ गौतम बंजारे की है सुपुत्री**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति विकासखंड के पशु चिकित्सा विभाग में पदस्थ गौतम बंजारे एवं कृषि विभाग में पदस्थ सरिता बंजारे की मेधावी सुपुत्री आस्था बंजारे का आईआईटी खड़गपुर के लिए चयन हुआ है, तथा सुश्री आस्था बंजारे ने 12वीं तक की शिक्षा शहर के प्रतिष्ठित एम एल जैन हायर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की एवं उनकी इस सफलता पर जहां उनके परिवार जनों एवं उनके सहपाठियो ने प्रसन्नता व्यक्त की है, तो सुश्री आस्था बंजारे भी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों एवं गुरुजनों को देते हुए और आगे पढ़ाई करने की इच्छा रखती हैं, एवं आस्था बंजारे प्रारंभ से ही काफी मेधावी एवं कड़ी मेहनत कर अपनी शिक्षा को जारी रखी हुई है, इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आस्था और अधिक ऊंचाइयों को हासिल करना चाहती हैं, उनकी इस सफलता पर उनके पिता गौतम बंजारे ने भी कहा है कि उनकी पुत्री की इच्छा अनुरूप वे निरंतर उन्हें सहयोग करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे हैं।

### संविधान दिवस पर संविधान बचाओ, एन पी एस भगाओ अभियान : चंद्रप्रकाश

**सक्ति।** छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ के द्वारा 26 नवंबर संविधान दिवस के दिन पुरानी पेंशन व्यवस्था को फिर से लागू करने के लिए संविधान बचाओ , एन पी एस भगाओ अभियान चलाया जाएगा,उक्त संबंध में छत्तीसगढ़ अंशदायी पेंशन कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रप्रकाश तिवारी ने बताया कि 26 नवंबर संविधान दिवस के दिन पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित सभी विभागों में कार्यरत शासकीय कर्मचारी जिन्हें एन पी एस का लाभ वर्तमान समय में मिल रहा है,पुरानी पेंशन व्यवस्था को फिर से लागू करवाने की संकल्प लेकर संविधान के प्रस्तावना का वाचन करते हुए अपनी मांगों को सोसल मीडिया फेसबुक , वाट्सअप , ट्विटर के माध्यम से शासन , प्रशासन तक अपनी बातों को पहुंचाएंगे।



## भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है कार्तिक माह

# कार्तिक शुक्ल नवमी पर आंवला पूजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



पूरा कार्तिक महीना भगवान विष्णु को समर्पित है हमारे यहां छत्तीसगढ़ में कार्तिक स्नान की परंपरा प्रत्येक गांव में प्रचलित है लोग पूरे माह भर कार्तिक स्नान करते हैं यह सिलसिला कार्तिक पूर्णिमा तक चलता है शुक्ल पक्ष नवमी को आंवला नवमी के रूप में मनाया जाता है इसे अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है इस दिन जप, तप, ध्यान और दान आदि का अत्यधिक महत्व है साधक को सैकड़ों गुना अधिक पुण्य की प्राप्ति होती है यह बातें श्री दूधाधारी मठ एवं श्री शिवरीनारायण मठ के महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने आंवला नवमी के अवसर पर अभिव्यक्त की प्रातः कालीन बेला में मठ मंदिर में मंगल श्रृंगार आरती पूर्ण होने के पश्चात राजेश्री महन्त जी मठ मंदिर के पुजारियों, संत - महात्माओं एवं श्रद्धालुओं सहित मठ मंदिर के नर्सरी में स्थित है आंवला वृक्ष के पूजन के लिए उपस्थित हुए यहां हरि नाम संकीर्तन के साथ विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुआ आंवला वृक्ष में जल, दूध, सिंदूर, चंदन अर्पित करके आरती की गई।

भगवान श्री हरी बालाजी का जय बुला करके भोग अर्पित किया गया तत्पश्चात आंवला वृक्ष की श्री राम जय राम जय जय राम कीर्तन करते हुए सात परिक्रमा पूर्ण की गई और भोग लगने के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया इस संदर्भ में राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि कार्तिक पवित्र माह माना गया है। यह भगवान विष्णु को समर्पित है। इस महीने में पूजा अर्चना जप तप करने से भगवान नारायण प्रसन्न होते हैं और जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। आंवला नवमी के दिन आंवला वृक्ष के नीचे भजन पूजन के पश्चात भोजन प्रसाद ग्रहण करने पर घर में भंडार हमेशा भरा रहता है। आंवला नवमी पूजन के कार्यक्रम में विशेष रुप से श्री दूधाधारी मठ के मुख्तियार राम छवि दास जी, नागा जी महाराज, पुजारी राम तीरथ दास जी, राम प्रिय दास जी, राम अवतार दास जी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, उमेश गिरी गोस्वामी, वीरेंद्र वैष्णव, नंदलाल फेकर सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# आंवला नवमी पर हुई पूजा अर्चना, वन उद्यान नहीं हो सके गुलजार

- **कोरोना संक्रमण के चलते पर्यटकों में आयी कमी, पहले इंदिरा विहार सहित अन्य उद्यानों में होती थी भीड़**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



हर साल की तरह इस वर्ष भी आंवला नवमीं को लेकर श्रद्धालुओं ने पूरे विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की, लेकिन इस वर्ष कोरोना संक्रमण को देखते हुए वन विभाग के पार्कों में पूर्व की तरह भीड़भाड़ नहीं रही। कुछेक पर्यटक ही वन विभाग के उद्यानों में पहुंचे थे और अपना समय बीता रहे थे। विदित हो कि आंवला नवमीं के अवसर पर लोगों के द्वारा पूर्व से कई तैयारियां की जाती थी, लोग शहर के आसपास वन विभाग के उद्यानों में पहुंच कर परिवार सहित पिकनिक का भी आनंद उठाते थे। पर्यटक आंवला पेड़ के नीचे पूजा अर्चना करने के बाद वनभोज करते थे और अपने परिवार के साथ समय बीताते थे। यही नहीं शहर के सबसे करीब के पिकनिक स्थल इंदिरा विहार में सैकड़ों की संख्या में पर्यटक पहुंचते थे। इसके अलावा रामझरना, बिंजकोट, रॉकगार्डन सहित अन्य पिकनिक स्थल भी पर्यटकों से गुलजार होते थे, पर इस ऐसा कुछ खास देखने को नहीं मिला। कुछेक पर्यटक ही यहां पहुंचे थे। कोरोना संक्रमण के चलते वन विभाग के उद्यानों में शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन कराया जा रहा है। इंदिरा विहार में वहां खाना बनाने पर भी वर्तमान में प्रतिबंध है। कोरोना संक्रमण के चलते पर्यटकों में कमी देखी गई और आंवला नवमी पर पूर्व की तरह वन विभाग के उद्यान गुलजार नहीं हो सके।

# कोंडागांव में सात सौ एकड़ पर होगी काले चावल वाले धान की खेती

## इससे दूर होगी बस्तर तथा प्रदेश की कुपोषण की समस्या

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




कोंडागांव तथा जगदलपुर जिले में इसकी खेती का प्रयोग सफल रहा है, सोनू राम ध्रुव तथा मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के अन्य किसानों ने जैविक पद्धति से की है इसकी सफल खेती कई औषधीय गुणों तथा बेहद महत्वपूर्ण पौष्टिक तत्वों, विटामिनों से भरपूर है, यह काला चावल आज चपका व बेलगांव के प्रगतिशील कृषक समूह अपने दल प्रमुख सोनू राम ध्रुव तथा वन अधिकारी कश्यप जी के नेतृत्व में मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म तथा रिसर्च सेंटर कोंडागांव निरीक्षण भ्रमण हेतु पहुंचा। उल्लेखनीय है कि सोनू राम जी पहले से ही मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के साथ मिलकर अपने खेतों में काली मिर्च तथा ऑस्ट्रेलियन की सफलता पूर्वक खेती कर रहे हैं।

इस वर्ष औषधीय गुणों से भरपूर काला चावल वाले धान का रोपण भी किया है। इस काले चावल वाले धान की भी जैविक पद्धति से कृषि करने तथा इससे प्राप्त जैविक उत्पादन के उचित विपणन हेतु उन्होंने मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के साथ जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। काले चावल वाले धान के महत्व व गुणों को देखते हुए मां दंतेश्वरी हर्बल समूह ने भी इसकी खेती प्रारंभ की है वर्तमान में इसकी खेती जगदलपुर जिले में स्थित खेतों में की जा रही है। आगामी खरीफ खेती में काले चावल वाले धान को श्री पद्धति से कोंडागांव जिले में भी बड़े पैमाने पर लगाया जाएगा। श्री पद्धति से 1 एक एकड़ में केवल 5 से 6 किलो धान के बीज की आवश्यकता पड़ती है जबकि उत्पादन सामान्य रोपाई की तुलना में ज्यादा आता है। आगामी वर्ष में लगभग 700 एकड़ में काले धान को लगाने की योजना है। आवश्यकतानुसार इस खेती का जैविक प्रमाणीकरण भी करवाया जायेगा।

इस धान की खेती करने वाले किसानों के लिए मां दंतेश्वरी हर्बल समूह शत-प्रतिशत पुनर्खरीद की व्यवस्था भी करने जा रहा है। ध्यान देने योग्य बात है कि इस औषधीय काले चावल में कई तरह के विटामिन तथा पोषक तत्व पाए जाते हैं जिससे मनुष्य को डायबिटीज तथा अन्य बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है या बेहद ही पौष्टिक तथा गुणकारी है । बस्तर तथा छत्तीसगढ़ का मुख्य भोजन चावल ही है। इससे बस्तर तथा प्रदेश की कुपोषण की समस्या को दूर करने में भी मदद मिलेगी।

# स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए दवा अभियान का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com.



स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रदेश में सामूहिक दवा सेवन अभियान का ऑनलाइन शुभारंभ किया। उन्होंने फाइलेरिया रोधी दवा का स्वयं सेवन कर अभियान की शुरूआत की। अभियान के तहत 23 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सरगुजा जिले के सभी विकासखंडों तथा सूरजपुर जिले के प्रेमनगर, रामानुजनगर और सूरजपुर विकासखंड में दो वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा खिलाई जाएगी। इस दौरान एक वर्ष से 19 वर्ष की आयु के बच्चों व किशोरों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल का भी सेवन कराया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि फाइलेरिया से बचाव के लिए सभी नागरिकों को निर्धारित मात्रा में इसकी दवा का सेवन करना चाहिए। ये दवाएं पूर्णतः सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना से ल?ने के साथ ही हम अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर भी पूरा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। देश से वर्ष 2021 तक फाइलेरिया को खत्म करने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए कोविड-19 महामारी के दौरान भी लोक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सरगुजा से आज सामूहिक दवा सेवन अभियान की शुरुआत की जा रही है।

सिंहदेव ने बताया कि अभियान के तहत 23 नवम्बर को शासकीय अस्पतालों और स्वास्थ्य

केंद्रों में फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाएगा। उसके बाद 24 नवम्बर से 26 नवम्बर तक मितानिनें और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। अभियान के आखिरी चरण में 27 नवम्बर से 30 नवम्बर तक दवा खाने से छूट गए लोगों के लिए मॉप-अप राउंड संचालित किया जाएगा। अभियान के ऑनलाइन शुभारंभ कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में अपर निदेशक डॉ. नुपूर राय, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, विधायक डॉ. प्रीतम राम, अंबिकापुर के महापौर डॉ. अजय तिर्की, राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार, ग्लोबल हेल्थ स्ट्रेटजीज के प्रतिनिधि श्री अनुज घोष भी वीडियो कॉन्फ्रेंस से शामिल हुए।

# द्वितीय चरण के 126 नए गौठानों में 1 दिसम्बर से की जाएगी गोबर खरीदी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि द्वितीय चरण के 126 गौठानों में 1 दिसम्बर से गोबर खरीदी की जानी है इसके लिए तैयारी प्रारंभ करें। कृषि अधिकारी को 126 गौठानों के लिए नोडल अधिकारी बनोन के निर्देश दिए और गौठानों के समिति के अध्यक्षों को एप के माध्यम से पंजीयन करवाने के लिए भी कहा है। गोबर विक्रेताओं का भी एप के माध्यम से अपेक्स बैंक में खाता खोलन के निर्देश दिए है। उन्होंने गौठानों में बनाए जा रहे वर्मी कम्पोस्ट खाद की भी जानकारी ली और अपेक्स के माध्यम से विक्रय करने के निर्देश दिए है साथ ही वर्मी कपोस्ट खाद की ऑनलाईन एन्ट्री के लिए कहा है। कृषि अधिकारी ने बताया कि बंगुरकेला के गुलाब स्व-सहायता समूह के माध्यम से बंगुरकेला के किसान निरंजन साय ने 300 किलोग्राम वर्मी खाद खरीदा है किसान अब अपने खेतों के लिए वर्मी कपोस्ट खाद की खरीदी करने लगे है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के.एस.मण्डावी, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, वनविभाग और सूचना एवं प्राद्योगिकी के मैनेजर उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कृषि अधिकारी को गौठान समिति के अध्यक्षों को भी खाता खोलने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि द्वितीय चरण के 126 गौठानों के लिए 63 लाख की गोबर खरीदने के लिए राशि अध्यक्षों के खाते में जमा करा दी गई है। प्रत्येक गौठानों को 50 हजार के मान से राशि दी गई है। उन्होंने वनविभाग को आावर्तीचराई के अंतर्गत चिन्हांकित 10 गौठानों में कोटना और पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है साथ ही गौठानों के लिए वन प्रबंधन समिति को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए है और 01 दिसम्बर से गौठानों में गोबर खरीदी प्रारंभ करने के लिए कहा है। साथ ही वनप्रबंधन समिति का नाम नंबर एवं अन्य जानकारी देने के लिए कहा है ताकि अपेक्स बैंक में खाता खोलने की प्रक्रिया की जा सके।

# सिंचाई कॉलोनी को बनायेंगे प्राइवेट बिल्डर्स, टेंडर जल्द

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सिंचाई कॉलोनी के पुराने जर्जर मकानों की जगह नए आवासीय व कमर्शियल प्लान के तहत होने वाले नए निर्माण पीपीपी मॉडल की तर्ज पर होंगे। प्राइवेट बिल्डर कॉलोनी का निर्माण करेंगे, जिससे प्रॉफिट का एक हिस्से राज्य शासन को मिलेगा। कॉलोनी के जीर्णोद्धार होने के बाद बनने वाले नए मकानों की कीमत प्राइवेट बिल्डर तय करेंगे, जिसकी वजह से संभावना है कि मकान और जगह की कीमत दूसरी कॉलोनियों से महंगी होगी। जानकारी के मुताबिक राज्य शासन के अहम निर्णय लेने के बाद यह तय हो गया है कि मकानों का निर्माण हाउसिंग बोर्ड के नियंत्रण में होगा। पीपीपी मॉडल में प्राइवेट बिल्डरों से टेंडर बुलवाए जाएंगे। मकान निर्माण से लेकर उसे बेचने तक का काम प्राइवेट बिल्डर करेंगे, जिसमें से होने वाले प्रॉफिट का हिस्सा राज्य शासन के खाते में जाएगा। अफसरों का कहना है, अभी प्राइमरी स्टेज में फैसला होने के बाद बड़े रकबे के लिए दोबारा से नक्शा प्लान बनाया जा रहा है। पहले बनाए गए ड्राइंग-डिजाइन के हिसाब से आवासीय प्लान के तहत मकानों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया गया था, लेकिन अब बताया जा रहा है कि कमर्शियल प्लान के तहत होने वाले निर्माण में बड़े शॉपिंग कांप्लेक्स भी बनाए जाएंगे। प्राइवेट बिल्डर इसके लिए ड्राइंग-डिजाइन तैयार करेंगे। हाउसिंग बोर्ड टेंडर जारी करेगा। 19 एकड़ में पीपीपी मॉडल से निर्माण कार्य सिंचाई कॉलोनी के 19 एकड़ जमीन में आम लोगों के लिए आवासीय व कमर्शियल प्लान लांच किया जाएगा। पीपीपी मॉडल की शर्त पर बिल्डर निर्माण कार्य करेंगे। बताया गया है कि यहां पर पुराने ड्राइंग-डिजाइन के हिसाब से लोगों के लिए डुप्लेक्स बंगले और फ्लैट की स्कीम शामिल है। इधर एक कमर्शियल कांप्लेक्स के लिए नक्शा फाइनल है। यह प्रोजेक्ट पूरा होने में ढाई साल से भी ज्यादा का वक्त लग जाएगा। 100 साल पुरानी कॉलोनी में पहले 300 नए मकान अफसरों का कहना है, पूर्व में बनाए गए ड्राइंग के हिसाब से सबसे पहले 300 मकान बनाए जाएंगे। यह मकान रिजर्व कोटे के होंगे। सिंचाई कॉलोनी में बने मकान लगभग 100 साल पुराने बताए गए हैं।

# पुलिस एक्शन मोड पर, अड्डेबाजों पर बरसी लाठियां, 20 चाकूबाज धरे गए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com.

राजधानी पुलिस ने गुंडे-बदमाश, निगरानी बदमाश, चाकूबाज और अड्डेबाजों का इस बार जमकर बाजा बजाया है। रात के सन्नाटे में पुलिस जवान से लेकर अफसर तक सड़कों पर उतरे और राहगीरों की तलाशी ली। इस दौरान चाकूबाज, चाकू लेकर घूमने वाले, आवासीय कालोनियों में आधी रात तक धमाचौकड़ी मचाने वालों को पुलिस ने दबोच लिया। रातभर चले अभियान में करीब 20 चाकूबाज, 5 डकैती की योजना बना रहे डकैतों समेत कई दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया। दरअसल जिलेभर के शहरी और ग्रामीण के कुल करीब 31 थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बेवजह आधी रात अड्डेबाजी-गुटबाजी करने वालों के खिलाफ शनिवार रात जांच अभियान चलाया। इनमें आर्म्स एक्ट, डकैती की योजना, प्रतिबंधात्मक समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा गया। हिस्ट्रीशीटर और निगरानी बदमाश भी गिरफ्तार अफसरों के मुताबिक पुलिस के चंगुल में दर्जनभर ऐसे आरोपी फंसे हैं, जो हिस्ट्रीशीटर या निगरानी बदमाश हैं। इनके खिलाफ राजधानी के कई थानों में केस दर्ज हैं। इसके बाद भी ये आधी रात चाकू लेकर सड़कों पर बेखौफ घूम रहे थे। सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। इतने चाकूबाज पकड़े गए पुलिस के मुताबिक जिलेभर के थाना क्षेत्रों में 26 आरोपियों को चाकू-तलवार के साथ गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 26 चाकू-तलवार और फरसा जब्त किया गया है। वहीं तीन आरोपियों को शराब के साथ पकड़ा गया। चार आरोपियों को नशे के टेबलेट व गांजा के साथ पकड़ा गया। कुल 36 आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार तेलीबांधा पुलिस के मुताबिक आरोपी राजा नायडू निवासी पुराना काशीराम नगर, शेख अजहर उर्फ विक्की तेलीबांधा, भूपेंद्र उर्फ छोटू बाग निवासी काशीरामनगर, रॉकी उर्फ राकेश निवासी लभांडी और गोपी उर्फ राहुल आहूजा निवासी गली नंबर-3 को ऊर्जा पार्क के पास डकैती डालने की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया।

# मोहरेंगा की तर्ज पर नवा रायपुर को ग्रीन बेल्ट बनाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



शहर से 40 किलोमीटर दूर प्राकृतिक स्थल मोहरेंगा को संवारने के बाद वन विभाग के अफसर अब नवा रायपुर के ग्रीन बेल्ट को संवारने की तैयारी में जुट गए हैं। इसके लिए एनआरडीए ने वन विभाग को ग्रीन बेल्ट एरिया को चिन्हांकित कर देने के लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी है। उल्लेखनीय है कि नवा रायपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने तथा पूरी तरह से ग्रीन बेल्ट में परिवर्तित करने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। यहां ग्रीनरीज को नया रूप देने के लिए तथा लोगों को वहां आने के लिए प्रेरित करने मोहरेंगा की तर्ज पर संवारने की योजना वन विभाग के अफसरों ने बनाई है। ऐसे जगहों को चिन्हांकित कर बायोडायवर्सिटी पार्क पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा। नवा रायपुर के चारों ओर 80 वर्ग किलोमीटर के एरिया में ऐसे ग्रीनरीज की वन विभाग के अफसर खोजबीन करने के बाद एनआरडीए को सूची सौंपेंगे।

मनोरंजन के साथ पेड़ों की होगी रक्षा वन विभाग की इस योजना से लोगों के घूमने-फिरने के लिए जहां नए स्पॉट मिलेंगे, वहीं प्रकृति को सहेजने में मदद मिलेगी।

# नौकरियों में आई कमी, छात्रों को दस्तावेजों की नहीं पड़ रही आवश्यकता



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि में इस वर्ष डिग्री, माइग्रेशन, अंकसूची सहित अन्य दस्तावेजों के लिए अपेक्षाकृत कम आवेदन मिले हैं। कोरोना के कारण लंबे वक्त से किसी बड़ी प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है। निजी क्षेत्रों में भी नौकरियों में कमी आई है। इस कारण छात्रों को इन दस्तावेजों की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। ऐसे में मौजूदा सत्र में इनके लिए आवेदन संख्या घटकर आधी ही रह गई है। नामांकन को छोड़कर अन्य किसी भी श्रेणी में 10 हजार से अधिक आवेदन नहीं मिले हैं। उपाधियों के लिए छात्रों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। आवेदन कम होने के कारण इसका निपटान भी जल्द हो रहा है। रविवि द्वारा अर्जेंट डिग्री का विकल्प ऐसे छात्रों के लिए दिया गया है, जिन्हें इसकी तत्काल जरूरत होती है। परिस्थितियों के कारण छात्र अर्जेंट डिग्री के लिए आवेदन करने के स्थान पर सामान्य आवेदन ही कर रहे हैं।




# मरकामगोढ़ी में मितानिनों को श्रीफल एवं शाल देकर सम्मानित किया गया



**सक्ती।** ग्राम पंचायत मरकाम गोढ़ी के भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुमार धर्मेंद्र सिंह जनपद सदस्य ने सभी मितानिनों का श्रीफल एंव शाल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होता हैं। वर्तमान कोरोंना के समय में भी अपने कर्तव्यों के निभाते हुए कोरोंना वोरीयर बनते जनता को जागरुक किए। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403